
य एषु सुप्तेषु जागर्ति
वर्ष : 19 | अंक : 328 | पृष्ठ 12 | ₹5.00
patrika.com /rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika
दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# राजस्थान पत्रिका

नई दिल्ली, शनिवार, 22 जून, 2024 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, संवत् 2081



तेज गेंदबाज कमिंस ने बनाई हैट्रिक, ऑस्ट्रेलिया ने लगातार 5वीं जीत दर्ज की @स्पोर्ट्स&गेमिंग



ग्लोबल वार्मिंग से जानलेवा गर्मी की आशंका 35 गुना बढ़ी @इंडिया&वर्ल्ड



स्वास्थ्य बीमा हो सकता है सस्ता, जीएसटी दर 5% करने की मांग @बिजनेस&वेल्थ

## पेपर लीक; सोचा-समझा देशद्रोह

गुलाब कोठारी

लक्ष्मी के पुजारी क्या-क्या नहीं कर डालते लक्ष्मी को घर में बांधने के लिए। किसी को भी मां के दूध की लाज नहीं आती। मां खुद तो लक्ष्मी दिखाई ही नहीं देती। आज तो मां को घर से निकालकर उसके कमरे में नोट भरने का जमाना आ गया है। सरकार किसी की भी हो, वातावरण एक जैसा है। किसी के व्यक्तित्व को गिराना हो, किसी को निकम्मा बनाना हो, अत्याचारी बनाना हो तो उसे सरकार में नौकरी लगा दो। वैसे तो नौकर अपने लिए जीता कहां है? सारी शिक्षा-जीवनकाल अन्य के आदेशों/निर्देशों की पालना में ही लगाता है। उसके लिए स्वतंत्रता कैसी! अधिकांश शासक वर्ग भी लक्ष्मी के पीछे ही दौड़ रहा है। शासक एवं नौकर का भेद भी समाप्त हो गया।

शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग में जो पेपर-लीक के मामले बढ़ रहे हैं, वे नियोजित हैं। करोड़ों छात्रों का भविष्य दांव पर है। होगा, इनकी बला से। सड़कें-पुल दो महीने चलें, कोई मरे- इनकी बला से। नकली अंग प्रत्यारोपण-नकली दवाइयां - झूठे टेस्ट- झूठे क्लेम- कमीशनखोरी जैसे नैतिक मुद्दे बन गए आज। कागज के टुकड़े बटोरने- माफिया का पेट भरने- जनता को पंगु बनाने के लिए ही सब जी-जान से जुटे हैं। लोकतंत्र के तीनों पाए बदनामी सुनकर सिर भले ही नीचा कर लें, अपने देशवासियों का सम्मान नहीं करेंगे। उनके धन से पेट पालते हैं, उनकी ही पीठ पर छुरा घोंपते हैं। भले ही इनके खुद के बच्चे भी प्रभावित हों।

पिछले पांच साल में पन्द्रह राज्यों में 41 से ज्यादा परीक्षाएं रद्द हुई हैं। लगभग डेढ़ करोड़ बच्चों का भविष्य प्रभावित हुआ है। कितने अधिकारी-नेता गुलछर्रे उड़ा रहे होंगे। यह हमारा लोकतंत्र है, हमारी चुनी हुई सरकारें हैं। हमारा ही गला घोंट रही हैं। अपनों को मूर्ख बनाकर ठगने में गर्व महसूस करते हैं। इतने बड़े घोटालों के बाद जांचें भी बैठी होंगी, कारण भी सामने आए होंगे। किसी को न सजा सुनाई गई न ही किसी को बर्खास्त किया गया। ये भी अंग्रेज ही निकले।

देश में कानूनों की कमी नहीं है। लोगों की कमी नहीं है। सरकारें रोज नए कानून लाती रहती हैं। उसके कर्मचारी- नौकर ही कानूनों की धज्जियां उड़ाते रहते हैं। केन्द्र सरकार का लोक परीक्षा- अनुचित साधन निवारण बिल- 2024 लोकसभा में पास हुआ था। कोई प्रभाव नहीं पड़ा। देश भर में छात्रों के भविष्य से पेपर माफिया होली खेल रहा है। जम्मू से आंध्र, गुजरात, महाराष्ट्र, असम चारों ओर त्राहि-त्राहि मची रहती है। सारी जांचें मिलकर भी इन परीक्षा लेने वालों के प्रति विश्वास पैदा नहीं कर पाई।

ठगी के आंकड़ों में राजस्थान सबसे आगे। रीट-2021, लाइब्रेरियन भर्ती परीक्षा, वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा, स्वास्थ्य सहायक संविदा भर्ती परीक्षा, पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा, कोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा...बस गिनते जाओ। स्पर्धा में सक्षम नहीं@पेज04

gulabkothari@epatrika.com

**अधिसूचना जारी :** सरकारी अधिकारी शामिल हुआ तो 10 साल की कैद और 1 करोड़ जुर्माना

# एंटी-पेपर लीक कानून लागू, गड़बड़ी करने पर 5 साल तक की सजा, 10 लाख का जुर्माना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने नीट यूजी और यूजीसी-नेट परीक्षा को लेकर मचे बवाल के बीच एक बड़ा कदम उठाते हुए देश में 'लोक परीक्षा कानून-2024' लागू कर दिया है। ये कानून पेपर लीक और धोखाधड़ी को रोकने के लिए फरवरी में पारित किया गया था। केंद्र सरकार ने शुक्रवार देर रात इसकी अधिसूचना जारी कर दी। नए कानून के तहत पेपर लीक करने या आंसर शीट के साथ छेड़छाड़ करने का दोषी पाए जाने वाले को कम से कम तीन साल जेल की सजा मिलेगी। इसे 10 लाख रुपए तक के जुर्माने के साथ पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है। वहीं परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े ऐसे सेवा प्रदाताओं पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है जिन्होंने गड़बड़ी की जानकारी होने पर भी रिपोर्ट नहीं की हो। इसके साथ ही जांच के दौरान पता चलता है कि इस अपराध में सरकारी अधिकारी शामिल हैं या उनकी अनुमति से अपराध हुआ है तो उसे न्यूनतम तीन वर्ष और अधिकतम 10 वर्ष की कैद की सजा हो सकती है। वहीं 1 करोड़ का जुर्माना देना होगा। इस कानून के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की तरफ से आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं आएंगी। शेष@पेज04

## नीट-यूजी विवाद : सीसीटीवी खराब, स्ट्रॉन्ग रूम में गार्ड नहीं; कई केंद्रों पर खामियां

**नई दिल्ली.** नीट-यूजी परीक्षा 2024 को लेकर जारी विवाद के बीच एक और बड़ा खुलासा हुआ है। एक स्वतंत्र एजेंसी की रिव्यू टीम की जांच में पाया गया कि पांच मई को नीट के कई परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा मानकों का उल्लंघन हुआ। कई केंद्रों पर अनिवार्य दो सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे थे और कुछ जगह प्रश्न पत्र रखने वाले स्ट्रॉन्ग रूम खुले पाए गए। वहां सुरक्षा गार्ड नहीं थे। सुरक्षा को लेकर यह जांच एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के निर्देश पर इस टीम को सौंपी गई थी। जांच का मकसद परीक्षा के दिन केंद्रों पर निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन नहीं होने और अन्य गड़बड़ी की पहचान करना था। रिव्यू टीम ने 4,000 में से 399 परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। ये केंद्र एनटीए और टीम ने आपसी सहमति से चुने थे। टीम ने 16 जून को रिपोर्ट एनटीए को सौंपी थी। यानी परीक्षा परिणाम घोषित होने के 12 दिन बाद रिपोर्ट सौंपी गई। रिव्यू टीम के मुताबिक 399 में से 186 केंद्रों (46 फीसदी) पर परीक्षा कक्ष में अनिवार्य दो सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे थे। शेष@पेज04



**जम्मू.** नीट-यूजी में गड़बड़ियों के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### बायोमेट्रिक स्टाफ की भी गड़बड़ी

1 रिव्यू टीम की रिपोर्ट के मुताबिक 83 **केंद्रों पर बायोमेट्रिक स्टाफ,** उन कर्मचारियों से अलग था, जिन्हें उन केंद्रों के लिए नामित किया गया था।

2 टीम ने यह जांच भी की कि **परीक्षा केंद्रों पर जैमर काम कर रहे हैं** या नहीं और सभी कमरों को कवर कर रहे हैं या नहीं।

3 परीक्षा केंद्र पर लोगों की आवाजाही के साथ यह भी देखा गया कि केंद्र पर **पर्याप्त संख्या में निरीक्षक, सीसीटीवी स्टाफ** और अन्य जरूरी कर्मचारी मौजूद थे या नहीं।

### आरोपियों की बेल पर सुनवाई टली

**पेपर** लीक के आरोपियों की जमानत याचिका पर शुक्रवार को पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई होनी थी, लेकिन पुलिस गेस्ट हाउस की डायरी लिए बगैर कोर्ट पहुंची। कोर्ट ने डायरी लाने का आदेश देते हुए सुनवाई टाल दी। अब 25 जून को सुनवाई होगी।

## सीएसआइआर-यूजीसी-नेट परीक्षा भी स्थगित


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली .** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सीएसआइआर-यूजीसी-नेट परीक्षा भी स्थगित कर दी है। यह परीक्षा 25 जून से 27 जून के बीच होने वाली थी। एनटीए ने कहा कि कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों और संचालन से जुड़े मुद्दों के कारण परीक्षा को स्थगित किया जा रहा है। परीक्षा का संशोधित शेड्यूल जल्द आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। संयुक्त सीएसआइआर-यूजीसी नेट परीक्षा जूनियर रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार और सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और पीएचडी में प्रवेश के लिए भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए आयोजित की जाती है।

इससे पहले, शिक्षा मंत्रालय ने हाल ही में यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने का एलान किया था। एनटीए द्वारा कराई जाने वाली नीट की मेडिकल प्रवेश परीक्षा पहले ही सवालों के घेरे में हैं। सुप्रीम कोर्ट इसकी समीक्षा कर रहा है। अब सीएसआइआर-यूजीसी-नेट परीक्षा स्थगित होने से गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**यह कैसा पागलपन**

## हवा में लटक कर रील बनाने वाले युवक-युवती गिरफ्तार



**पुणे (महाराष्ट्र)@पत्रिका.** पुणे के जंभुलवाड़ी इलाके में रील बनाने के लिए 10 मंजिला ऊंची इमारत से दोस्त का हाथ पकड़कर हवा में लटकने युवती और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। भारतीय विद्यापीठ पुलिस थाना पुलिस ने बताया कि युवक की पहचान मिहिर गांधी (27) और युवती की पहचान मीनाक्षी सालुंखे (23) के रूप में हुई है। रील बनाने वाला तीसरा साथी फरार है। पुलिस ने धारा 336 के तहत मामला दर्ज किया है। उन्हें छह महीने तक की जेल और जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

## न्यूज विंडो

### हार के बाद मुद्रगदा ने बदल लिया नाम

**अमरावती@ पत्रिका.** वाईएसआरसीपी के नेता मुद्रगदा पद्मनाभम ने अपना नाम बदलकर पद्मनाभ रेड्डी रख लिया है। आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने कहा था कि वह जनसेना प्रमुख पवन कल्याण से हार गए तो नाम बदल देंगे। वह हार गए थे। उन्होंने कहा, किसी ने मुझे नाम बदलने के लिए मजबूर नहीं किया। मैंने इच्छा से बदला है।

### हिंदुजा परिवार के 4 सदस्यों को जेल

**जेनेवा. @ पत्रिका.** स्विटजरलैंड की अदालत ने ब्रिटेन के सबसे अमीर परिवारों में से एक हिंदुजा परिवार के चार लोगों को भारत से लाए स्टाफ के शोषण के मामले में दोषी करार देते हुए जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी कमल हिंदुजा को साढ़े चार साल और बेटे अजय व उनकी पत्नी नम्रता को चार साल की सजा दी।

### भारत-बांग्लादेश के बीच मुकाबला आज

**एंटीगा@ पत्रिका.** भारत और बांग्लादेश के बीच शनिवार को एंटीगा आइसीसी टी-20 विश्व कप सुपर आठ का मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय टीम ग्रुप-1 का अपना पहला मैच जीत चुकी है जबकि बांग्लादेश को हार का सामना करना पड़ा है। मैच का प्रसारण भारतीय समयानुसार रात 8.00 से होगा। विस्तृत@स्पोर्ट्स&गेमिंग

**अनोखा प्रयास :** 33 प्रजातियां हो चुकी हैं विलुप्त

## हनीक्रीपर को बचाने के लिए हेलिकॉप्टर से छोड़ रहे मच्छर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**हवाई (अमरीका).** अपने चमकीले रंग के लिए पहचाने जाने वाली दुर्लभ चिड़िया हनीक्रीपर को बचाने के लिए हवाई द्वीप समूह में अनोखे प्रयास शुरू किए गए हैं। हेलिकॉप्टर से हर सप्ताह ढाई लाख मच्छरों को वातावरण में छोड़ा जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि हनीक्रीपर को बचाने के लिए अंतिम प्रयास है। उम्मीद है, हम इसमें कामयाब होंगे।

हनीक्रीपर हवाई द्वीप में पाई जाने वाली 50 से अधिक प्रजातियों व उप-प्रजातियों का समूह है। इनमें से 33 प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं। यह समूह विलुप्त होने के कगार पर है। हनीक्रीपर्स ऊंचे पहाड़ों पर रहते हैं। कई हनीक्रीपर्स को 1800 के दशक में मच्छरों से फैले एवियन मलेरिया ने खत्म कर दिया था। इस बीमारी की प्राकृतिक प्रतिरक्षा नहीं होने से हनीक्रीपर्स की संक्रमित मच्छरों के काटने से मौत हो जाती है।



### बैक्टीरिया से मिलेगी बचाने में सहायता

**माउई** के हेलेकाला राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारी क्रिस वारेन ने बताया कि हनीक्रीपर्स को बचाने के लिए इस सप्ताह 2.5 लाख नर मच्छरों को हेलिकॉप्टर से छोड़ा गया। इनमें प्राकृतिक रूप से वोलबैचिया नाम का बैक्टीरिया पाया जाता है। यह जन्म दर रोकने में कारगर होता है। बैक्टीरिया जंगली मादा मच्छरों के अंडों को फूटने से रोकता है। इससे मच्छरों की आबादी कम की जा सकती है। अब तक एक करोड़ मच्छरों को छोड़ा जा चुका है।

**निर्वाचन आयोग :** तीन राज्य के साथ भी हो सकते हैं चुनाव

## जम्मू-कश्मीर चुनाव की तैयारी शुरू, वोटर लिस्ट अपडेट करने का आदेश

25 जुलाई को **मतदाता सूची के ड्राफ्ट** का प्रकाशन

09 अगस्त तक **दावे और आपत्तियों का निस्तारण**

20 अगस्त को **अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित**

**श्रीनगर@पत्रिका.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में चुनाव की तैयारी शुरू होने की घोषणा के एक दिन बाद भारत निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को राज्य की मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त संशोधन का आदेश दिया। आयोग ने जम्मू-कश्मीर के साथ तीन अन्य राज्यों महाराष्ट्र, हरियाणा व झारखंड में भी विशेष संक्षिप्त संशोधन का आदेश दिया है, जहां इस साल के अंत में चुनाव होंगे।

पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने का निर्देश दिया था। आयोग की ओर से जम्मू कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजे पत्र में कहा कि राज्य में इस साल के अंत में चुनाव कराए जाएंगे। शेष@पेज04

### पहले योग... फिर सेल्फी



**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को श्रीनगर के शेर-ए कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में योग करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। उन्होंने योग के बाद सेल्फी भी ली। संबंधित@पेज 04

**राहत पर रोक :** ईडी पक्षपात से मुक्त नहीं-ट्रायल कोर्ट

## हाईकोर्ट में सुनवाई होने तक केजरीवाल की रिहाई टली

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट से मिली जमानत पर शुक्रवार को रोक लगा दी। जमानत को ईडी ने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की। हाईकोर्ट कहा कि जब तक वह मामले पर सुनवाई नहीं कर लेता, केजरीवाल की रिहाई पर रोक रहेगी।

जस्टिस सुधीर कुमार जैन और जस्टिस रविंद्र दुदेजा की वेकेशनल बेंच ने कहा कि केस की फाइल आने पर ईडी की स्थगन याचिका पर सुनवाई की जाएगी। दो-तीन दिन में याचिका पर आदेश पारित कर दिया जाएगा। कोर्ट ने वकीलों को सोमवार तक लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा है। केजरीवाल के वकीलों ने ईडी की याचिका का विरोध किया। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। इसके 51 दिन बाद चुनावों में प्रचार के लिए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 10 मई से एक जून तक अंतरिम जमानत दी थी। उन्होंने दो जून को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण कर दिया था। शेष@पेज04



### केजरीवाल है टॉम, डिक या हैरी : सिब्बल

**मुख्यमंत्री** केजरीवाल को जमानत देने के विशेष अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक के बाद सुप्रीम कोर्ट के वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए अदालतों के भिन्न-भिन्न रवैये पर तंज कसा। सिब्बल ने लिखा, 'जज ने कथित यौन शोषण मामले में येडियूरप्पा को अग्रिम जमानत दे दी और कहा- वह कोई टॉम, डिक या हैरी नहीं है। शेष@पेज04

ट्रेंडिंग न्यूज

**भीमा कोरेगांव केस**

### महेश राउत को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली@पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भीमा कोरेगांव मामले के आरोपी महेश राउत को दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए 10 दिन की अंतरिम जमानत दे दी। राउत को माओवादियों के साथ संबंध रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।



**कांग्रेस**

### अधीर रंजन ने छोड़ा प्रदेश अध्यक्ष पद

**कोलकाता@पत्रिका.** पूर्व सांसद अधीर रंजन चौधरी ने पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कांग्रेस कमेटी की राज्य इकाई की बैठक के बाद इस्तीफे की घोषणा की। बैठक चुनावों में राज्य में पार्टी के खराब प्रदर्शन के कारणों की समीक्षा के लिए बुलाई थी।

**आदेश**

### 'महाराज' के ओटीटी रिलीज पर लगी रोक हटी

**नई दिल्ली@पत्रिका.** गुजरात हाईकोर्ट ने आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'महाराज' के ओटीटी रिलीज पर लगी रोक हटा दी है। कोर्ट ने फिल्म देखने के बाद स्ट्रीम करने की अनुमति दी। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म 'हमारे बारह' के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया।



'शरीर ही ब्रह्माण्ड' में आज **प्राणायाम-ब्रह्म का यात्रा पथ** पढ़ें@पत्रिकायन

**मिशन सैल की सिफारिश** | 2025 में मेजबान देश की घोषणा करेगी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति

# भारत में हुआ 2036 का ओलंपिक तो योग, खो-खो और कबड्डी को किया जाएगा शामिल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी के बाद अब भारत की नजरें 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी पर हैं। इसके लिए काफी समय से भारतीय खेल प्राधिकरण की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) तैयारी में जुटी है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय खेल प्रशासक 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों के दौरान दावेदारी हासिल करने के लिए जोर-शोर से लॉबिंग करेंगे। एमओसी ने ओलंपिक की मेजबानी का दावा करने से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट खेल मंत्री मनसुख मांडविया को पेश की है।



**अहमदाबाद** में प्रस्तावित सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव।

### तो अहमदाबाद में होगा खेलों का आयोजन

**भारत** ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने में सफल रहा तो इसका आयोजन अहमदाबाद में हो सकता है। अहमदाबाद और गांधीनगर में ओलंपिक मानक के बुनियादी ढांचे की योजना और क्रियान्वयन की देखरेख के लिए जुलाई 2023 में गठित विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) ने अहमदाबाद के मोटेरा इलाके में 300 एकड़ का सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव बनाने के लिए 6,000 करोड़ रुपए का मास्टर प्लान प्रस्ताव तैयार किया है।

### आइओसी को प्रभावित करना होगा

**भारत** को यदि ओलंपिक की मेजबानी हासिल करनी है तो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओए) को प्रभावित करना होगा। एमओसी के एक सदस्य ने कहा, हमें पेरिस ओलंपिक के दौरान आइओसी के साथ लॉबिंग करनी होगी और हम अपने पूरे प्लान के साथ इसके लिए तैयार हैं।

### इन देशों से मिलेगी कड़ी चुनौती...

भारत को ओलंपिक की मेजबानी हासिल करने के लिए कतर, सऊदी अरब, चीन, हंगरी, इटली, जर्मनी, डेनमार्क, कनाडा, स्पेन, पोलैंड, मैक्सिको, दक्षिण कोरिया, मिस्र, चिली, तुर्की और इंडोनेशिया से कड़ी चुनौती मिलेगी।

### छह स्वदेशी खेलों को शामिल करने की योजना

**एमओसी** की योजना है कि भारत को ओलंपिक की मेजबानी मिलती है तो उसमें स्वदेशी खेलों को भी शामिल किया जाए। इसके तहत छह खेलों योग, टी-20 क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, स्क्वैश व शतरंज को जगह मिलेगी। इन प्रस्तावित खेलों को इससे पहले 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक में प्रदर्शन खेलों के रूप में शामिल किया जाएगा। इसके बाद ओलंपिक 2036 में शामिल करने पर विचार होगा।

**कितना खर्च:** पेरिस ओलंपिक खेलों का कुल बजट 39 हजार करोड़ रुपए है। भारत यदि 2036 ओलंपिक की मेजबानी करेगा तो उसे हजारों करोड़ रुपए खर्च करने होंगे।

### यों मिलती है मेजबानी

- 2019 के बाद आइओसी ने बोली प्रक्रिया खत्म कर दी है। अब वह इच्छुक दावेदार से सीधे बात करती है। आइओसी ने प्लानर्स और प्रेजेंटेशंस को हटा दिया है।
- आइओसी दावेदार देश की आर्थिक हालत, खेलों की सुविधाएं और आधारभूत ढांचे का आंकलन करती है।

8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ▪ अलवर ▪ अहमदाबाद ▪ इंदौर ▪ उज्जैन ▪ उदयपुर ▪ कोटा ▪ कोलकाता ▪ खंडवा ▪ ग्वालियर ▪ चेन्नई ▪ छिंदवाड़ा ▪ जगदलपुर ▪ जबलपुर ▪ जयपुर ▪ जोधपुर ▪ झुंझुनूं ▪ दिल्ली ▪ नागौर ▪ नर्मदापुरम ▪ पाली ▪ बाड़मेर ▪ बांसवाड़ा ▪ बिलासपुर ▪ बीकानेर ▪ बेंगलूरु ▪ भरतपुर ▪ भिलाई ▪ भीलवाड़ा ▪ भोपाल ▪ रतलाम ▪ रायपुर ▪ सतना ▪ सागर ▪ सीकर ▪ सूरत ▪ शहडोल ▪ श्रीगंगानगर


## प्रमुख हस्तियों ने किया योग


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह


राजनाथ सिंह


जेपी नड्डा


योग करते केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।

लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में योग अभ्यास की अगुवाई की

# योग सभी सांस्कृतिक और धार्मिक सीमाओं से परे: बिरला

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com



**नई दिल्ली.** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद भवन परिसर में योग अभ्यास की अगुवाई की। योग अभ्यास के बाद बिरला ने कहा कि आज योग सम्पूर्ण विश्व में एक आंदोलन है। योग सभी सांस्कृतिक और धार्मिक सीमाओं से परे है। सम्पूर्ण विश्व भाग्यशाली है कि प्राचीन भारत के ऋषि-मुनियों ने जन कल्याण के लिए योग का अनमोल उपहार मानवता को प्रदान किया।

बिरला ने कहा कि आज पूरे विश्व में योग को स्वीकृति मिल रही है और योग जन-जन के दैनिक जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। योग सिर्फ अभ्यास तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव जीवन के समग्र स्वास्थ्य की नींव है।

उन्होंने कहा कि योग मानव जीवन के प्रमुख बिन्दुओं, शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने का कार्य करता है। बिरला ने कहा कि योग ने पूरे विश्व को एकजुट करने का काम किया है ताकि मानव स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक दीर्घकालिक और सकारात्मक परिणाम हासिल किए जा सकें। इस अवसर पर संसद सदस्य, पूर्व सांसद समेत लोक सभा सचिवालय और राज्य सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीवन जीने की कला है योग: चौहान

**नई दिल्ली.** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया और कहा कि योग एक सुखी स्वस्थ और संपूर्ण जीवन जीने की कला और विज्ञान है। चौहान ने यहां 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत रत्न सी ऑडिटोरियम, एनएएससी कॉम्पलेक्स, पूसा परिसर में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी एवं किसान कल्याण सचिव मनोज आहूजा, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के महानिदेशक हिमांशु पाठक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। चौहान ने कहा, योग भारत की अभूतपूर्व देन है इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता संभालने के बाद योग को दुनिया में प्रतिष्ठित किया। इसी कारण अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाना प्रारंभ हुआ। हमारे कई संत और ऋषि हैं जो योग को प्रचारित करने के लिए विश्वभर में निरन्तर काम कर रहे हैं। हमें भी स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग को स्वयं से जोड़ लेना चाहिए। योग आम लोगों के शरीर को स्वस्थ बनाने से लेकर मन को प्रसन्न करने व आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का साधन है।''



योगगुरु का नया 'राजनीति योग'

## राहुल-प्रियंका को लेकर बदले रामदेव के सुर

**नई दिल्ली.** कभी कांग्रेस को लेकर हमलावर रहे योग गुरु रामदेव का योग दिवस पर अलग ही राजनीतिक योग देखने को मिला। रामदेव जो कभी प्रियंका गांधी और राहुल गांधी को लेकर हमलावर रहते थे, अब सुर बदले बदले नजर आ रहे हैं।



योग दिवस पर एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी चरैवेति-चरैवेति के सिद्धांत पर चल रहे हैं। उनकी मेहनत का नतीजा है कि वो यहां तक आ पहुंचे हैं। अगर ऐसे ही चलते रहे तो वो जल्दी ही अपने लक्ष्य को पा लेंगे। प्रियंका गांधी को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उनमें अपार संभावनाएं हैं। वो बेहद सौम्य हैं। निश्चित रूप से वो देश की राजनीति में अच्छा काम करेंगी। उनकी जैसी राजनेता और संघर्षशील राजनेता की देश को जरूरत है। इस बीच कंगना रनौत को रामदेव ने थोड़ा धैर्य योग करने की नसीहत दी। रामदेव ने कहा कि कंगना थोड़ा संयम रखें। स्मृति ईरानी की अमेठी से हार पर रामदेव ने कहा कि उन्हें और तपस्या करनी होगी। भाषा पर नियंत्रण और मौन धारण करना होगा।

## उपराष्ट्रपति से मिले चिराग


नई दिल्ली में शुक्रवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शिष्टाचार भेंट की।

हरियाणा सरकार से पानी लेने की मांग के साथ अनिश्चितकालीन धरना

# दिल्ली की जलमंत्री आतिशी ने शुरू किया 'पानी सत्याग्रह'

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com




**नई दिल्ली.** दिल्लीवालों के हक का पानी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हरियाणा सरकार से लेने की मांग के साथ जलमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरुआत की। आतिशी सत्याग्रह शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की और फिर राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद वह धरना स्थल जंगपुरा स्थित भोगल पहुंची और अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरुआत की। इस दौरान उनके साथ केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन, विधायक दुर्गेश पाठक, राखी बिड़लान समेत कई विधायक तथा पार्षद मौजूद रहे।



### दिल्ली पड़ोसी राज्यों पर निर्भर

इस दौरान जलमंत्री ने कहा कि दिल्ली पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली को रोजाना 1005 एमजीडी पानी मिलना चाहिए। इसमें से 613 एमजीडी पानी हरियाणा देता है, लेकिन पिछले दो हफ्ते से हरियाणा केवल 513 एमजीडी पानी ही दे रहा है।

दिल्ली की जल मंत्री होने के पानी लेने के लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने नहीं दिया। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पत्र लिखा लेकिन राहत मिलने के बजाय पिछले दो दिनों से हरियाणा सरकार ने दिल्ली के हक का 120 एमजीडी पानी रोक लिया है।

### सत्याग्रह के अलावा और कोई उपाय नहीं बचा

**उन्होंने** कहा कि दिल्ली सरकार के सारे उच्चाधिकारी हरियाणा के अधिकारियों से मिलने, पानी मांगने के लिए चंडीगढ़ गए, लेकिन फिर भी हरियाणा सरकार नहीं मानी। हर संभव कोशिश कर ली, लेकिन अब कोई रास्ता नहीं निकल रहा तो सत्याग्रह के अलावा और कोई उपाय नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि उन्हें दिल्लीवालों का रोज-रोज का कष्ट, महिलाओं का दर्द, बच्चों की परेशानी देखी नहीं जा रही है। जबतक दिल्लीवालों को उनके हक का पानी नहीं मिलता तबतक अनिश्चितकालीन अनशन चलता रहेगा।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को

## हरियाणा, झारखंड , महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियां 25 जून से

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग ने हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में विधान सभा चुनावाओं की तैयारियों की प्रक्रिया 25 जून से शुरू करने की शुक्रवार को घोषणा की जिसके तहत मतदाता सूचियों को अद्यतन बनाने का काम पहली जुलाई से शुरू होगा।

उपरोक्त तीनों राज्यों में विद्यमान विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः तीन नवंबर, 26 नवंबर 2024 तथा पांच जनवरी 2025 को समाप्त होने जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में पुनर्गठन के बाद पहली बार विधान सभा चुनाव कराए जाने हैं।

आयोग ने आज जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि इन चारो राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) से पहले का कार्यकलाप 25 जून से शुरू किया जा रहा है। इसमें सामूहिक आवास समितियों, मलिन बस्तियों, शहरी क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं के लिए सबसे सुविधाजनक स्थानों पर मतदान केंद्रों की स्थापना/ मतदान केंद्रों को तर्कसंगत या उनके पुनर्व्यवस्थापन और मतदाता सूची को अद्यतन बनाने के लिए पुनरीक्षा के पहले का काम शुरू किया जाएगा। इन राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अद्यतन करने का काम एक जुलाई 2024 को अर्हक तिथि के रूप में आरंभ किया जाएगा।

चारो जगह मतदान केंद्रों आदि में संशोधन से पहले के कार्यों के अंतर्गत बी.एल.ओ. के माध्यम से घर-घर सत्यापन 25 जून 2024 से कराया जाएगा। मतदान केंद्रों की जगहों को तर्कसंगत बनाने का कार्य 24 जुलाई तक कराया जाएगा। आयोग की ओर से एकीकृत मतादाता सूची का मसौदा 25 जुलाई तक प्रकाशित किया जाएगा। इन पर आठ अगस्त तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकेंगी। दावों और आपत्तियों का निपटान 19 अगस्त तक तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को किया जाएगा।

बांग्लादेश की पीएम हसीना नई दिल्ली पहुंचीं

## भारत-बांग्लादेश के बीच होंगे कई द्विपक्षीय समझौते



**नई दिल्ली@पत्रिका.** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार शाम यहां पहुंचीं। हसीना की यह एक माह में नई दिल्ली की दूसरी यात्रा है। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करेंगी और दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगी।

प्रधानमंत्री शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोज देंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का नई दिल्ली के इंदिरागांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर स्वागत किया। भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान भी प्रधानमंत्री हसीना का हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए उपस्थित थे।

मंत्रालय ने कहा, ''बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख साझेदार और भरोसेमंद पड़ोसी है। शेख हसीना की इस यात्रा से इस प्रतिष्ठित द्विपक्षीय साझेदारी को और बढ़ावा मिलेगा।'' केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा है।

इस दौरान दोनों पक्ष व्यापार के संबंध में एक नए समझौते पर चर्चा करने के लिए तैयार बताए जा रहे हैं। हसीना की यात्रा के पहले दिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उनसे मुलाकात की।

## वित्त मंत्री ने कृषि संगठनों, कृषि अर्थशास्त्रियों और एमएसएमई से बजट को लेकर की चर्चा



पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर कृषि संगठनों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ ही सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के साथ भी बजट-पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि अलग-अलग हुई बैठकों की अध्यक्षता वित्त मंत्री ने की। इन बैठकों में कृषि संगठनों और इस क्षेत्र के अर्थशास्त्रियों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। इसी तरह से एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। यह बजट पूर्व चौथी और पांचवीं बैठक थी।

बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों, राजस्व, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए। एमएसएमई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में इनके साथ ही एमएसएमई मंत्रालय और डीपीआईआईटी के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## कुवैत अग्निकांड के हताहतों के पुनर्वास एवं अनुग्रह राशि की घोषणा

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** कुवैत में एक अग्निकांड में हताहत हुए प्रवासी भारतीय श्रमिकों के लिए वहां की सरकार और नियोक्ता कंपनी ने भी घायलों का पूरा इलाज एवं पुनर्वास कराने और मुआवजे की शुक्रवार को घोषणा की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''कुवैत के चार अस्पतालों में इस समय 17 भारतीय मरीज हैं जो कुवैत में 12 जून को हुए आग लगने से हुई दुर्घटना में घायल हो गए थे। उन्हें उचित चिकित्सा उपचार एवं देखभाल मिल रही है। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी, अस्पतालों के अधिकारियों, मरीजों और कंपनी के साथ नियमित संपर्क में हैं। दूतावास की टीम दैनिक आधार पर सभी अस्पतालों का दौरा कर रही है।''

जायसवाल ने कहा कि कुवैती सरकार और कंपनी एनटीबीसी ने मृतकों और घायलों के लिए मदद राशि की घोषणा की है। कुवैती सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए 15 हजार अमेरिकी डॉलर तथा नियोक्ता कंपनी ने परिजनों को आठ लाख रुपये और बीमा कंपनी से बीमा राशि देने की घोषणा की है जबकि घायलों को दो लाख रुपये और चिकित्सा व्यय और पुनर्वास करने की बात कही है। उन्होंने कहा किभारतीय दूतावास इससे जुडी हुई प्रक्रिया के संबंध में कुवैती सरकार और कंपनी के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से दो लाख रुपए और घायलों के लिए 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की। राज्य सरकारों ने भी अनुग्रह राशि की घोषणा की है।

दिल्ली में भाजपा मुख्यालय का घेराव का प्रयास

## परीक्षाओं में गड़बड़ी के विरोध में कांग्रेस का देशभर में प्रदर्शन

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** कांग्रेस ने नीट व यूजीसी नेट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में देशभर में विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस के आह्वान पर प्रदेश मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ नेता जुटे। दिल्ली में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय का घेराव का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय का घेराव करने की कोशिश की। इस दौरान दिल्ली पुलिस के जवानों ने उन्हें रोक लिया। प्रदर्शन को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने कई लेयर में बैरिकेडिंग की। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं के हाथों में पोस्टर व तख्तियां थी। इन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मौन पर सवाल किया गया। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा देने की मांग की गई। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि परीक्षाओं में जिस तरीके से अनिमियताएं सामने आ रही हैं, वो युवाओं के लिए किसी दर्द से कम नहीं है।

विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ ऑनलाइन बैठक में बोले केंद्रीय मंत्री

# अरहर, उड़द और मसूर की होगी शत-प्रतिशत खरीद: चौहान

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com




**नई दिल्ली.** दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को अरहर, उड़द और मसूर की शत-प्रतिशत खरीद का आश्वासन दिया है। चौहान ने शुक्रवार को यहां कहा कि केंद्र सरकार फसल विविधीकरण सुनिश्चित करने तथा दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अरहर, उड़द और मसूर की खरीद करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ ऑनलाइन बैठक में कहा कि किसानों के पंजीकरण के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) तथा भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) ने ई-समृद्धि पोर्टल शुरू किया है तथा सरकार पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से एमएसपी पर इन दालों की खरीद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### आयात को कम करने का प्रयास

देश में दालों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता को देखते हुए यह बैठक बुलाई गई थी, ताकि आयात को कम किया जा सके। बैठक में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, बिहार, तेलंगाना जैसे प्रमुख दाल उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्री मौजूद थे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर एवं भागीरथ चौधरी, कृषि सचिव मनोज आहूजा तथा कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) के सचिव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक भी मौजूद रहे। चौहान ने राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक किसानों को इस पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि सुनिश्चित खरीद की सुविधा का लाभ उठाया जा सकें। उन्होंने कहा कि देश इन तीनों फसलों के उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं है और वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भरता हासिल करने का लक्ष्य है।

**पोलमपोल** भायो

अस्यो माफियो देस में, ली छै जड़ाँ जमाय।
भरती-पेपर लीक अब, धन्धो लियो बणाय!!

**ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा :** बीकानेर व जोधपुर में मिले अंग

# दोस्ती में मिला धोखा, दो शहरों में टुकड़ों में मिला महिला का शव

## लिव-इन-रिलेशनशिप से खुश नहीं थी मुस्कान, झगड़े का आधार भी यही था

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


मृतका मुस्कान।


आरोपी संगीता।


आरोपी विकास।

**बीकानेर . जोधपुर .** जेएनवीसी इलाके में छह दिन पहले नग्न अवस्था में मिले महिला के बिना धड़ के शव की गुत्थी सुलझ गई है। महिला की हत्या उसी की मुंह बोली बहन व उसके दोस्त ने की थी। पुलिस ने महिला व उसके दोस्त को जोधपुर से गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर मृतक महिला का सिर व कटे हाथ जोधपुर में गंदे पानी के नाले से बरामद कर लिए।

### मुस्कान की मुंह बोली बहन थी संगीता

पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मृतक महिला की पहचान मुस्कान (34) पत्नी मोहम्मद रफीक के रूप में हुई है, जो मूलरूप से महाराष्ट्र के नागपुर की रहने वाली थी। वर्तमान में पाली के शंकरनगर में रहती थी। मुस्कान और हनुमानगढ़ के पीलीबंगा निवासी संगीता पत्नी स्व. गोपाल सिंह अच्छी दोस्त (मुंहबोली बहन) थीं। संगीता अपने दोस्त झुंझुनूं के भुवाना हाल शिकारगढ़ जोधपुर निवासी विकास माल (37) के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रही थी। मुस्कान भी आती-जाती रहती थी। उसका अक्सर विकास से विवाद हो जाता था। बताया जाता है कि मुस्कान संगीता के लिव-इन में रहने के फैसले से खुश नहीं थी। झगड़े का आधार भी यही था।

### बहाने से ले गए, रास्ते में कर दी हत्या

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि 15 जून को संगीता ने मुस्कान को कहा कि वे लोग पीलीबंगा जा रहे हैं, रास्ते में उसे भी घर छोड़ देंगे। मुस्कान साथ हो ली। बीच रास्ते मुस्कान और विकास के बीच झगड़ा हो गया। गुस्से में विकास ने मुस्कान का गला दबा दिया, जिससे वह अचेत हो गई। मुस्कान उसी हालत में गाड़ी में पीछे की सीट पर पड़ी रही। बीकानेर के नजदीक मुस्कान को खांसी आई, तब आरोपी ने फिर से उसका गला घोंटा, जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई।

### सीसीटीवी फुटेज से पकड़ में आए आरोपी

**आरोपी** ने बीकानेर में घड़सीसर रोड पर डंपिंग यार्ड में मुस्कान का सिर व हाथ काट दिए। धड़ को बीकानेर फेंका और कटा हाथ-सिर बोरे में लेकर दोनों वापस जोधपुर चले गए। बोरी को जोधपुर में पांच बत्ती इलाके के नाले में फेंक दिया। महिला के एक हाथ पर महाकाल व दूसरे पर प्रकाश लिखा हुआ था। हाथ व सिर इसलिए काटे, ताकि मृतका की पहचान नहीं हो सके। जिस कार से फेंका था, उसी को सीसीटीवी के जरिए ट्रैस कर पुलिस आरोपियों तक पहुंची।

**ऊंट दिवस विशेष :** ऊंट बिकने नहीं दे रहे

# ऊंट को राज्यपशु का दर्जा मिला, 'सम्मान' का अब भी इंतजार


पशुपालकों को आज भी ऊंट से स्नेह। फाइल फोटो

रतन दवे
patrika.com

**बाड़मेर.** राजस्थान में ऊंट को पशुओं का राजा तो बना दिया, लेकिन इनकी संख्या बढ़ाने में नाकामयाब महकमे ने अपना पल्ला झाड़ने के लिए अनुपयोगी और अनार्थिक का मुकुट पहना दिया है। राज्य में 2.14 लाख ही ऊंट बचे हैं। ऊंटों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाएं कागजों में दम तोड़ती रही। इधर न तो ऊंट को बिकने दिया जा रहा है और न ही मार्केटिंग के अभाव में ऊंटनी का दूध बिक रहा है।

राज्य में वर्ष 2014 में ऊंट को राज्यपशु घोषित करने के बाद में ऊंटों का राज्य से बाहर जाना और बिक्री दोनों मुश्किल हो गई। ऐसे में पशुपालकों का ऊंट पालन को लेकर मोह कम होने लगा है। राज्य सरकार ऊंटों के संवर्द्धन को लेकर ऊंट के प्रसव पर 10 हजार रुपए देने की योजना लाई, लेकिन ठंडे बस्ते में ही रही। राजस्थान पत्रिका के अभियान बाद अब सालभर से राशि मिल रही है। इसके अलावा कोई योजना नहीं है जो पशुपालकों को ऊंट पालने को प्रेरित करें।

**ऊंटनी के दूध की मार्केटिंग कमजोर:** ऊंटनी का दूध कई बीमारियों में उपयोगी है। इस दूध की बिक्री को बीकानेर में ही डेयरी है। बाड़मेर-जैसलमेर में ऊंटों की संख्या अधिक होने के बावजूद यहां ऊंटनी के दूध की डेयरी नहीं है। राज्य में जयपुर में डेयरी का हाल ही प्लान किया है। अब यह पूरे राज्य के हर जिले में हो तो ऊंटनी के दूध की बिक्री पशुपालकों को प्रेरित करेगी।

### 10 करोड़ पर्यटक, ऊंट कुछ जगह ही

राजस्थान का भ्रमण करने 10 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष आते हैं। 5 लाख विदेशी भी है। बावजूद इसके उनको जैसलमेर, बीकानेर के अलावा कहीं पर भी ऊंट कम ही मिलते हैं। जरूरी है कि राज्य के सभी पर्यटन केन्द्रों पर ऊंट सवारी, ऊंट बग्घी का प्रबंध हों। प्रशिक्षित ऊंटों की बीएसएफ की परेड और करतब भी पर्यटकों को सभी पर्यटन स्थल पर दिखाए जा सकते हैं।

### फैक्ट फाइल

- **2.50** लाख कुल ऊंट देश में
- 2.14 लाख ऊंट राज्य में
- **34516** ऊंट जैसलमेर में
- **25919** ऊंट बाड़मेर में

### मेलों पर नहीं दिया जा रहा ध्यान

ऊंटों के मेले में अभी राज्य में केवल पुष्कर मेले पर ही सरकार ध्यान दे रही है। तिलवाड़ा, सिणधरी, धोरीमन्ना, नागौर, बीकानेर में ऊंट मेलों में सरकारी उपेक्षा है। जैसलमेर में तो ऊंट मेला ही नहीं हो रहा,जबकि यहा 35 हजार के करीब ऊंट है।

**राज्य स्तर पर परेड में नजर नहीं आते ऊंट:** पुलिस के पास ऊंट बैंड राज्य की पहचान बन सकता है। दिल्ली की परेड में राजस्थान की ऊंट परेड हर साल पहुंचती है। राज्य में 26 जनवरी और 15 अगस्त पर राज्य स्तर तक ऊंट परेड नजर नहीं आती है।

## ट्रेंडिंग वीडियो

1. 

कांग्रेस का हल्ला बोल, नीट विवाद पर देशभर में प्रदर्शन

2. 

जमानत पर रोक के बाद केजरीवाल का पहला संदेश

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

## न्यूज शॉर्ट्स

### राजस्व और अधिशासी अभियंता की विचारित सूची जारी

**अजमेर @ पत्रिका.** आरपीएससी ने राजस्व और अधिशासी अभियंता प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत पात्रता जांच के लिए विचारित सूची की है। मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि राजस्थान नगर पालिका अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा के कर्मचारी वर्ग और स्थानीय निकाय विभाग के मंत्रालयिक सेवा के कर्मचारी के लिए विज्ञापित पदों के विरुद्ध विचारित सूची जारी की थी। स्थायी रूप से शामिल अभ्यर्थियों के अधिक संख्या में अपात्र पाए गए थे।

### प्रविष्टियों में ऑनलाइन संशोधन का अवसर

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने पुरालेखपाल, सहायक पुरालेखपाल, शोध अध्येता, रसायनज्ञ एवं शोध अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा-2024 के तहत प्रविष्टियों में ऑनलाइन संशोधन का अवसर दिया है। अभ्यर्थी 24 जून से 3 जुलाई तक आवश्यक संशोधन कर सकेंगे। संयुक्त सचिव चेतन कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इन प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन 3 और 4 अगस्त को होगा। अभ्यर्थी 24 जून से 3 जुलाई तक नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन कर सकेंगे।

### 50 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पत्रिका.** सीआईडी सीबी की टीम ने एनडीपीएस एक्ट के आरोपी कोटा के दादाबाड़ी निवासी तस्कर मुनव्वर हुसैन (45) को को पकड़ा। आरोपी पर 50 हजार का इनाम घोषित था। आरोपी को सूरजपोल थाना पुलिस को सौंपा। वह कोटा में मकबरा थाने के एनडीपीएस एक्ट के मामले में 4 साल से व गुमानपुरा थाने में 3 साल से वांछित था।

**शुरू में ही स्कूल छोड़कर चले गए थे बच्चे,** विभाग अब कर रहा वापस लाने की मशक्कत

# 73 हजार विद्यार्थी बिना टीसी लिए स्कूलों से हो गए गायब, अब विभाग कर रहा तलाश

## प्रदेश में सबसे ज्यादा बीकानेर में स्कूल छोड़कर गए हैं बच्चे

सुरेंद्र डैला
patrika.com

**चिड़ावा.** प्रदेश में सत्र 2023-24 में 73 हजार से अधिक विद्यार्थी विद्यालयों से दूर हो गए। विद्यार्थियों ने विद्यालय छोड़ने का कोई कारण भी नहीं बताया और न ही संबंधित संस्था से टीसी ली। ऐसे विद्यार्थियों का टीसी के अभाव में दूसरे विद्यालय में प्रवेश भी नहीं हुआ। ऐसे में उन्हें खोजने के लिए शिक्षा विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

दरअसल, शिक्षा विभाग ने यू-डाइस (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) से प्रदेशभर के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों से सत्र 2023-24 में शिक्षा से दूर हुए विद्यार्थियों की जानकारी जुटाई। इसमें खुलासा हुआ कि इस सत्र में प्रदेश के 73047 विद्यार्थी ऐसे हैं, जिन्होंने विद्यालय में आना बंद कर दिया तथा संबंधित संस्था से टीसी भी नहीं ली। इस पर विभाग ने संबंधित अधिकारियों को ऐसे विद्यार्थियों को खोजकर विद्यालयों से जोड़ने के आदेश दिए हैं।

**विद्यार्थियों के पोषाहार की जांच जरूरी:** हजारों विद्यार्थियों ने विद्यालय में आना तो बंद कर दिया, लेकिन टीसी नहीं काटे जाने के कारण विद्यार्थियों का नाम तो विद्यालय में जुड़ा रहा। ऐसे में जांच का विषय है कि विद्यालय से दूर हुए विद्यार्थियों का पोषाहार भी उठाया गया है या नहीं उठाया। यदि विद्यार्थियों का एडमिशन मानते हुए पोषाहार उठाया गया है तो इसे किसने काम में लिया।

**बीच सत्र में छोड़ी पढ़ाई से नुकसान:** भले ही शिक्षा विभाग के कार्मिक बिना टीसी के विद्यालय छोड़ने वाले विद्यार्थियों को खोजने में सफल हो जाए, लेकिन ऐसे विद्यार्थियों को एक सत्र तो खराब हो गया, जिसे फिर से विद्यालयों से जोड़ा जाएगा। सबसे बड़ी समस्या तो ऐसे विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत ट्रेस करना ही मुश्किल हो रहा है।




### महीनों बाद चेता शिक्षा विभाग

**दरअसल,** विद्यालयों से दूर हुए अधिकतर विद्यार्थियों ने सत्र 2023-24 के शुरुआती दौर में ही पढ़ाई बंद कर दी। इसके बावजूद पूरे सत्र में शिक्षा विभाग ने ऐसे विद्यार्थियों की तलाश नहीं की। सत्र 2024-25 के शुरू होने में महज कुछ ही दिन बचे हैं। इसमें नए विद्यार्थियों को जोड़ने के प्रयास होने चाहिए। वहीं विभाग सत्र 2023-24 में विद्यालय से दूर हुए विद्यार्थियों को खोजने में जुटा है, जबकि ऐसे विद्यार्थियों को गत वर्ष अगस्त-सितंबर से पहले ही ट्रेस कर लेना चाहिए था।

### ऐसे विद्यार्थी जो बिना टीसी के स्कूल छोड़ा

| जिला | विद्यार्थी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बूंदी | 929 | अजमेर | 3187 | प्रतापगढ़ | 711 |
| चूरू | 1651 | करौली | 1532 | जोधपुर ग्रा. | 2454 |
| झालावाड़ | 1916 | सीकर | 2615 | हनुमानगढ़ | 1755 |
| झुंझुनूं | 3194 | राजसमंद | 1305 | सवाई माधोपुर | 388 |
| भीलवाड़ा | 2804 | बांरा | 656 | कोटा | 2750 |
| जयपुर ग्रा. | 1278 | ब्यावर | 2216 | सिरोही | 1071 |
| भरतपुर | 1114 | जयपुर | 2435 | खैरथल तिजारा | 1097 |
| बीकानेर | 6602 | पाली | 1738 | दूदू | 98 |
| टोंक | 1268 | बालोतरा | 619 | अनूपगढ़ | 707 |
| डीग | 1415 | नागौर | 780 | जोधपुर | 811 |
| नीमकाथाना | 1224 | गंगापुरसिटी | 1496 | जैसलमेर | 678 |
| चित्तौड़गढ़ | 872 | धौलपुर | 577 | डूंगरपुर | 1404 |
| उदयपुर | 2403 | बांसवाड़ा | 1316 | फलौदी | 406 |
| डीडवाना कुचामन | 1590 | अलवर | 2249 | जालोर | 707 |
| बाड़मेर | 1857 | सलुंबर | 508 | कोटपूतली | 474 |
| केकड़ी | 461 | शाहपुरा | 1047 | सांचौर | 567 |
| | | दौसा | 688 | | |
| | | गंगानगर | 1427 | **कुल** | **73047** |

### विद्यालय से ऐसे विद्यार्थी हुए दूर

**माना** जा रहा है कि विद्यालय से दूर हुए विद्यार्थी गरीब, कमजोर तबके, घूमंतू जाति, दूसरे प्रदेश के हो सकते हैं। जिनका विद्यालय में एडमिशन तो करवा दिया गया। जो कि बाद में विद्यालय से दूर हो गए। यदि ऐसा है तो शिक्षा से वंचित हो रहे ऐसे विद्यार्थियों को फिर से जोड़ने में काफी मशक्कत करनी होगी। सूत्रों का कहना है कि कुछ मामलों में निजी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने संबंधित संस्था में फीस नहीं दी, जिसने बाद में स्टाम्प के आधार पर दूसरे विद्यालय में एडमिशन ले लिया।

**योग दिवस :** बच्चों ने योग की मुद्राएं कर किया अचंभित



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय मुय सामारोह आयोजित हुआ। समारोह में शहरवासी उत्साह से शामिल हुए। इस दौरान लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। समारोह में बच्चों ने मंच पर विभिन्न मुद्राओं ने योग किया तो सभी ने दांतों तले अंगुली दबा ली। फोटो: *अंशुम आहुजा*

### अब घना का दीदार और महंगा : 10 प्रतिशत बढ़ाई दर

**भरतपुर @ पत्रिका.** केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी उद्यान में अब पक्षियों का दीदार और महंगा हो गया है। अब यहां आने वाले सैलानियों को पक्षियों को देखने के लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त पैसा चुकाना होगा। इससे पहले भी घना प्रशासन ने पर्यटकों को अंदर घूमने के लिए गाइड की सेवा लेना अनिवार्य किया है। पहले विदेशी पर्यटकों को 872 रुपए प्रवेश शुल्क देना होता था। अब 957 रुपए देना होगा। देशी पर्यटकों के लिए 136 रुपए था, जो अब बढ़कर 155 रुपए हो गया है। विद्यार्थियों के लिए पहले शुल्क 57 रुपए था, जो अब 62 रुपए देना होगा। साथ ही दो पर्यटक यदि रिक्शा लेते हैं तो गाइड अनिवार्य है। इसके दो घंटे के 16 सौ रुपए देने होंगे।इसके चलते सैलानियों की जेब पर भार बढ़ता ही जा रहा है। घना में एंट्री की बढ़ती फीस के चलते यहां आने वाले कई देशी-विदेशी पर्यटक लौटने को विवश हो रहे हैं।

**तीन गावों के ग्रामीणों की महापंचायत**

# ठगी करने वालों पर लगाएंगे 21 हजार रुपए का जुर्माना


कामां के गांव गावड़ी में आयोजित महापंचायत में मौजूद ग्रामीण।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कामां (भरतपुर).** जुरहरा थाना क्षेत्र के गांव गावड़ी में तीन गांवों के लोगों ने मिलकर एक महापंचायत आयोजित की। जिसमें साइबर ठगी को रोकने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए निर्णय किया गया। अब जो भी साइबर ठगी करेगा उसकी खैर नहीं होगी। ठगी करने वाले को 21 हजार रुपए का जुर्माना देना होगा और जो व्यक्ति ठगी करने वालों की सूचना देगा उसको 11 हजार रुपए बतौर इनाम देंगे और उसका नाम भी गुप्त रखा जाएगा।

गांवड़ी गांव के सरपंच आस खां ने बताया कि शुक्रवार को गांव गांवड़ी के मदरसा पर तीन गांव रसूलपुर कुंदन नगला और गांवड़ी के लोगों की महापंचायत की गई। गावड़ी के पूर्व सरपंच शेर मोहम्मद ने बताया कि आज मदरसा पर तीन गांव के लोगों ने पंचायत की जिसमें साइबर ठगी को रोकने के लिए पांच महत्वपूर्ण निर्णय किए। जिसमें आज के बाद तीनों गांवों में कोई भी व्यक्ति फर्जी सिम कार्ड का प्रयोग बिल्कुल भी नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति दो नंबर के मोबाइल फोन को काम में नहीं लेगा। समाज का कोई भी व्यक्ति साइबर क्राइम करने वालों का संरक्षण व सहयोग नहीं करेगा। जो व्यक्ति साइबर ठगी करेगा उस पर 21 हजार रुपए का जुर्माना लगेगा।

**अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**

# बौंली : ग्रामीणों ने कोलाड़ा गांव में पैंथर की पीट-पीट की हत्या

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**बौंली (सवाईमाधोपुर).** उपखंड बौंली के कोलाड़ा गांव में ग्रामीणों ने एक पैंथर की पीट-पीट कर हत्या कर दी। सूचना के बाद शुक्रवार को मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सवाईमाधोपुर भेजा।



दरअसल गुरुवार शाम कोलाडा गांव में पैंथर ने लाडफूल मीणा के घर में बछड़े का शिकार कर लिया था। गोवंश को बचाने आए लाडफूल, हंसराज व शाकिर पर भी पैंथर ने हमला कर दिया था। तीनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। सूचना के बाद वनपाल भूपेंद्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां पैंथर का शव मिला। वनपाल ने बताया कि पैंथर पत्थरों के नीचे दबा हुआ था। वनविभाग का मानना है कि प्रथम दृष्टया पैंथर को ग्रामीणों की ओर से पीट-पीटकर मारा गया है। इस मामले में उप वन संरक्षक श्रवण कुमार रेड्डी के निर्देश पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

**सरिस्का में अतिक्रमण** | **विभाग ने कहा-जमीन राजस्व की, कार्रवाई भी वहीं से**

# वन विभाग ने माना होटल और रिसॉर्ट अवैध

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अलवर .** सरिस्का बाघ अभयारण्य के पास एक किमी कोर एरिया में बने होटल-रिसॉर्ट अवैध हैं। वन विभाग ने कलक्टर को भेजी तथ्यात्मक रिपोर्ट में यह बात स्वीकार की है।

विभाग ने साफ किया कि क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट की सीमा के एक किमी में किसी भी होटल, रिसॉर्ट व व्यावसायिक परिसर के संचालक ने नियमानुसार अनुमति प्राप्त नहीं की है। इसके लिए राष्ट्रीय वन्य जीव मंडल की अनुमति जरूरी थी। इस एक किमी परिधी में सिलीसेढ़, अजबगढ़ क्षेत्र के कई ग्राम आते हैं। इन्हीं क्षेत्रों में होटल-रिसॉर्ट का निर्माण किया गया है। हालांकि रिपोर्ट में विभाग मामले से पल्ला भी झाड़ रहा है। वन अधिकारियों का कहना है कि यह जमीन राजस्व की है, इसलिए कार्रवाई भी उसके द्वारा ही की जाएगी। साथ ही यूआईटी को भी कार्रवाई के लिए लिखा गया है।

### पत्रिका ने उठाया मुद्दा

**पत्रिका** ने कोर एरिया में अवैध रूप से होटल, रिसॉर्ट और फार्म हाउस का मुद्दा उठा रखा है। इन खबरों में बताया गया है कि विभाग के जिन अधिकारियों की पोस्टिंग सरिस्का में रही, उन्होंने ही कोर एरिया में अवैध रूप से होटल, रिसॉर्ट और फार्म हाउस बना लिए।


नदी-नाले-पहाड़ पर कब्जे... एक किमी दायरे में 12 से ज्यादा होटल
सरिस्का में अफसरों का जंगल में मंगल। नौकरी भूले...बना डाले होटल-रिसॉर्ट

**यहां मिला अतिक्रमण**

वन विभाग की ओर से करवाए गए सर्वे में ग्राम मांडू व खोह स्थित एक होटल और पांच फार्म हाउस का वनभूमि पर अतिक्रमण मिला है। इनमें होटल को नोटिस देकर वनभूमि का अतिक्रमण हटाया जा चुका है। शेष प्रकरणों में कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

### कमेटी क्या करती रही?

**अभयारण्य** के पास एक किमी परिधी के कोर एरिया में प्रतिबंधित गतिविधियों के संचालन और नए निर्माण कार्यों पर नियंत्रण व चिह्निकरण के लिए संबंधित उपखंड अधिकारियों की अध्यक्षता में सितंबर, 2022 में कमेटी का गठन किया था। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब ये निर्माण हो रहे थे, तब यह कमेटी क्या कर रही थी? अब विभाग ने इस तरह की गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार करने के लिए निर्देश दिए हैं।

**जेएनवीयू का 20वां दीक्षांत समारोह**

# पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान व संस्कृति का समावेश हो : मिश्र

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**जोधपुर.** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय का 20वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में किया गया। राज्यपाल व कुलाधिपति कलराज मिश्र ने समारोह में वर्ष 2022 की विविध परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 73 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। विद्यार्थियों को 69 विश्वविद्यालय पदक, एक कुलाधिपति एवं 3 डोनर पदक प्रदान किए गए। 51 स्वर्ण पदक छात्राओं को मिले। कार्यक्रम में 52 हजार डिग्रियों का अनुमोदन किया। कुलाधिपति ने उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे अब पाठ्यक्रमों को उन्नत करें। पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान व संस्कृति का समावेश भी हो। राज्यपाल न्यू कैंपस में बने संविधान पार्क का उद्घाटन किए बिना ही जयपुर लौटे गए। वहां संविधान स्तम्भ पर संविधान के विभिन्न भाग के अंकन में गंभीर गलतियां छोड़े जाने से राज्यपाल नाराज थे। उन्होंने कुलपति प्रो. के.एल. श्रीवास्तव से कहा कि यह त्रुटियां खतरनाक व दण्डनीय हैं।

पेज-1 से जारी

## स्पर्धा में सक्षम नहीं

क्या किसी को चिंता हुई कि पेपर-लीक क्यों होने लगे हैं? सरकारें जनता के कार्यों के प्रति उदासीन होने लगी हैं। कमीशनखोरी मुंह लग गई है।

नीट का पेपर लीक हुआ। तेईस लाख से ज्यादा बच्चे बैठे थे। उसका फैसला होने से पहले एनटीए की नेट परीक्षा रद्द कर दी गई। नौ लाख बच्चे थे। प्रतिक्रिया तो तीखी होनी ही थी। न स्वास्थ्य विभाग जागरूक है, न ही शिक्षा विभाग। दो घोड़ों की सवारी ऐसी ही होती है। सब मगरमच्छी आंसू बहाने वाले हैं।

जरा सोचिए! जहां गांवों में या तो स्कूल नहीं, या फिर अध्यापक नहीं, तब शिक्षा का रूप क्या होगा? भर्ती होने नहीं देंगे। देश भर में पाठ्यक्रम भी मानो यूनीफॉर्म की तरह भिन्न-भिन्न, भाषाएं भिन्न-भिन्न। फिर केन्द्रीयकृत परीक्षाएं कैसे समानता की अपेक्षा रखती हैं। क्या इस देश का ग्रामीण-स्थानीय भाषा का छात्र, शहरी-ऊंचे कॉलेजों के बच्चों से स्पर्धा कर सकता है? क्या इसको 'बेमेल विवाह' नहीं कहेंगे? आज बड़े स्कूलों में स्वयं अध्यापक ट्यूशन पर जोर देकर अपनी आय बढ़ाने में लगे हैं। कौन रोक रहा है उनको? नगर-नगर में कोचिंग संस्थाओं की बाढ़ क्यों आ गई? क्योंकि सरकारी ढांचा चरमरा गया है। शिक्षण स्पर्धा करने में सक्षम नहीं है।

दूसरी ओर शिक्षा नीति को आज भी अंग्रेजी चश्मे से देखा जाता है। प्रतियोगी परीक्षाएं भी ऐसी हैं जिससे परीक्षार्थी की समझ का आकलन नहीं हो पाता। ये परीक्षाएं रटने की प्रवृत्ति को ही बढ़ावा देती हैं। परीक्षाओं में सवाल ऐसे क्यों नहीं किए जाएं जिससे इन परीक्षाओं में बैठने वालों की समझ का पता चल सके। सिर्फ नंबर देने के लिए ही परीक्षाएं क्यों? शिक्षा नीति के लिए वरिष्ठ शिक्षकों की समिति होनी चाहिए। पाठ्यक्रम भी समिति के सदस्य ही सर्वसम्मति से तय करें। शिक्षा से जुड़े हर व्यक्ति का अलग से गुणवत्ता टेस्ट भी होना चाहिए। केवल वरिष्ठता का आधार ही उपयोगी नहीं है। परीक्षा क्षेत्र के लोगों का तो मनोवैज्ञानिक परीक्षण भी अनिवार्य होना चाहिए। शिक्षा मंत्री-सचिव जैसे पदों पर बैठे लोग भी आज दूध के धुले नहीं रहे। बड़ा लालच इनको भी फांस सकता है। शिक्षा एक पवित्र कार्य है, पूजा है। कोई अहंकार बीच में नहीं आना चाहिए। असुरों का धर्म नहीं होता। सरकारों का दृढ़ संकल्प कारगर हो सकता है। वरना बच्चे लुटते रहेंगे, पास होकर भी बेरोजगार घूमते रहेंगे। समानता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार सरकारी उदासीनता की भेंट चढ़ चुका है। अध्यापकों-अधिकारियों-शोध ग्रंथों सभी की तो गुणवत्ता सवालों के घेरे में हैं। ऊपर से पेपर-लीक में इतना बड़ा धन, मानो लाटरी खुल गई। बड़ी सारी चुनौती है जिससे निपटने की शुरुआत गंभीर शिक्षा मंत्री, शिक्षा अधिकारी से लेकर सुदृढ़ ढांचे तक से करनी होगी।

**जोधपुर के सूरसागर में तनाव:** दो गुटों में भिड़ंत, आंसू गैस के गोले छोड़े

# ईदगाह का गेट निकालने पर विवाद; आगजनी, तोड़-फोड़ और पथराव

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर.** अति संवेदनशील माने जाने वाले सूरसागर में ईदगाह की दीवार से गेट निकालने को लेकर विवाद और फिर शांति के बाद शुक्रवार रात अचानक पथराव कर दिया गया। एक दुकान और ट्रैक्टर को आग लगा दी गई व जीप में तोड़-फोड़ की गई। पथराव से एक थानाधिकारी घायल हो गए। पुलिस ने डण्डे मारकर लोगों को घरों में भेजा और 4-5 राउण्ड आंसू गैस के गोले भी छोड़े।



जोधपुर. उपद्रव के दौरान दुकान में लगाई आग।

### स्थिति नियंत्रण में

कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। अन्य की धरपकड़ कर रहे हैं। देर रात स्थिति नियंत्रण में कर ली गई।
**राजेन्द्रसिंह,** कमिश्नर जोधपुर

### सहमति के बाद फिर बिगड़े हालात

**दोनों** गुटों के पांच-पांच लोगों के बीच वार्ता के बाद रात साढ़े नौ बजे गेट बंद करने को लेकर सहमति बनी। दोनों पक्ष अपने-अपने घरों को लौट गए। पुलिस गश्त करने लगी। रात करीब 10.15 बजे व्यापारियों के मोहल्ले में 10-12 युवकों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया। जिससे हड़कम्प मच गया। दूसरे गुट से भी पथराव किया जाने लगा। एक गुट के लोगों ने झाड़ू व घास-पट्टी की दुकान में आग लगा दी। इससे दुकान व उसमें रखा माल जल गया। दमकलें बुलाकर आग बुझाई जा सकी। लपटों से पास मकान का गेट भी जल गया।

**महासंघ के अधिवेशन में बोले सीएम:** शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने पर विचार, राजसेस कॉलेजों को संचालित करने का प्रयास

# रिक्त पदों की हर माह समीक्षा कर वैकेंसी करेंगे जारी: भजनलाल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राज्य सरकार अब विभागवार रिक्त पदों की हर माह समीक्षा करेगी और उसी के अनुरूप भर्तियां निकाली जाएंगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) की ओर से आयोजित 62वें प्रांतीय अधिवेशन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार बड़ी संख्या में नौकरियां देने की तैयारी कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यूजीसी के तहत शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष से बढ़ाने पर विचार कर रही है। साथ ही राजसेस कॉलेजों को नियमित कॉलेज के रूप में संचालित करने का भी प्रयास होगा।

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूर्ण रूप से लागू करेगी। इससे पूर्व सत्र को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम, राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति अल्पना कटेजा ने भी संबोधित किया। महासंघ के अध्यक्ष दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि संगठन की ओर से दिए गए अधिकांश सुझाव और प्रस्ताव शिक्षा नीति 2020 के ड्राफ्ट में लिए गए हैं।



प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते मुख्यमंत्री भजनलाल।

### पूर्व सरकार को घेरा

**सीएम** ने पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिना नियम कायदों के गिनती के विद्यार्थी होने पर भी कॉलेज शुरू कर दिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में एक उच्च स्तरीय कमेटी काम कर रही है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद इन कॉलेजों को लेकर कोई फैसला लेंगे।

**शराब दुखान्तिका:** कई बच्चों के सिर से उठा मां-बाप का साया, उनका सबसे बड़ा सवाल

# हम कहां रहेंगे, क्या खाएंगे और कौन पढ़ाएगा ?

**कल्लकुरिची @ पत्रिका.** करुणापुरमत गांव में सन्नाटा छाया हुआ है। कुछ घरों से रह रहकर रोने की आवाज इस सन्नाटे को चीरती प्रतीत होती हैं। गांव में किसी महिला ने अपने पति को खोया है तो किसी बहिन ने भाई को। किसी घर के मुखिया के चले जाने से घरवाले बेसहारा हो गए तो कुछ ऐसे बदनसीब बच्चे भी हैं जिनके सिर से मां-बाप का साया उठ गया है। उनके सामने सबसे बड़ा संकट रहने, खाने और पढ़ने का खड़ा हो गया है।

### मां पानी समझ पी गई बची हुई शराब

गांव की 16 वर्षीय कोकिला बताती है, पिता आर सुरेश का शराब पीने के बाद मां वदिवु से झगड़ा हो गया था। पिता ने शराब के पैकेट में कुछ शराब छोड़ दी थी। मां ने उसे अजवाइन का पानी समझकर पी लिया। कुछ समय बाद दोनों बीमार पड़ गए। हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले गए लेकिन बचाया नहीं जा सके।

कोकिला का 15 वर्षीय भाई एस. हरीश कहता है कि हम कहां रहेंगे, क्या खाएंगे और अब हमें पढ़ाएगा कौन?। हरीश के साथ बूढ़ी दादी और एक छोटा भाई भी रहता है।

### दादी को पोतों की चिंता

आर. सुरेश की तरह 25 वर्षीय जी. प्रवीण कुमार ने भी जहरीली शराब से जान गंवाई है। उसकी पत्नी चार साल पहले परिवार छोड़कर चली गई थी। उसके 7 और 5 साल के दो बेटे हैं। प्रवीण की 65 वर्षीय मां को दोनों पोतों की चिंता सताए जा रही है।

### अंत समय तक पापा ने हाथ पकड़ा हुआ था

कल्लकुरिची सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सुरक्षाकर्मी के रूप में काम करने वाली एस. तमिलरासी ने बताया कि दिहाड़ी मजदूरी करने वाले मेरे पिता नियमित रूप से शराब पीते थे। 19 जून को उन्होंने भी शराब पी थी। हालत बिगड़ने पर मैं उन्हें अस्पताल लेकर आई तो उन्होंने मेरा हाथ पकड़ा हुआ था। उनको मरते हुए देखने मेरे लिए किसी भयावह सपने जैसा था।

## पेज एक का शेष

### एंटी-पेपर

कानून के तहत सभी अपराध संज्ञेय और गैर जमानती होंगे। गौरतलब है कि हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा था कि परीक्षा को लेकर सख्त कानून बना रहे हैं।

**परीक्षा सेंटर 4 साल के लिए होगा सस्पेंड :** अगर किसी परीक्षा केंद्र की गड़बड़ी में भूमिका पाई जाती है तो उस सेंटर को 4 साल के लिए सस्पेंड किया जाएगा। उस सेंटर को 4 साल तक के लिए कोई भी सरकारी परीक्षा कराने का अधिकार नहीं होगा।

**सेंटर में हर किसी का प्रवेश नहीं:** ये कानून के मुताबिक परीक्षा सेंटर हर कोई प्रवेश नहीं कर सकेगा। किसी भी ऐसे व्यक्ति को जिसे परीक्षा से जुड़ा काम नहीं दिया गया है, उसकी परीक्षा सेंटर पर अनुमति नहीं होगी।

### नीट-यूजी विवाद

एनटीए के नियमों के मुताबिक परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड एनटीए के दिल्ली मुख्यालय में केंद्रीय नियंत्रण कक्ष को भेजी जानी चाहिए। वहां विशेषज्ञों की टीम इसकी निगरानी करती है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि 399 में से 68 केंद्रों (16 फीसदी) पर स्ट्रॉन्ग रूम में कोई सुरक्षा गार्ड नहीं था। नियमों के मुताबिक प्रश्न पत्रों के वितरण तक स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा के लिए एक गार्ड तैनात होना चाहिए।

**गिरफ्तार आरोपी को सिर्फ 185 अंक :** इस बीच, नीट परीक्षा में पेपर लीक के जुड़े मामले में आरोपी अभ्यर्थियों की स्कोरकार्ड सामने आया है। एक न्यूज चैनल ने इसका खुलासा करते हुए बताया कि मामले में गिरफ्तार अनुराग यादव को कुल 720 अंक में सिर्फ 185 अंक ही मिले हैं। अनुराग को 54.84 पर्सेंटाइल अंक मिला है। उसे फिजिक्स में 85.8, बायोलॉजी में 51 और केमिस्ट्री में सिर्फ 5 पर्सेंटाइल अंक मिले हैं। अनुराग की ऑल इंडिया रैंकिंग 10,51,525 है। ओबीसी वर्ग में उसकी रैंकिंग 4,67,824 है। इसी मामले में दूसरे आरोपी को 720 में 300 अंक मिले हैं। उसे कुल 73.37 पर्सेंटाइल अंक आए हैं। बायोलॉजी में 87.8 पर्सेंटाइल अंक हासिल करने के बावजूद वह फिजिक्स में मात्र 15.5 और केमिस्ट्री में 15.3 पर्सेंटाइल अंक ही ला पाया है। हालांकि दो अन्य आरोपियों ने अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन किया है। एक ने 581 तो दूसरे ने 483 अंक हासिल किए हैं।

**देशभर में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन :** नीट परीक्षा में कथित धांधली को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की शुरुआत राज्यों के कांग्रेस मुख्यालयों से की गई। लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा घेराव के लिए निकले। पुलिस ने उन्हें रास्ते में हिरासत में ले लिया।

**तेजस्वी के पीएस से की जाएगी पूछताछ:** पेपर लीक को लेकर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव सवालों के घेरे में हैं। बिहार की आर्थिक अपराध इकाई उनके पीएस प्रीतम कुमार से पूछताछ करेगी। आरोप है कि गिरफ्तार सिकंदर प्रसाद के कहने पर प्रीतम ने गेस्ट हाउस में कमरा बुक कराया था, जहां कुछ अभ्यर्थियों को ठहराकर पेपर दिया गया।

**राजद ने डिप्टी सीएम पर किया पलटवार:** बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने आरोप लगाया था कि पेपर लीक का आरोपी सिकंदर यादवेन्दु पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के पीएस प्रीतम कुमार का संबंधी है। इस पर पलटवार करते हुए राजद ने शुक्रवार को एक तस्वीर शेयर की और दावा किया कि इसमें विजय सिन्हा और भाजपा नेता सम्राट चौधरी पेपर लीक के मुख्य आरोपी अमित आनंद के साथ नजर आ रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर ...

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 की धारा 21 (2) में प्रावधान है कि विधानसभा के प्रत्येक आम चुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन किया जाएगा। इसी के अनुरूप 01 जुलाई- 2024 को या उससे पहले 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले सभी पात्र नागरिकों के पंजीकरण और मतदाता सूची सुधार के उद्देश्य से आयोग ने फोटो मतदाता सूचियों का दूसरा संक्षिप्त संशोधन करने का निर्णय लिया है। यह संशोधन 25 जुलाई से शुरू होगा और 20 अगस्त को समाप्त होगा। संशोधन प्रक्रिया से पहले चुनाव आयोग 25 जून से 24 जुलाई तक जम्मू कश्मीर और तीन राज यों में संशोधन से पहले की प्रक्रियाएं पूरी कर लेगा।

**सितंबर तक चुनाव की तैयारी:** जम्मू-कश्मीर विधानसभा का 2018 में विघटन कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। उसके बाद से वहां चुनाव का इंतजार किया जा रहा है। फिलहाल वहां विधानसभा नहीं है। हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल 11 नवंबर, महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर और झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को पूरा हो रहा है। यानी इन तीन राज्यों में उक्त तिथियों से पहले चुनाव कराए जाएंगे। निर्वाचन आयोग की तैयारी जम्मू-कश्मीर में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार 30 सितंबर तक चुनाव कराने की है। यदि बीस अगस्त तक मतदाता सूची को अंतिम रूप दे दिया जाता है तो 30 सितंबर तक चुनाव कराने का रास्ता साफ हो जाएगा। यदि तीन अन्य राज्यों के साथ चुनाव कराने का निर्णय होता है तब जम्मू-कश्मीर में अक्टूबर-नवंबर तक चुनाव हो सकते हैं।

**राज्य का दर्जा देने के बाद हो चुनाव: कर्ण सिंह :** जम्मू-कश्मीर के पूर्व सदरे रियासत और पूर्व राजपरिवार के सदस्य कर्ण सिंह ने कहा कि ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देना चाहती है। उनके लिए सुझाव है कि यदि विधानसभा चुनाव कराना ही है तो राज्य का दर्जा देने के बाद ऐसा करें।

**ईवीएम की जांच के लिए आठ आवेदन:** लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को जारी करने के बाद कुछ उम्मीदवारों ने कई पोलिंग स्टेशनों पर ईवीएम के वेरिफिकेशन की मांग की है। चुनाव आयोग को 8 उम्मीदवारों से ऐसे आवेदन मिले हैं। इन उम्मीदवारों ने वोटिंग मशीनों में लगे माइक्रो-कंट्रोलर चिप्स से छेड़छाड़ की जांच कराने का आग्रह किया है। आवेदकों में भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी शामिल हैं।

### हाईकोर्ट में ...

वहीं राउज एवेन्यू कोर्ट की वेकेशन जज न्याय बिंदु ने गुरुवार को केजरीवाल को जमानत देते हुए टिप्पणी की थी कि ईडी पक्षपात के बिना काम नहीं कर रही है। वह अपराध की आय के बारे में मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य देने में विफल रही। रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य केजरीवाल के खिलाफ आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, इसलिए किसी भी तरह साक्ष्य हासिल करने में समय लग रहा है। उन्होंने कहा, 'जांच एक कला है। कभी-कभी आरोपी को जमानत और क्षमा का लालच दिया जाता है, अपराध के पीछे की कहानी बताने के लिए कुछ आश्वासन दिया जाता है। किसी भी व्यक्ति को उसके खिलाफ सामग्री हासिल कर फंसाया जा सकता है।' वेकेशन जज ने कहा कि ईडी को 'त्वरित और निष्पक्ष' होना चाहिए, ताकि माना जा सके कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का भी पालन किया जा रहा है।

### केजरीवाल है ...

एचडी रेवन्ना को कथित अपहरण मामले में जमानत दे दी गई, जबकि अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन के साथ टॉम, डिक या हैरी जैसा व्यवहार किया जा रहा है, कितनी अजीब बात है।' टॉम, डिक एंड हैरी अंग्रेजी भाषा का एक मुहावरा है, जो कि मामूली या साधारण आदमियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। सिब्बल ने टॉम, डिक या हैरी वाला तंज इसलिए दिया क्योंकि हाल ही में कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य के पुलिस अधिकारियों को पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडियूरप्पा को उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो के मामले में गिरफ्तार करने से रोक दिया था।

अदालत ने पुलिस से कहा था कि वे कोई टॉम, डिक या हैरी नहीं हैं। जिसके बाद अदालत की इसी टिप्पणी को याद करते हुए सिब्बल ने केजरीवाल के लिए यह बात लिखी।

## आज का राशिफल शनिवार, 22 जून 2024

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ*<br>कम समय में काम को पूरा करने में लगे रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। विशेष महत्व के कार्य पूरा करें। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो*<br>समय अनुकूल नहीं है, निवेश से बचें। धैर्य से कार्य सम्पादन में लगे रहें। रुके कार्यों की पूर्ति की होंगी। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह*<br>समय का सदुपयोग करें दोस्तों के साथ मिलकर कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। विशेष लोगों से मुलाकात होगी। |
| कर्क | *हि, हु, हे, हो, डा, डी, डु, डे, डो*<br>अपनों की बातों से मन दुखी होगा। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आश्वासन प्राप्त होंगे। कारोबार में सफलता मिलेगी। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे*<br>दिन की शुरुआत व्यस्तता पूर्वक रहेगी। देव दर्शन और निजी कार्यों में समय बीतेगा। कारोबार में सफलता मिलेगी। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो*<br>आध्यात्मिक तरक्की होगी। धन लाभ के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। परिजनों का सहयोग मिलेगा। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते*<br>कारोबार विस्तार के योग बन रहे हैं। नई योजना का लाभ मिलेगा। परिजनों का व्यवहार कमजोर रहेगा। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू*<br>काम बहुत हैं आप अच्छे से कार्यनीति तय करें। काम आरम्भ न करें। धैर्य से अपने कार्यों को समर्पित रहे। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे*<br>स्वास्थ का ध्यान रखें। अनुकूल समय का सदुपयोग करें। महत्व के कार्यों को प्राथमिकता दें। अपनी संगत बदलें। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी*<br>शासन-प्रशासन का सहयोग न मिलने से कार्य बाधित होंगे। लंबित कार्यों में आशाएं बलवती होंगी। प्रगाढ़ता आएगी। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा*<br>साझेदारी में किए कारोबार में तरक्की होगी। धन लाभ होता रहेगा। नया मकान दुकान खरीदने के योग है। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि*<br>समय अनुकूल नहीं है सतर्क रहें। कोई नया काम आरम्भ करने में विलंब होगा। शुभ भावनाओं का उदय होगा। |

**ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास,** पंचांगकर्ता, उज्जैन


### ग्रह-नक्षत्र ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1445 | ऋतु: | वर्षा |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | जिलहिज-15 | मास: | ज्येष्ठ |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | शुक्ल |

### आज का दिन

**शनिवार, 22 जून, 2024**

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज प्रात: 07-20 से प्रात: 09-03 तक शुभ तथा दोपहर 12-28 से सायं 05-37 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-01 से दोपहर 12-56 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** पूर्णिमा तिथि प्रात: 06-38 तक, तदुपरान्त आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा अन्तरात सूर्योदय पूर्व 05-14 तक, तदन्तर द्वितीया तिथि प्रारम्भ हो जायेगी। इस प्रकार आज प्रतिपदा का क्षय हुआ है। पूर्णिमा तिथि में मांगलिक कार्य, अलंकार, प्रतिष्ठा, यज्ञकर्म और कृष्ण प्रतिपदा में विवाहादि मांगलिक कार्य, वास्तु कर्म, यात्रा व अन्य शुभकार्यादि शुभ होते हैं, पर अभी मांगलिक विवाहादि के लिए समय शुद्ध नहीं हैं।

**नक्षत्र:** मूल "तीक्ष्ण अधोमुख" संज्ञक नक्षत्र सायं 05-54 तक, तदुपरान्त पूर्वाषाढ़ा "उग्र व अधोमुख" संज्ञक नक्षत्र हैं। मूल गण्डान्त संज्ञक नक्षत्र भी है। मूल नक्षत्र में यथाअवाश्यक यज्ञोपवीत, विद्यारम्भ, द्विरागमन, जल-पूजन, वास्तु-शान्ति आदि से सम्बन्धित कार्य करने योग्य है, पर अभी समय शुद्ध नहीं हैं।

**योग:** शुक्ल नामक नैसर्गिक शुभ योग सायं 04-45 तक, तदन्तर ब्रह्म नामक नैसर्गिक शुभ योग है।

**विशिष्ट योग:** आज ज्वालामुखी नामक अशुभ योग प्रात: 06-38 से सायं 05-54 तक हैं।

**करण:** बव नामकरण प्रात: 06-38 तक, तदन्तर बालव व कौलव आदि करण क्रमश: हैं।

**व्रतोत्सव :** आज ज्येष्ठी पूर्णिमा, सत्यव्रत, सन्त कबीर जयन्ती, अमरनाथ यात्रा, प्रारम्भ, राष्ट्रीय आषाढ़ मास प्रारम्भ, देवस्नान पूर्णिमा (बं. व उड़ीसा) वट्-सावित्री व्रत पारणा (गुजरात) गण्डमूल सायं 05-54 तक तथा गुरु हर गोविन्द सिंह जं. (प्रा.मत से)।

**चंद्रमा :** चंद्रमा धनु राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि हैं।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज किसी शुभ व मांगलिक कार्यादि के शुभ व शुद्ध मुहूर्त नहीं हैं।

**दिशाशूल:** शनिवार को पूर्व दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है, पर आज धनु राशि के चन्द्रमा का वास पूर्व दिशा की यात्रा में सम्मुख रहेगा, जो पूर्व दिशा की यात्रा में लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): प्रात: 9-00 बजे से प्रात: 10-30 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।


**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (यो, भ, भी, भू, धा फा) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि धनु है। जिसका स्वामी देव गुरु बृहस्पति है। इनका जन्म ताम्रपाद से है, जो शुभ है। सामान्यत: ये जातक विशाल हृदयी, धनी, राज-समाज में मान-सम्मान पाने वाले, परोपकारी, वाकपटु तथा न्यायप्रिय होते हैं। इनका भाग्योदय लगभग 27 वर्ष की आयु के बाद होता है। धनु राशि वाले जातकों के कार्य-व्यवसाय, कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। विलासिता की वस्तुओं पर व्यय अधिक होगा।

## योगमय हुई दुनिया : दिल्ली से दुबई... जापान से अमरीका तक ध्यान, योग और सेहत का 'सूर्योदय'

# पीएम बोले, योग विद्या ही नहीं, विज्ञान भी

**नई दिल्ली@पत्रिका.** दुनिया भर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। भोर होते ही पार्क, खुले स्थानों, पहाड़ों और समुद्र की लहरों पर योग साधक जुटने लगे। भारत ही नहीं, अमरीका, जापान, नेपाल, रोम, इटली, फ्रांस, जर्मनी और इंडोनेशिया सहित कई देशों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देश में योग दिवस का मुख्य आयोजन इस बार जम्मू-कश्मीर में था। यहां श्रीनगर के शेरे कश्मीर कन्वेंशन सेंटर में सैकड़ों लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग किया।

प्रधानमंत्री ने योग दिवस की बधाई देते हुए कहा, योग विद्या नहीं विज्ञान है, योग से हमें शक्ति मिलती है। आज योग दुनिया भर के लोगों के लिए प्राथमिकता बन चुका है। योग से समाज में बदलाव आ रहा है। रिसर्च तक हो रहे हैं। इस बार योग दिवस की थीम है 'योग स्वयं और समाज के लिए'। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और ब्रिटिश राजदूत क्रिस्टीना स्कॉट ने योग को दुनिया के लिए भारत का उपहार बताया। 2014 में भारत के प्रस्ताव पर 177 देशों ने योग दिवस को समर्थन दिया था। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र संघ ने विधिवत इसे मान्यता दी।




















सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और सांसद हेमा मालिनी योग करते हुए।






हार की बौखलाहट में लगातार जारी रहा आरोप प्रत्यारोप का दौर

# समीक्षा बैठक में भाजपाइयों में चले लात-घूंसे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**सिद्धार्थनगर/सहारनपुर.** लोकसभा चुनाव में जिस लोकसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार हारे हैं। वहां, पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पहुंचकर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे हैं। इन बैठकों में जमकर विवाद और हंगामा हो रहा है। भाजपा की समीक्षा बैठक में सिद्धार्थनगर और सहारनपुर, अयोध्या के साथ अन्य जगह बवाल हुआ है। सिद्धार्थनगर में भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और मारपीट की। जिसका वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले अयोध्या में भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में हो रही समीक्षा बैठक में विवाद हो गया था। सिद्धार्थनगर के इटवा विधानसभा के निरीक्षण भवन में समीक्षा बैठक हो रही थी। पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी और जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान भी की मौजूदगी में हो रही बैठक में दौरान इटवा नगर पंचायत अध्यक्ष विकास जायसवाल के ड्राइवर और भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर मारपीट हुई। बताया जा रहा है कि जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान मुर्दाबाद के नारे लगाए जाने के बाद विवाद हुआ। वायरल वीडियो एक दिन पुराना बताया जा रहा है।

## राज्यमंत्री पर चुनाव हरवाने का आरोप

**वहीं, सहारनपुर** में शुक्रवार को चल रही भाजपा की समीक्षा बैठक में हंगामा हो गया। सहारनपुर सीट कर हारने के बाद प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला समीक्षा बैठक कर रहे थे। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने चुनाव हारने के जिम्मेदार योगी सरकार में पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह और विधायक राजीव गुंबर को बताया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी राज्य मंत्री बृजेश सिंह और नगर विधायक राजीव गुंबर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। समीक्षा बैठक में पार्टी समर्थक एक दूसरे के आमने-सामने आ गए। कार्यकर्ताओं ने नगर विधायक और राज्य मंत्री पर लोकसभा चुनाव हरवाने का आरोप लगाया। कई लोगों ने तो राज्य मंत्री बृजेश सिंह पर राजपूत समाज की पंचायत में फंडिंग करने का आरोप भी लगाया है। हंगामा इतना बढ़ गया कि प्रदेश महामंत्री ने बैठक को बीच मे ही रोकना पड़ा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने साजिश के तहत पार्टी व आरएसएस से जुड़े कार्यकर्ताओं को लाल कार्ड दिए गए। कार्यकर्ताओं ने बताया कि नगर सीट पर 13 हजार, देवबंद से 12 हजार 500, रामपुर मनिहारान में 8 हजार वोट पिछले बार की अपेक्षा घटे हैं।

## गोरखपुर के राप्ती नदी पर डबल टू लेन के पुल की सौगात

**गोरखपुर@पत्रिका.** गोरखपुर से लखनऊ- वाराणसी आने जाने के लिए राप्ती नदी को पार करके जाना होता है. गोरखपुर में सुगम यातायात की व्यवस्था को लेकर राप्ती नदी पर एक साथ डबल टू लेन पुल का निर्माण काम जल्द शुरू हो सकता है।

योगी सरकार इसकी स्वीकृति लोकसभा चुनाव से पहले दे चुकी है. अब इसकी वित्तीय स्वीकृति के साथ करीब 78 करोड़ की पहली धनराशि भी जारी हो गई है। पुल का निर्माण 223 करोड़ रुपए से होगा। अब सीएम के हाथों इसके शिलान्यास की तैयारी है। इसके लिए सेतु निगम ने तैयारी शुरू कर दी है।

इस पुल के निर्माण से पहले शहर में जाने-आने के लिए सिक्स लेन की सड़क और ओवर ब्रिज का भी निर्माण शुरू हो चुका है। इसके साथ नदी पर डबल टू लेन का निर्माण भी जरूरी था। अभी तक इस पर वर्षो पुराने टू लेन के पुल से आवागमन होता है, लेकिन इन दो पुलों के बन जाने से लोगों की राह आसान होगी और जाम भी नहीं लगेगा। राप्ती नदी पर राजघाट के पास एक अपस्ट्रीम पुल का निर्माण होगा, जिस पर करीब 104 करोड़ रुपए खर्च होंगे, तो डाउनस्ट्रीम पुल के निर्माण पर करीब 117 करोड़ रुपए के खर्च का अनुमान है। दोनों पुलों के निर्माण के लिए अलग-अलग वित्तीय स्वीकृति और धनराशि जारी की गई है।

महाकुंभ-2025 : वाराणसी,लखनऊ, रीवा, कानपुर के ढाबों का चयन

# स्मार्ट होगा प्रयागराज...रेस्टोरेंट ढाबा मालिकों का प्रशिक्षण शुरू

### प्रमुख जगहों के ढाबे, रेस्टोरेंट होटल्स होंगे अत्याधुनिक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** महाकुंभ-2025 के दौरान पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मुख्य मार्गो पर बेहतर सुविधाएं देने के लिए ढाबों, रेस्टोरेंट और होटल्स को नया रूप दिया जा रहा है। इसके लिए सरकार उन्हे सब्सिडी दे रही है।

प्रमुख मार्गो में पड़ने वाले प्रमुख ढाबों, रेस्टोरेंट और होटल्स को स्मार्ट बनाया जा रहा है। इसके लिए इनके 75 प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया है। इनको ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लखनऊ-प्रयागराज, कानपुर-प्रयागराज, रीवा-प्रयागराज, चित्रकूट-प्रयागराज , मिर्जापुर-प्रयागराज और वाराणसी-प्रयागराज मार्ग में पड़ने वाले ढाबे, रेस्टोरेंट और होटल्स शामिल हैं।

### नई गतिविधियां शामिल

इसमें 22 नई गतिविधियों को जोड़ा है। इसमें वेलनेस रिसार्ट, हेरिटेज होम स्टे, बजट होटल, हेरिटेज होटल, स्टार होटल, इको टूरिज्म की ईकाइयां, कारवां टूरिज्म, यूनिट, प्रदर्शनी, तीर्थयात्रा, धर्मशालाएं, आल वेदर सीजनल कैंप, जलाशय, झील, वेलनेस टूरिज्म तथा एडवेंचर टूरिज्म शामिल हैं। इसी का विस्तार करने के लिए प्रमुख मार्गो के बड़े ढाबे, रेस्टोरेंट और होटल्स को शामिल किया गया है। इन्हें निवेश के लिए दी जाने वाली राशि में 25 फीसदी की सब्सिडी भी दी जा रही है।




### खानपान और स्वच्छता पर फोकस

**महाकुंभ** के लिए पड़ने वाले इन चयनित ढाबों, रेस्टोरेंट और होटल्स में बुनियादी सुविधाओं की कमी थी। ऐसे में इनमें किचन, सिटिंग एरिया और पार्किंग स्थल को नया स्वरूप देने की योजना तैयार की गयी है। इसी के साथ चयनित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा प्रतिनिधियों को सरकार की तरफ से सहयोग और सब्सिडी दोनों दी जा रही है। प्रदेश की नई पर्यटन नीति में प्रदेश में एग्रो और इको टूरिज्म के साथ धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊंचाईयों पर ले जाने की अपार संभावनाएं हैं।

### कानपुर में 1 करोड़ की लागत से बनेगा डॉग पार्क

**कानपुर.** कानपुर में बेंगलुरु की तर्ज पर पहला डॉग पार्क बनाया जाएगा। इसमें पालतू कुत्तों के खेलने से लेकर खाने तक की सुविधा तो होगी ही, साथ ही साथ उनके लिए उछल-कूद वाले झूले और पाथवे भी बनाये जाएंगे। डॉग पार्क के स्थल और अन्य कार्यों को लेकर नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन ने पशु चिकित्साधिकारी समेत अन्य जिम्मेदारों संग बैठक की। इसमें मुख्य रुप से नवोदय फाउंडेशन के पदाधिकारी भी मौजूद थे. नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन ने बताया कि डॉग पार्क में श्वानों के लिए प्ले ग्राउंड, वॉकिंग पाथ, सेल्फी कार्नर, कैफेटेरिया, मनोरंजन और ट्रेनिंग को लेकर स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कानपुर में यह पहला डॉग पार्क होगा, जो अन्य शहरों के लिए नजीर बनेगा।

रविवार तक मानसून की एंट्री संभव

# प्रदेश के 40 जिलों में 2 दिन झमाझम बारिश का अलर्ट



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** यूपी में आखिर प्री मानसून की एंट्री हो ही गई। देर रात प्रयागराज समेत कई जिलों में तेज बारिश शुरू हो गई। झमाझम बारिश के चलते गर्मी से जूझ रहे लोगों को खासी राहत मिली है। ज्यादातर इलाकों में भीषण लू की स्थिति से निजात मिली है। वहीं, 40 जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। प्रदेशवासियों को अब पूरी तरह से हीट वेव कंडीशन से निजात मिलेगी। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अगले 2 दिनों में मानसून पूरे उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने वाला है।

**इन जिलों में बारिश अलर्ट :** पीलीभीत,लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, संत कबीर नगर, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया गाजीपुर चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, इलाहाबाद, कौशांबी, चित्रकूट, फतेहपुर, बांदा, कानपुर देहात, हमीरपुर, महोबा, कानपुर नगर, जालौन, औरैया, झांसी, इटावा, ललितपुर, फिरोजाबाद, आगरा, हाथरस अलीगढ़ मथुरा गाजियाबाद।

### इन इलाकों में हुई बारिश

**अंबेडकरनगर 24,** आजमगढ़ 12, बहराइच 15, बलिया 28, बलरामपुर 17, देवरिया 5, गाजीपुर 7, गोंडा 9, गोरखपुर 22, लखीमपुर खीरी 11, कुशीनगर 5, महाराजगंज 22, संत कबीर नगर 13, सिद्धार्थ नगर 40, सीतापुर 3,आगरा 4, बरेली 6, बिजनौर 8, हमीरपुर 8, कासगंज 4, मुरादाबाद 10, मुजफ्फरनगर 4, पीलीभीत 3, रामपुर 3, सहारनपुर 6, संभल 3, शाहजहांपुर 3 एमएम बारिश रिकार्ड की गई।

योगी की सरकार ला रही सख्त कानून

# पेपरलीक माफिया पर चलेगा बुलडोजर और 10 करोड़ रुपए का जुर्माना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पिछले काफी समय से परीक्षाओं के पेपर लीक होने की समस्या से जूझ रही है। अब पेपर लीक को रोकने और धांधली करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए सरकार एक नया कानून बनाने जा रही है। उत्तर प्रदेश के विधि व न्याय विभाग की तरफ से प्रस्ताव तैयार करके बनने वाले नए कानून में क्या प्रावधान हो सकते हैं, उसको लेकर दूसरे राज्यों की भी स्टडी की जा रही है। लोकसभा चुनाव 2024 में पेपर लीक का मुद्दा उठाकर विपक्ष ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला था। खास बात ये रही कि नौजवानों के बीच भी गलत संदेश गया कि सरकार पेपर लीक और धांधली रोकने में फेल हो रही है। सरकार युवाओं को नौकरी देने को लेकर गंभीर ही नहीं है। जब यह संदेश निचले स्तर तक गया तो भाजपा को बड़ा सियासी नुकसान उठाना पड़ा।

अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेपर लीक और धांधली रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की बात कही है। सीएम के निर्देश के बाद राज्य सरकार के न्याय विभाग की तरफ से बनने वाले नए कानून में क्या सख्त प्रावधान किए जाने हैं, उसको लेकर प्रस्ताव तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही अन्य राज्यों में भर्ती परीक्षाओं में धांधली रोकने के क्या नियम और प्रावधान हैं, उसका भी अध्ययन किया जा रहा है। पूरा ड्राफ्ट तैयार होने के बाद उसे कैबिनेट में लाया जाएगा। इसके बाद उसे राज्य विधान मंडल के आहूत होने वाले सत्र में सदन से पास कराया जाएगा।

### ये सख्त प्रावधान करने के प्रस्ताव




- पेपर लीक रोकने और धांधली करने वाले गैंग और उनके सदस्यों पर गैंगस्टर एक्ट जैसी कार्रवाई की जाएगी।
- जालसाजी करने वाले अपराधियों पर कार्यवाही के क्रम में उम्र कैद की सजा का प्रावधान किया गया है।
- धांधली करने वाले गैंग के सदस्यो के खिलाफ़ दस करोड़ रूपए का जुर्माना लगाया जाएगा।
- नकल माफियाओं पर गैंगस्टर जैसे एक्ट लगाए जाने की बात भी कहीं गई है।
- नकल विरोधी कानून के अन्तर्गत पेपर लीक करने वाले गैंग व नकल माफियाओं की संपत्ति पर बुलडोजर भी चलाया जाएगा।
- आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए अचल संपत्ति जब्त करने के प्रावधान भी हुए हैं।
- इसके साथ ही सभी अपराधियो की संपत्ति कुर्क करने के साथ ही बुलडोजर चलाकर बड़ा संदेश देने की योजना तैयार की गई है।
- बनने वाले नए सख्त कानून में कई तरह के प्रावधान किए जाएंगे।

### प्रावधान के लिए प्रस्ताव तैयार

**उच्च अधिकारियों** से मिली जानकारी के अनुसार कड़े प्रावधान किए जाने को लेकर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले अपराधियों पर सख्ती के साथ कठोर कार्रवाई करने के कानून के सख्त प्रावधान किए जाएंगे।

नई व्यवस्था | कानपुर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत सेवा शुरू

# यूपी पुलिस आपके घर आकर दर्ज करेगी एफआईआर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**लखनऊ.** किसी भी प्रकार की कोई घटना पर एफआईआर दर्ज करवाने के लिए अब आपको चौकी, थाने या फिर किसी अन्य अफसर के दफ्तर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। क्योंकि शासन ने एक ऐसी व्यवस्था शुरू की है, जिसके मुताबिक बीट पुलिस ऑफिसर और डायल 112 के पुलिसकर्मी पीड़ित के घर जाकर एफआईआर दर्ज कर सकेंगे। हालांकि, यह सेवा अभी कानपुर में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू की जा रही है। कानपुर के डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि, जल्द ही यह सेवा शासनादेश के तहत कानपुर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू की जाएगी। इससे आम लोगों को थानों के चक्कर लगाने से निजात मिलेगी। हालांकि पुलिस की यह नई योजना सिर्फ लड़ाई, चोरी, झगड़ों, सड़क दुर्घटना से संबंधित केस के लिए ही लागू होगी। धोखाधड़ी और अमानत में खयानत के मामलों में लागू नहीं होगा। वहीं, पुलिस मुख्यालय के मुताबिक, यदि कानपुर में यह सफल रहता है तो उसे अगस्त माह तक पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

### यह होगी नई व्यवस्था

**यूपी पुलिस** की इस नई योजना के तहत, डायल 112 के पुलिसकर्मी पहले की ही तरह घटना स्थल पर पहुंचेंगे और कानून व्यवस्था कायम करेंगे। इसके बाद वहां मौजूद दोनों पक्षों से बात की जाएगी और फिर लिखित बयान लिए जाएंगे। इसके बाद डायल 112 के कर्मी दोनों पक्षों या एक पक्ष से शिकायती पत्र लेकर उसे घटना स्थल से ही मोबाइल से फोटो लेकर थाना प्रभारी को भेज देगा. कुछ देर में ही थाने से ही डायल 112 के कर्मी को एक एफआईआर का फॉर्मेट भेजा जाएगा, जिसमें धाराएं भी लिखी होंगी. हालांकि यह सेवा अभी कानपुर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत दिव्यांगों और सीनियर सिटीजन के लिए शुरू की जा रही है।

### यह है पुरानी व्यवस्था

**उत्तर प्रदेश** के किसी भी जिले, गांव, शहर में कोई घटना होने पर सबसे पहले डायल 112 के पुलिसकर्मी ही पहुंचते हैं। ये कर्मी मौके पर पहुंचकर लॉ एंड ऑर्डर कायम करते हैं, घायलों को अस्पताल पहुंचाते हैं फिर वरिष्ठ अफसरों को पूरी घटना से अवगत कराया जाता है। इसके बाद ये डायल 112 के पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद दोनों ही पक्षों को थाने ले जाते हैं या फिर आने के लिए कहते हैं और फिर अग्रिम कार्रवाई थाने द्वारा की जाती है।

## बिहार-झारखंड अपडेट
BIHAR-JHARKHAND UPDATE

### परीक्षा में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन




**नीट और** यूजीसी नेट परीक्षा में भ्रष्टाचार के खिलाफ झारखंड की राजधानी रांची में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध मार्च के साथ साथ प्रदर्शन किया गया।

सरकारी नुमाइंदों के पास उद्घाटन करने तक का समय नहीं

# लाखों की लागत से बना योग स्टूडियो अब तक तालाबंद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**रांची.** पूरी दुनिया ने शुक्रवार को योग दिवस मनाया। झारखंड की राजधानी रांची में भी राजकीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक तरफ जहां योग दिवस पर मंत्री, विधायक और अधिकारी योग कर रहे थे और लोगों को योग के महत्व के बारे में बता रहे थे। वहीं दूसरी तरफ सरकार और अधिकारियों की अनदेखी के कारण रांची स्थित राज्य योग केंद्र में लाखों रुपए की लागत से बना अत्याधुनिक योग स्टूडियो उद्घाटन का इंतजार कर रहा है। इस ओर न तो सरकार के नुमाइंदों का ध्यान हैं और न ही विभाग के अधिकारियों का।

दरअसल, योग स्टूडियो बनाने की नींव इस उद्देश्य से रखी गई थी कि लोगों की सुबह योग के साथ हो, योग की बारीकियां घर-घर तक पहुंचे। इस योग स्टूडियो के जरिए योग कक्षाओं का सीधा प्रसारण किया जाना था। सरकार और आयुष निदेशालय की योजना के अनुसार योग स्टूडियो का निर्माण किया गया। स्टूडियो बनकर तैयार भी हो गया। लेकिन एक साल से ज्यादा का समय बीत गया। न तो इसकी शुरुआत हो सकी, न ही इसका उद्घाटन हो सका और न ही जिस उद्देश्य से इसका निर्माण किया गया था, वह पूरा हो सका।

रांची स्थित राज्य योग केंद्र की मुख्य योग प्रशिक्षका डॉ अर्चना कुमारी कहती हैं कि योग स्टूडियो का लाभ सिर्फ लोगों को योग और उसके लाभ के बारे में बताने में ही नहीं है। इसके जरिए दूसरे हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को भी इसका लाभ मिलेगा। डॉ. अर्चना ने बताया कि राज्य योग केंद्र का स्टूडियो पूरी तरह बनकर तैयार है। एक बार शॉर्ट सर्किट, वायरिंग में कुछ खराबी और मानव संसाधन की भारी कमी के कारण एक भी दिन स्टूडियो में योग का लाइव प्रसारण नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि अगर यह स्टूडियो शुरू होता है तो इसका लाभ सीधे आम लोगों को होगा। आम लोग रोज सुबह अपने मोबाइल पर योगाभ्यास का लाइव प्रसारण देखकर खुद से सही तरीके से योग कर सकेंगे। इससे उन्हें कई जटिल बीमारियों से भी मुक्ति मिलेगी।

झारखंड आयुष निदेशालय की प्रभारी निदेशक सीमा उदयपुरी ने अभी-अभी आयुष निदेशक का पदभार संभाला है। उनका कहना है कि योग दिवस के समापन के बाद वे राज्य योग केंद्र के योग स्टूडियो का निरीक्षण करेंगी और समस्याओं का समाधान करवाएंगी, ताकि यहां से शीघ्र ही लाइव प्रसारण शुरू हो सके।

## सारण में पेड़ से लटका युवक का शव बरामद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छपरा.** बिहार में सारण जिले के खैरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने शुक्रवार को पेड़ से लटका एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विरन टोला गांव निवासी विनोद राय का पुत्र रंजन कुमार राय उर्फ करेजी (18) ट्रैक्टर चालक का काम करता था। गुरुवार की रात को किसी का फोन आने के बाद से वह घर से बाहर निकला और देर रात तक वापस नहीं आया। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। रंजन का शव एक पेड़ से लटका हुआ मिला। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। पुलिस मृतक के परिजनों से मिले आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

गुस्साए ग्रामीणों ने की सड़क जाम

## नवादा में रील्स बना रहे बाइक चालकों ने एक बच्चे को रौंदा, मां-बाप का एकलौता सहारा था

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नवादा.** जिले में रील्स बना रहे बाइक चालकों द्वारा एक बच्चे को कुचल दिया। हादसा गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत अकबरपुर-थाली रोड पर हुआ। जहां बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान दनियार गांव के चंदन मांझी के 7 वर्षीय पुत्र कार्तिक कुमार के रूप में की गई है। घर के एकलौता पुत्र की मौत के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा थाने को दी गयी है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विकास चंद्र यादव व एस आई ललन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और शव को कब्जे में लेने की प्रयास किया। गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे को लेकर सड़क को जाम कर दिया और सरकारी मुआवजे की मांग पर अड़े रहे. जिसके बाद बीडीओ नीरज कुमार राय घटनास्थल पर पहुंचे और सरकारी मुआवजे दिलवाने तथा परिवारिक लाभ के तहत बीस हजार रुपए देने की बात कही और लोगों को समझा बुझाकर शांत करवाया गया। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि हम सभी परिवार कानपुर ईंट भट्ठा पर से काम कर नौ महीने बाद वापस घर लौटे थे। हम सभी ट्रक से सामान उतार रहे थे और बच्चा कार्तिक पास में खड़ा था। तभी तेज रफ्तार बाइक सवारों ने सड़क किनारे खड़े कार्तिक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बताया जा रहा कि चार बाइक सवार रील्स बना रहे थे। इसी दरम्यान बाइक चालकों ने सड़क किनारे खड़े बच्चे को रौंद दिया। तीन बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरानबाइक चालक भागने में सफल रहा।

## रांची में जमीन कारोबारी के घर से 100 कारतूस और एक करोड़ कैश बरामद




**रांची @ पत्रिका.** जमीन घोटाले मामले में एक बार फिर से ईडी की कार्रवाई शुरू हो गई है। शुक्रवार की दोपहर रांची के चर्चित जमीन कारोबारी कमलेश के ठिकानों पर ईडी ने दबिश दी है। कमलेश के कांके रोड और चेशायर होम स्थित कमलेश के ठिकानों पर छापेमारी की है। इस रेड में कारोबारी के घर से 100 कारतूस और एक करोड़ रुपए कैश बरामद किए गए हैं। पूरा मामला जमीन घोटाले से जुड़ा हुआ है। कमलेश के कांके रोड के एस्टर ग्रीन अपार्टमेंट सहित कुछ अन्य ठिकानों पर ईडी की टीम ने एक साथ छापेमारी शुरू की है। पिछले 10 सालों के दौरान कमलेश कुमार ने जमीन के कागजातों में हेर फेर कर करोड़ों की संपत्ति जमा की है। रांची जमीन घोटाले में गिरफ्तार कई आरोपियों के द्वारा कमलेश कुमार को लेकर चौंकाने वाली जानकारियां ईडी को दी गई थी। वहीं, जानकारी ये भी है कि कमलेश के ऊपर कई बड़े अफसर का हाथ है जिसमें कई पुलिस अधिकारी भी हैं। झारखंड के एक बड़े पुलिस अधिकारी कमलेश के चलते ही विवादों में फंसे थे। मामला कोर्ट तक पहुंच गया था।

### योगाभ्यास



**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के मौके पर पटना में स्वास्थ्य विभाग की ओर से योग शिविर लगाया गया। इसमें बिहार के दोनों डिप्टी सीएम, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे सहित कई नेता और अधिकारी शामिल हुए।




कवर्धा. यह मनोरम दृश्य ग्राम जैतपुरी के सामने की पहाड़ी का है। कबीरधाम जिले में मानसून के प्रवेश करते ही शनिवार की सुबह सरोदा से भोरमदेव मार्ग के मैकल पर्वत श्रेणी पर बादलों का डेरा सुकून दे रहा था। इस लुभावने दृश्य को देखकर नागार्जुन की कविता 'बादलों को घिरते देखा है..' की याद आती है।

आदेश जारी

## संगीत विवि की कुलपति मोक्षदा चंद्राकर को हटाया

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** राज्यपाल ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति मोक्षदा चंद्राकर (ममता) को हटा दिया है। यहां आगामी आदेश तक दुर्ग संभागायुक्त को विश्वविद्यालय के कुलपति का दायित्व सौंपा गया है। राजभवन ने विश्वविद्यालय अधिनियम 1956 की धारा 17-ए के तहत कुलपति को हटाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में राजभवन ने आदेश जारी कर दिया है। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने मोक्षदा चंद्राकर को कुलपति नियुक्त किया था। इन चार वर्ष के दौरान उनका कार्यकाल विवादों से भरा रहा। कभी कुलपति पद के लिए उनकी योग्यता को लेकर तो अपनी सुविधा के लिए वो चर्चा में रहीं। विश्वविद्यालय का अध्ययन केंद्र रायपुर में शुरू करने को लेकर भी विवादों में रहीं।



## दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव का शुभारंभ आज

**अम्बिकापुर @ पत्रिका.** आषाढ़ महीने के प्रथम दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति विकासखण्ड उदयपुर के रामगढ़ स्थित विश्व की प्राचीनतम नाट्य शाला स्थल पर दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव का आयोजन 22 एवं 23 जून को किया जा रहा है। दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव का भव्य शुभारंभ शनिवार को सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के सांसद चिंतामणि महाराज के मुख्य आतिथ्य में होगा। वहीं 23 जून को समापन समारोह की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े होंगी। रामगढ़ महोत्सव के प्रथम दिवस 22 जून पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन होगा। इसमें शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया जाएगा। वहीं स्थानीय कवियों द्वारा कवि सम्मेलन में प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

# नीट परीक्षा की कॉपी जांच में गड़बड़ी, कंप्यूटर ने रीड ही नहीं किया सही आंसर

## हाईकोर्ट ने दो सप्ताह में शासन को स्थिति स्पष्ट करने कहा

**बिलासपुर @ पत्रिका.** मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए आयोजित नीट परीक्षा में कॉपी जांचने में गड़बड़ी सामने आई है। छात्रा की याचिका पर हाईकोर्ट ने राज्य शासन को स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश देते हुए अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद रखी है।

### कंप्यूटर द्वारा आंसर रीड न करने को कोर्ट ने माना गंभीर

शासन के जवाब पर याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उक्त प्रश्न का सही उत्तर दिया गया है। उसमें नंबर दिए जाने पर छात्रा के अंक बढ़ जाएंगे। कोर्ट ने कम्प्यूटर द्वारा प्रश्न को रीड नहीं करने के जवाब को गंभीरता से लिया है। जवाब के लिए समय देते हुए मामले को दो सप्ताह बाद निर्धारित किया गया है।



याचिका में बताया गया है कि छात्रा के दो प्रश्न के गलत उत्तर देने पर माइनस मार्किंग की गई है। किन्तु एक सही प्रश्न पर कोई अंक नहीं दिया गया। शासन की ओर से बताया गया कि, कम्प्यूटर ने उस प्रश्न को रीड नहीं किया। निराला नगर बिलासपुर निवासी छात्रा 5 मई 2024 को आयोजित नीट परीक्षा में शामिल हुई। परिणाम घोषित होने के बाद कम अंक मिलने पर उसने ओएमआर शीट निकलवाई। इसमें छात्रा के एक सही प्रश्न के नम्बर ही नहीं दिए गए। वहीं दो प्रश्न पर माइइस मार्क दिए गए। छात्रा की याचिका पर शुक्रवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि प्रश्न क्रमांक 24, 34 व 116 में माइनस मार्क हैं। वहीं प्रश्न क्रमांक 141 को कम्प्यूटर ने रीड नहीं किया है।

# रेप पीड़ित महिला और परिवार पर लगातार आठ एफआईआर, हाईकोर्ट ने कार्रवाई पर लगाई रोक

केस वापस लेने के लिए दबाव बनाने पर पीड़िता के खिलाफ दर्ज कराए मामले

**बिलासपुर @ पत्रिका.** रेप पीड़ित महिला और उसके परिवार के खिलाफ दर्ज आठ एफआईआर पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। जिला कोर्ट में चल रहे सभी ट्रायल पर भी रोक लगा दी गई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डीबी ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर पूछा है कि आखिर राज्य में चल क्या रहा है? एक दलित महिला और उसके परिवार पर बार बार बिना जांच के एफआईआर हो रही है। पुलिस और प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है। कोर्ट ने महाधिवक्ता को इस मामले में जवाब देने कहा है।

### लगातार एफआईआर, कोर्ट ने कहा- पूरा जीवन केस लड़ने में लग जाएगा

पीड़िता की ओर से पैरवी करते हुए एडवोकेट अमन सक्सेना ने कोर्ट को बताया कि इसी तरीके से पीड़िता और उसके परिवार पर फर्जी तरीके से 8 एफआईआर दर्ज कराए गए। एक केस में जब पीड़िता के परिजन को जमानत मिलती थी तो उससे पहले दूसरी एफआईआर दर्ज करा दी जाती। इससे महिला का परिवार लगातार जेल में रहा। कोर्ट ने कहा ऐसे में तो परिवार का पूरा जीवन ही केस लड़ते हुए बीत जाएगा। पुलिस की ओर से कहा गया कि दो मामलों में क्लोजर रिपोर्ट सौंप दी गई है और मामला जल्द ही खत्म हो जाएगा। बाकी प्रकरणों पर जांच जारी है।

बिलासपुर जिले की रहने वाली विवाहित महिला ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2018 से 12 दिसंबर 2019 के बीच रायपुर के न्यू कालोनी टिकरापारा निवासी आरोपी ने खुद को अविवाहित और डीएसपी बताकर शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता को पता चला कि आरोपी न तो डीएसपी है और न ही अविवाहित है तब उसने संबंध खत्म कर लिया और उसके खिलाफ दुष्कर्म के साथ ही एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करा दिया।

आरोपी ने महिला को धमकी दी कि वह उसे किसी भी केस में फंसा सकता है, साथ ही केस वापस लेने का दबाव बनाया। पीड़िता का वर्ष 2018 में इंदौर में विवाह हुआ। शादी का पता चलने पर आरोपी ने कुम्हारी पुलिस थाने में धोखाधड़ी का झूठा केस दर्ज करा दिया और महिला के पिता, भाई और पति को गिरफ्तार करवाकर जेल भिजवा दिया। याचिका के मुताबिक इसमें उसके मित्र अरविंद कुजूर (आईपीएस) ने पूरी मदद की और अपने प्रभाव का उपयोग किया। बाद में आरोपी ने केस वापस लेकर राजीनामा करने की बात कही, लेकिन खुद का केस वापस नहीं लिया।

### आरोपी को मिला है आजीवन कारावास

याचिका में यह भी बताया गया कि आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) के कोर्ट ने अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में आजीवन कारावास के साथ एक हजार रुपए अर्थदंड, धारा 376 (2) (के) और 376 (2)(एन) में दस-दस वर्ष कठोर कारावास, एक-एक हजार रुपये अर्थदंड, धारा 342 में छह माह,पांच सौ रुपये अर्थदंड, धारा 506 (2) में एक वर्ष कठोर कारावास और पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित करने का फैसला सुनाया है।

# ब्रेकडाउन मालवाहक को पिकअप ने मारा टक्कर, दो की मौत

**कोरबा @ पत्रिका.** राष्ट्रीय राजमार्ग पर 12 घंटे के भीतर दो बड़ी सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पिकअप चालक और परिचालक के अलावा एक अन्य युवक शामिल है। घटना में एक व्यति को गंभीर चोटें आई है। उसे प्राथमिक इलाज के बाद रायपुर रेफर किया गया है। हाइवे पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं राहगीरों के लिए चिंता का कारण बनी हुई है।उत्तराखंड से एक मालवाहक गाड़ी ट्रैक्टर लोड कर अंबिकापुर-कटघोरा के रास्ते पाली होकर रायपुर की एक शो रूम जा रही थी। अंबिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पााली थाना क्षेत्र में सरायपाली ओवरब्रिज के पास मालवाहक गाड़ी ब्रेकडाउन हो गई। चालक ने गाड़ी को सड़क किनारे खड़ी कर दिया।

इस बीच तेज रफ्तार पिकअप ने मालवाहक गाड़ी को पीछे से ठोकर मार दिया। घटना इतना भयावह था कि पिकअप के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक और परिचालक को गंभीर चोटें आई। दोनों के सिर और चेहरे से खून बहने लगा। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने डॉयल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

फेल व असंतुष्ट हजारों छात्रों के लिए बड़ा मौका

# जुलाई में होगी द्वितीय मुख्य बोर्ड परीक्षा, आवेदन शुरू

- छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल आयोजित करेगा परीक्षा
- विलंब शुल्क के साथ 2 जुलाई तक आवेदन जमा करने का मौका

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) परिणाम से असंतुष्ट परीक्षार्थियों के लिए इस वर्ष दोबारा 10वीं-12वीं दोनों कक्षाओं की मुख्य बोर्ड परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। द्वितीय परीक्षा जुलाई में आयोजित जाएगी। परीक्षा के लिए सामान्य शुल्क के साथ आवेदन करने की तिथि 21 से 30 जून तक निर्धारित है। वहीं, विलंब शुल्क के साथ 2 जुलाई तक फार्म जमा कर सकते हैं। द्वितीय परीक्षा के लिए प्रथम मुख्य परीक्षा में पंजीकृत सभी छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकती हैं। निर्धारित तिथि तक नियमित परीक्षार्थी अपने विद्यालय से और अवसर परीक्षार्थी समन्वय संस्थाओं के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**पूरक नहीं, सभी को मिलेगा मौका :** दोबारा मुख्य परीक्षा के आयोजन से अब पूरक परीक्षा का नहीं कराई जाएगी। द्वितीय मुख्य परीक्षा में मुख्य परीक्षा के परिणाम से सभी असंतुष्ट उत्तीर्ण, अनुत्तीर्ण और पूरक वाले परीक्षार्थी हिस्सा ले सकते हैं। यह परीक्षा भी पूरी तरह से 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की तरह से आयोजित की जाएगी। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट परीक्षार्थी एक, दो विषय अथवा सभी विषयों की परीक्षा में दोबारा बैठ सकेगा।

### निर्धारित आवेदन शुल्क

**एक विषय:** 280 रुपए अतिरिक्त

**दो विषय:** 340 रुपए अतिरिक्त

**तीन से ज्यादा विषय:** 640 रुपए अतिरिक्त

**विलंब शुल्क :** सामान्य के साथ 770 रुपए अतिरिक्त

**प्रैक्टिकल शुल्क:** 80 रुपए

प्रैक्टिकल परीक्षा भी दोबारा आयोजित की जाएगी। परिणाम भी द्वितीय मुख्य परीक्षा में बैठने वालों लिए दोबारा जारी किया जाएगा।

**10वीं में 16165 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण, 63910 फेल :** द्वितीय मुख्य परीक्षा ऐसे छात्रों के लिए सुनहरा मौका है, जो बोर्ड में कम नंबर आने असतुंष्ट हैं। 9 मई को माशिमं ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया था, जिसमें 10वीं में 16165 छात्र-छात्राएं तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए थे।63910 छात्र-छात्राएं फेल हो गई थी। वहीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा में 11498 छात्र-छात्राएं तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई थीं और 27554 छात्र-छात्राएं अनुत्तीर्ण रहीं। अब ऐसे छात्र-छात्राओं को अपना परिणाम सुधारने के लिए दूसरा मौका मिलने जा रहा है। वहीं, 10वीं बोर्ड परीक्षा में 19012 छात्रों पर पूरक लगा है। 12वीं परीक्षा के परिणाम 22232 छात्रों पर पूरक लगा है।

## पूर्व आईएएस सिंह बने राज्य निर्वाचन आयुक्त

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** राज्य शासन ने सेवानिवृत्त आईएएस अजय सिंह को राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्ति किया है। यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। बता दें कि अजय सिंह 1983 बैच के रिटायर्ड आईएएस अफसर हैं। अजय सिंह छत्तीसगढ़ के चीफ सेक्रेटरी भी रह चुके हैं। रिटायरमेंट के बाद उन्हें राज्य नीति आयोग में उपाध्यक्ष भी बनाया गया था। अब उन्हें राज्य निर्वाचन आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवंबर-दिसंबर में नगरीय निकायों के चुनाव होने हैं। इसलिए राज्य निर्वाचन आयुक्त बनाए जाने से उनकी निकाय चुनाव में महती भूमिका रहेगी।

**बंसल मनरेगा, शर्मा रजिस्ट्रार और नम्रता को सीईओ का जिम्मा**

राज्य शासन ने आईएएस रजत बंसल को मनरेगा आयुक्त तो आईएएस कुलदीप शर्मा को सहकारी संस्थाएं रजिस्ट्रार का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इसके साथ ही आईएएस नम्रता जैन को सुकमा जिला पंचायत सीईओ नियुक्त किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी आदेश में कहा गया है कि वाणिज्यिक कर (जीएसटी) आयुक्त तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अतिरिक्त प्रभार संचालक आईएएस रजत बंसल मनरेगा आयुक्त और पाठ्य पुस्तक निगम प्रबंध संचालक तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अतिरिक्त प्रभार नियंत्रक आईएएस कुलदीप शर्मा को सहकारी संस्थाएं रजिस्ट्रार का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन से लेकर जिला मुख्यालयों में योगाभ्यास, राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हुए शामिल

# आम से लेकर खास ने योग कर निरोग रहने का दिया संदेश



**रायपुर** स्थित साइंस कॉलेज ग्राउंड में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में आम आदमी से लेकर खास लोगों ने यहां शिरकत की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है, वह उद्देश्य आज सफल हो रहा है।

## योग स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए भी जरूरीः सीएम



इस दौरान सीएम साय ने कहा, योग की प्राचीन परंपरा हम सभी को स्वस्थ जीवन पद्धति से जोड़ती है। योग न केवल स्वस्थ जीवन के निर्माण के लिए, बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए भी जरूरी है। जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है, वह उद्देश्य आज सफल हो रहा है। आज पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ रही है और अपना रही है।

साइबर क्राइम | व्यापारी पिता का अकाउंट खुद मेंटेंन करता था


# ऑनलाइन मुनाफा कमाने के फेर में छात्र ने गंवाए 25 लाख

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**बिलासपुर.** सोशल मीडिया ऐप पर कम इंवेस्ट पर अच्छा रिटर्न व ऑनलाइन रिव्यू करने पर अच्छी खासी रकम मिलने के झांसे में आकर इंजीनियरिंग छात्र से 25 लाख की साइबर ठगी हो गई।

पुलिस के अनुसार तोरवा निवासी अभिषेक (20) इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा हैं। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि उनके पिता काजल दास की बुधवारी बाजार में आलू-प्याज की दुकान हैं। उनका अकाउंट वही हेंडल करता हैं। कुछ दिन पहले उनके वॉट्सऐप पर एक मैसेज आया और ऑनलाइन रिव्यू व ट्रेडिंग करने के बदले मोटा कमीशन दिए जाने की बात कही।

### यूं फंसता गया जाल में



**अभिषेक** ने बताया कि लालच में आकर वॉट्सऐप नम्बर के माध्यम से टेलीग्राम ग्रुप में जुड कर ऑनलाइन रिव्यू करने लगा जिसके उसे पैसे मिले। इसके बाद उसे मोटी कमाई के लिए ऑनलाइन ट्रेडिंग की सलाह दी गई है। अभिषेक ने 1 लाख 76 हजार 30 रुपए इंवेस्ट किए। कुछ दिन बाद यह रकम 26 लाख 8 हजार 51 रुपए ऐप में शो होने लगी। ये राशि जब खाते में नहीं आई तो अभिषेक ने ब्रोकर से बात की तो पता चला कि ट्रेडिंग के दौरान कुछ गलती हो गई थी। इसकी वजह से अकाउंट फ्रिज हो गया है। अकाउंट को सुचारू करने के लिए रुपए मांगे गए। फिर किसी न किसी बहाने से अलग-अलग किस्तों में 25 लाख 60 हजार 257 रुपए जमा करवा लिए। तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। अभिषेक दास ने साइबर रेंज थाने में ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।

सोशल मीडिया ऐप के माध्यम से मैसेज पर भरोसा कर छात्र ने रिव्यू व ट्रेडिंग करने लगा। आरोपियों ने अकाउंट फ्रिज व स्कोर कम होने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी को अंजाम दिया है। पीड़ित की शिकायत पर अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। **-निमितेश सिंह,** सीएसपी, चकरभाठा

## भिलाई | महिला से 8 लाख 50 हजार की ठगी

**भिलाई.** सोशल मीडिया पर ऑनलाइन वर्क की रील्स देखकर महिला ठगी का शिकार हो गई और उसने 8,50806 रुपए की ठग लिए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि रश्मि सुनील 25 जून को फेसबुक में ऑनलाइन वर्क की रील्स देखी। उसी में दिए गए नंबर पर संपर्क किया। सामने वाले ने टेलीग्राम का लिंक भेजा। आईडी से वीडियो लिंक में स्क्रीनशॉट भेजकर उसमें 10 हजार रुपए जमा कराए। विश्वास में लेने के लिए उसने तुरंत 10 हजार रुपए भेजे। दूसरे दिन फिर से 3 हजार की मांग की। 5 लोगों का ग्रुप आईडी बना दिया और उसी में राशि डालने बोला। पुलिस ने बताया कि ठग ने ग्रुप पर एकाउंट नंबर शेयर किया। महिला को दो ऑर्डर में रकम वापस होने का झांसा दिया बीटीसी में ट्रेड करने बोला। पुलिस ने बताया कि कई पाटर्स में 8 लाख 50 हजार 806 रुपए जमा कर दिया। राशि वापस करने की बात की। तब ठग ने ग्रुप में बताया कि दो मेंबरों ने राशि जमा करने में देरी की। इसका खामियाजा ग्रुप के सभी सदस्यों को भुगतना होगा। इसके बाद ग्रुप को ब्लॉक कर दिया। ब्लॉक ग्रुप को खुलवाने के लिए 50 हजार रुपए की मांग की। तब समझ आया कि उसके साथ ठगी हुई हैं।

# डिंडोरी के रास्ते प्रदेश में मानसून एंट्री

# वर्षा योग

## रफ्तार ऐसी कि 48 घंटे में पूरे प्रदेश में छा जाएगा


भोपाल




पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** एक माह से लगातार झुलसा रही तेज गर्मी से राहत दिलाने के लिए आखिरकार मानसून ने प्रदेश में शुक्रवार को प्रवेश किया। विश्व योग दिवस पर जब पूरा प्रदेश योगाभ्यास कर रहा था, तब छत्तीसगढ़ के रास्ते दक्षिण पश्चिम मानसून पांढुर्ना, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी और अनूपपुर पहुंचा। वर्षा के इस योग में झमाझम बूंदें बरसीं तो गर्मी के तेवर फीके पड़ गए। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, बुरहानपुर कई जिलों में अच्छी बारिश हुई। अमूमन 16 जून को आने वाला मानसून 5 दिन देरी से आया, लेकिन पिछले साल से तीन दिन पहले आया है। 2023 में यह 24 जून को आया था। मानसून ने अपने आने का अहसास गुरुवार रात ही करा दिया था। रात भोपाल समेत कई शहरों में जोरदार बारिश हुई। सुबह 8.30 बजे तक ही राजधानी में पौन पांच इंच बारिश दर्ज की गई। रतलाम में ढाई और मंडला में दो इंच रिकॉर्ड की गई। इंदौर में दिन में तेज बारिश के बाद यहां आंकड़ा 16 मिमी पहुंच गया। प्री-मानसूनी बारिश में भोपाल में जून माह का कोटा पूरा हो गया तो ग्वालियर में आधा बाकी है। यहां औसतन 81.1 मिमी बारिश जून में होती है। अब तक 39.4 मिमी हुई है। मौसम विभाग का कहना है, रफ्तार ऐसी है कि 48 घंटे में पूरे प्रदेश में मानसून छा जाएगा।

### एक ही दिन में भोपाल का कोटा पूरा

भोपाल में प्री-मानसूनी बारिश ने जून का कोटा एक ही दिन में पूरा कर दिया। गुरुवार रात 1.30 बजे से बारिश का सिलसिला चला तो सुबह 8.30 बजे और शाम 5.30 बजे दो मिमी बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार को 123.4 मिमी बारिश हो गई। एक जून से अब तक शहर में 142.2 मिमी बारिश हुई है। औसत बारिश का कोटा 132.8 मिमी है।

### कब-कब मानसून की हुई दस्तक

- 24 जून 2023
- 16 जून 2022
- 10 जून 2021
- 14 जून 2020
- 24 जून 2019
- 26 जून 2018
- 22 जून 2017
- 19 जून 2016
- 14 जून 2015
- 19 जून2014

### जून में चार साल बाद ऐसी बारिश

**भोपाल** में चार साल बाद जून में 24 घंटे में ऐसी बारिश

**इससे** पहले 18 जून 2020 को 24 घंटे में 126 मिमी बारिश हुई थी

**वेस्ट** एमपी से मानसून की एंट्री होती तो यह 16 जून को आता, ईस्ट एमपी से यह 18 जून तक प्रदेश में प्रवेश करता है।



### बारिश कहां कितनी

| | | | |
|---|---|---|---|
| भोपाल | 123.4 | नर्मदापुरम | 20.3 |
| रतलाम | 62 | उमरिया | 19.2 |
| मंडला | 55 | इंदौर | 16 |
| रायसेन | 29.6 | बैतूल | 16 |
| ग्वालियर | 21.6 | मलाजखंड | 15 |
| खजुराहो | 20.4 | खंडवा | 6 |

(सभी आंकड़े रात 8.30 बजे तक मिलीमीटर में)

**बुरहानपुर में दो घंटे 20.2 मिमी बारिश**
बुरहानपुर में सुबह से बादल छाए रहे। दोपहर में झमाझम बारिश हुई। दो घंटे में 20.2 मिमी बारिश हुई।

### उज्जैन-शाजापुर, आगर में प्री मानसून की बारिश, पुलिया पर चढ़ा पानी

उज्जैन प्री-मानसूनी बारिश हुई। शाम मो बादल कुछ समय के लिएबरसे। दिनभर में 14.4 मिमी बारिश हुई। शाजापुर में रिमझिम बारिश हुई। अकोदिया, गुलाना में जोरदार बारिश से मुंडलाय और धनाना की पुलिया के ऊपर से पानी बहने लगा।

### ग्वालियर में आधा कोटा पूरा

ग्वालियर में प्री मानसूनी बारिश चंबल संभाग में मेहरबान रही। दो दिन में औसत से ज्यादा बादल बरस गए। औसत बारिश का आधा कोटा पूरा हो गया।

---

आरएसएस की तारीफ

### 'संघ की तरह घर-घर जाकर बताएं सरकार की वादाखिलाफी'



**भोपाल @ पत्रिका.** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विरोधी कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने संघ की तारीफ की। उन्होंने कहा, हमें संघ से सीखने की जरूत है। विरोध के तरीके बदलने होंगे। आरएसएस का बिना धरना-लाठी खाए प्रभाव है। हमें भी ऐसे करना होगा। सड़कों पर लाठियां खाएं, जरूरी नहीं।आरएसएस की तरह घर-घर जाकर भाजपा सरकार की वादाखिलाफी बताएं। वे भोपाल में नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस के धरने पर बैठे थे।

## न्यूज विंडो

### खंडवा में भूकंप, तीव्रता 3.6

**खंडवा @ पत्रिका.** जिले में शुक्रवार सुबह 9:04 बजे 30 सेकंड तक भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसका केंद्र 17 किमी दूर जलकुआं-रामपुर कलां में था। रिक्टर पर भूकंप की तीव्रता 3.6 दर्ज हुई। कंपन से कई घरों में दरारें पड़ीं। बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

### भांजे को बचाने में मामा भी डूब गए

**उज्जैन@पत्रिका.** जिले के साकरी गांव में कुएं में गिरने से मामा-भांजे की मौत हो गई। हादसा गुरुवार की रात 8 बजे का है। कुएं की मुंडेर पर बैठा जीवन सिंह (30) एकाएक गिर गया, जिसे बचाने के प्रयास में कूदे उसके मामा राजाराम (50) दोनों की ही डूबने से मौत हो गई।

### इंदौर-भोपाल मेट्रो में लगेंगे मेड इन इंडिया प्लेटफार्म स्क्रीन डोर

**इंदौर@पत्रिका.** भोपाल और इंदौर मेट्रो में मेड इन इंडिया प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) लगाए जाएंगे। अब तक देश के अन्य शहरों में शुरू हुई मेट्रो में पीएसडी यूरोप से खरीदे जाते थे। मेट्रो के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड कंपनी पहली बार पीएसडी तैयार करेगी। इस सिस्टम में कई एडवांस फीचर्स और आधुनिक सुरक्षा प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। इसका उद्देश्य यात्रियों को ट्रैक से दूर रखना होगा।

---

गुजरात मॉडल कब लागू होगा, पता नहीं, तब तक लूट जारी है

# नयागांव बैरियर पर उगाही का सिंगल विंडो


लगातार
बैरियर पर हर माह ₹15 करोड़ उगाही, अफसर बोले-प्रभारी से तो मिल लीजिए
पत्रिका में प्रकाशित खबर


**खिड़की वसूली वाली**
नयागांव बैरियर में काउंटर पर पहले ट्रक ड्राइवरों की कतार लगती थी। अब एक-एक कर ड्राइवरों को बुलाकर वसूली की जा रही है।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नीमच.** आरटीओ के नयागांव बैरियर पर ट्रक चालकों के साथ लूट का खेल जारी है। पत्रिका के लगातार इस वसूली के खेल को उजागर करने के बाद जिम्मेदारों ने यहां उगाही का नया मॉडल सेट कर लिया है। यहां गुंडे तैनात किए गए हैं। फोटो और वीडियो बनाया तो धमकी दे रहे हैं। इतना ही नहीं, ट्रक चालकों से वसूली के लिए पहले सभी को कतारबद्ध करते थे, अब बारी-बारी से खिड़की पर बुलाकर नजराना वसूल रहे हैं। आलम यह है कि शुक्रवार दोपहर 1.30 बजे पत्रिका रिपोर्टर ने उगाही की तस्वीर कैमरे में कैद की तो चार युवकों ने फोटो-वीडियो बनाने का कारण पूछा, बल्कि धमकी तक दे दी।

### चालकों की उम्मीद टूटी

परिवहन मंत्री उदयप्रताप के मार्च में किए ऐलान के बाद अब तक प्रदेश के नाकों पर गुजरात मॉडल लागू न होने से ट्रक ड्राइवरों की आस भी टूट गई है। जयपुर से आए ट्रक चालक रमेश सिंह ने नयागांव बैरियर पर नजराना देने के बाद बताया कि पांच साल से गाड़ी चला रहे हैं। मप्र में वसूली का खेल लगातार जारी है। गुजरात मॉडल लागू होता तो लूट बंद हो सकती थी। बैरियर पर हर ट्रक से 1500 से 3000 हजार रुपए तक वसूली हो रही है।

#### अधर में इसलिए मॉडल

परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने गुजरात मॉडल लागू करने की बात कही थी। इसके लिए कमेटी भी बनाई गई। कमेटी ने 77 करोड़ का खर्च व 989 कर्मियों की भर्ती की जरूरत बताई तो ठोस फैसला नहीं हो सका। हालांकि बाद में मंत्री ने साफ किया कि नई नियुक्तियां नहीं होंगी। आधुनिक उपकरण खरीदंगे। यह कब तक पूरा होगा, नहीं कह सकते। इस बयान से लूट के खेल बंद होने पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

---

श्रीअन्न संवर्धन अभियान की शुरुआत, मोटे अनाज पर प्रति क्विंटल 1000 रुपए प्रोत्साहन

# बच्चों के साथ सीएम का योग... बोले-यह आत्मा से मन का जुड़ाव


मुख्यमंत्री आवास में सीएम डॉ. मोहन यादव ने बच्चों के साथ योग किया। उन्होंने योग की बारीकियां और महत्व भी बच्चों को समझाए।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को पूरा प्रदेश योगमय हो गया। मानसून के प्रवेश के साथ ही भोपाल में तेज बारिश हुई तो लाल परेड मैदान में होने वाला मुख्य कार्यक्रम मुख्यमंत्री आवास में शिफ्ट किया गया। यहां बच्चों के साथ सीएम डॉ. मोहन यादव ने योग किया। श्रीअन्न संवर्धन अभियान की भी शुरुआत की। इसके तहत सरकार मोटे अनाज पर प्रति क्विंटल 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि देगी। सीएम ने खाने में मोटा अनाज शामिल करने को कहा। सीएम ने कहा, योग का मतलब ही मन और आत्मा का जुड़ाव है। इसे हमने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। बोले- यह आनंद का विषय है कि 21 जून को ही सूर्यदेव कक्षा बदलते हैं, कालगणना के अनुसार उत्तरायण से दक्षिणायण की ओर प्रवेश करते हैं। यह दिन प्रकृति व खगोलशास्त्र को समझने का मौका देता है।

---

शहडोल: शव ठिकाने लगाने जा रहा था आरोपी

## प्रेमिका की हत्या कर डिक्की में रखा शव, हादसे में खुला राज

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**शहडोल.** अमरकंटक में पढ़ने वाली प्रेमिका की युवक ने चाकू मारकर हत्या कर दी। शव को कार की डिक्की में रखकर वह भाग रहा था। इसी बीच हादसा हुआ और वारदात का खुलासा हो गया। पेड़ से गाड़ी टकराने पर ग्रामीण देखने पहुंचे तो डिक्की में युवती का शव मिला। ग्रामीणों ने पुलिस को खबर दी, तो डर से उमरिया जिले के चेचरिया का रहने वाले आरोपी सूरज पनिका (24) ने एसिड पीकर खुदकुशी का प्रयास किया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

#### नदी में फेंकने ले जा रहा था शव

सूरज ने पुलिस को बताया, चार साल से बीएड छात्रा से प्रेम था। कुछ माह पूर्व उसकी शादी हो गई और युवती से आए दिन विवाद होने लगा। इसलिए उसने हत्या कर दी। वह लाश नदी में फेंकने जा रहा था, तभी हादसा हो गया।

---

माशिमं ने 9वीं-10वीं के विद्यार्थियों की बड़ी राहत

## 9वीं के इसी सत्र से चुनेंगे बेसिक और स्टैण्डर्ड गणित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** गणित का दबाव कम करने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल अब सीबीएसई की तरह बेसिक और स्टैंडर्ड मैथ्स की पढ़ाई की सुविधा देगा। गणित को लेकर छात्रों में अलग-अलग रुचि और क्षमताओं के अनुरूप योजना बनाई है। इसी सत्र से 9वीं और अगले सत्र से 10वीं के छात्र गणित विषय ले सकेंगे। बोर्ड ने 9वी में बेसिक मैथ्स लेने के बाद 10वीं में बदलने की भी सुविधा दी है। इससे प्रदेश के 20 लाख से अधिक छात्रों को लाभ होगा। माशिमं सचिव केडी त्रिपाठी ने बताया, 9वीं के छात्र इसी साल से लाभ ले सकेंगे।

#### यह होगा फायदा

एमपी बोर्ड के छात्रों को पहले समान पाठ्यक्रम की गणित पढ़ाई जाती थी। इससे ऐसे बच्चे जो गणित में अरुचि रखते हैं, उन्हें दिक्कतें आती थीं और असर रिजल्ट में दिखता था। अब वे बेसिक व स्टैंडर्ड मैथ्स चुनकर पढ़ाई कर सकेंगे।

---

## नक्शा पास किया है, उसी हिसाब बनाएं भवन: कोर्ट

**ग्वालियर.** हाईकोर्ट की एकल पीठ ने नक्शे के हिसाब से भवन निर्माण का आदेश दिया है। नगर निगम सहित प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। रमेशचंद्र शिवहरे के अधिवक्ता ने तर्क दिया, याचिकाकर्ता के पड़ोसी घर के पास तलघर खोदकर निर्माण कर रहे हैं। इससे उनके घर की नींव निकल आई है, दुर्घटना की संभावना है। शिकायत पर नगर निगम ने भी कार्रवाई नहीं की। याचिकाकर्ता का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश दिया, यदि नियम का पालन नहीं हो रहा तो निगम उस काम को रुकवाए।


## बर्खास्त बिशप और पत्नी समेत छह पर एफआइआर

**जबलपुर.** आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के बर्खास्त बिशप पीसी सिंह समेत उसकी पत्नी नोरा सिंह व मेथोडिस्ट चर्च इन इंडिया के रेवरेंड जॉन आरए साइमन, रेवरेंड एफजे बालसालेन, रेवरेंड विनय पीटर और जीपी कार्नोल्यूस पर धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

**ये है मामला :** ईओडब्ल्यू एसपी ने बताया, मुख्य सचिव राजस्व का आदेश है, मेथोडिस्ट चर्च ऑफ इंडिया की जमीन केवल चर्च के सदस्यों को लीज पर दी जा सकती है। लेकिन पीसी सिंह ने चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया का बिशप रहते मेथोडिस्ट चर्च इन इंडिया मप्र रीजनल कॉन्फ्रेंस के साइमन, बालसालेन, विनय पीटर और कार्नोल्यूस से सांठगांठ की।

---

# 15 ब्लॉक में लाइब्रेरी और 12500 पदों पर भर्ती की शुरुआत से ही वादे हो जाएंगे पूरे




**भोपाल @ पत्रिका.** प्रदेश के हर ब्लॉक में भाजपा ने संकल्प पत्र में सार्वजनिक पुस्तकालय खोलने का वादा किया है। साथ ही 2.5 लाख पदों पर सरकारी नौकरी देने का वादा भी है। इसे पूरा करने के लिए सरकार के 100 दिनों का रोडमैप पत्रिका ने विशेषज्ञों की मदद से तैयार किया। विशेषज्ञों की मानें तो 100 दिन में सरकार को चरणबद्ध काम करना होगा। 100 दिन में कम से कम 15 ब्लॉक में पुस्तकालय खोलने की शुरुआत और न्यूनतम 12500 पदों पर भर्ती करनी होगी। तब पांच साल में ये वादे पूरे होंगे। भर्ती से जहां पुस्तकालयों को लाइब्रेरियन मिल जाएंगे, वहीं लाइब्रेरी का लाभ भी लोगों को मिलने लगेगा।

## 100 पत्रिका बता रहा है 100 दिन में ऐसे हों काम कि पांच साल में हर ब्लॉक को मिले लाइब्रेरी

### ऐसे पूरा होगा लक्ष्य

**313 ब्लॉक** में सार्वजनिक पुस्तकालय के लिए प्रोजेक्ट तय करना होगा। इसमें पुस्तकालय का स्वरूप का उल्लेख करना होगा। एकरूपता वाले भवन बनाने होंगे। किराये के भवनों से बचना होगा, क्योंकि स्कूल-आंगनवाड़ी भी बरसों से किराये के भवनों में संचालित हो रहे हैं।


**ओपन पुस्तकालय** का कॉन्सेप्ट अपनाना होगा। इसमें स्कूल और उच्च शिक्षा विभाग को साथ करना होगा, ताकि लाभ 10वीं-12वीं के साथ उच्च शिक्षा लेने वाले छात्रों व आम जनता को भी मिले। किताबें, अखबार, मैग्जीन आदि तय करने को समिति बनानी होगी।

**बजट** के लिए राज्य के बजट में प्रावधान करना होगा। केंद्र से भी राशि की मदद लेनी होगी। राज्य शिक्षा मिशन के तहत प्राथमिक शिक्षा में पुस्तकालय के लिए आने वाली राशि का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

**पुस्तकालय** को भौतिक के साथ डिजिटल मॉड्यूल पर भी तैयार करना होगा। देश की बड़ी डिजिटल लाइब्रेरियों व विश्वविद्यालयों की लाइब्रेरियों से इसे कनेक्ट करना चाहिए।

### भर्ती का कदम लाइब्रेरी से जुड़ा

**भाजपा** ने 2.50 लाख भर्ती पांच साल में करने का वादा किया है। इसमें एक लाख भर्ती स्कूल शिक्षा में हो सकती है। 100 दिन में कम से कम 12500 भर्ती करनी होगी। 313 ब्लॉक में लाइब्रेरी के लिए लाइब्रेरियन की नियुक्ति करनी होगी। हर लाइब्रेरी में 1 लाइब्रेरियन और दो सहायक की जरूरत होगी। ऐसे में 100 दिन में 939 लायब्रेरियन की भर्ती करनी होगी।



अपने बीते हुए कल से सीखो

**अपने** बीते हुए कल से सीखो, वर्तमान में जीयो और कल से उम्मीदें रखो। खुद से सवाल पूछना कभी बंद न करें। *- अल्बर्ट आइंस्टीन*

सफलता की यह कहानी है बड़ी प्रेरणादायी, वीडियो देखने के लिए स्कैन करें...

## OFFICE CULTURE

### वर्कप्लेस पर कहां-कहां प्राइवेसी का रखें ध्यान



**1. पर्सनल कॉल्स:** वर्कप्लेस पर लम्बी पर्सनल और सैंसिटिव कॉल्स के लिए किसी ऐसे हिस्से में जाकर बात करें, जहां कर्मचारी नहीं होते।

**2. पर्सनल जानकारी न साझा करें:** अपने क्लाइंट या सहकर्मियों के साथ पर्सनल जानकारियां साझा करने से बचें। अपनी लोकेशन या डॉक्यूमेंट्स न शेयर करें।

**3. ईमेल कॉपी-पेस्ट करने से बचें:** किसी भी पर्सनल ईमेल को कॉपी-पेस्ट करके प्रोफेशनल लाइफ में इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

**4. सोशल मीडिया से बचें:** वर्किंग आवर्स के दौरान सोशल मीडिया से बचने की कोशिश करें। यह आदत ऑफिस में आपकी इमेज को खराब करने का काम कर सकती है, इसलिए नोटिफिकेशन ऑफ रखें।

## CAREER-OPTION

भारत में प्राइवेट कंपनियां अगले 3 महीने में शुरू करेंगी हायरिंग

# आने वाली हैं नौकरियां, ऐसे करें तैयारी

*प्राइवेट सेक्टर में नौकरियों की तलाश में हैं, तो जल्द ही आपका सपना पूरा होगा। अगले 3 महीने में देश की 30 फीसदी कंपनियां कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की तैयारी में हैं। मैनपावर ग्रुप की तरफ से दुनिया के 42 देशों में हुए सर्वे में यह बात सामने आई है। सर्वे कहता है, सितंबर तिमाही में हायरिंग के मामले में भारत दुनिया के छठे पायदान पर है। चीन-अमरीका के मुकाबले भारत में ज्यादा भर्तियां होने का अनुमान है।*

### कहां मिलेंगी नौकरियां?

सर्वे के मुताबिक सबसे ज्यादा 39 फीसदी नौकरियां फाइनेंस और रियल एस्टेट सेक्टर में निकल सकती हैं। वहीं दूसरे पायदान पर हैल्थकेयर फार्मा है। यहां 36 फीसदी नौकरियां निकलेंगी। वहीं 35 फीसदी आइटी सेक्टर, 32 फीसदी एनर्जी, 30 फीसदी इंडस्ट्रियल, 28 फीसदी कंज्यूमर गुड्स, 17 फीसदी कम्युनिकेशन और 17 फीसदी ट्रांसपोर्ट सेक्टर में नौकरियां निकलने की संभावना है।



सर्वे के मुताबिक, सबसे ज्यादा 39 फीसदी नौकरियां फाइनेंस और रियल एस्टेट सेक्टर में निकलेंगी।

### तैयार कर लें अपना रेज्यूमे

1. सबसे पहले अपने रेज्यूमे को अपडेट करें। अपनी उन खूबियों के बारे में बताएं जो आपके सेक्टर से जुड़े विशेषज्ञों या इंटरव्यूअर को आकर्षित करें।
2. रेज्यूमे में अपने सेक्टर से जुड़ी स्किल्स दर्शाएं और इंटरव्यू में उसे पेश करने की कोशिश करें।
3. कोई ऐसी स्किल न लिखें जो आपके अंदर न हो। ऐसा होने पर सफलता मिलते-मिलते रह सकती है।
4. सेक्टर कोई भी हो, उससे जुड़ी बेसिक जानकारी और मौजूदा हालात से हमेशा अपडेट रहना चाहिए। इससे जुड़ा सवाल पूछा जा सकता है।

### क्या करना है?

**सर्वे** में जिन सेक्टर में सबसे ज्यादा नौकरियां निकलने का अनुमान लगाया गया है, उसमें सबसे आगे फाइनेंस और रियल एस्टेट है। यह ऐसा सेक्टर रहा है, जो सबसे ज्यादा सैलरी देने वालों में शामिल है। अगर रियल एस्टेट से ताल्लुक रखते हैं, तो अपनी जानकारी का दायरा बढ़ाएं। रियल एस्टेट के क्षेत्र में बढ़ने वाली चुनौतियों को समझें और इनके समाधान जानने की कोशिश करें। इसके अलावा फाइनेंस को भविष्य के लिहाज से सहेजने का बेहतर तरीका सीखेंगे और उसे बताएंगे तो सलेक्शन आसान होगा।

### हैल्थकेयर सेक्टर

हैल्थकेयर के सेक्टर से जुड़े हैं, तो इसके डिजिटलाइजेशन के फायदे और चुनौतियों को समझें। इसके सॉल्यूशन समझें। ज्यादातर कंपनियां अपने सेक्टर से जुड़े ऐसे ही सवाल पूछती हैं और कैंडिडेट की मेंटल स्किल को परखती हैं। इसके अलावा आइटी सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का रुतबा बढ़ रहा है। एआइ के क्षेत्र में होने वाले बदलाव को समझना और उसके लिए तैयार रहना जरूरी है।

### फील्ड नॉलेज जरूरी

इतना ही नहीं, एनर्जी सेक्टर से लेकर कंज्यूमर गुड्स और ट्रांसपोर्ट सेक्टर तक बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। कंज्यूमर की जरूरतों के बढ़ने के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में मौके भी बढ़ रहे हैं। इसमें उन्हीं को सफलता मिलने की उम्मीदें ज्यादा हैं, जो खुद को समय के मुताबिक तैयार कर सकेंगे। इसलिए बदलते ट्रेंड को समझें और उसके मुताबिक फैसले लें। सकारात्मक असर दिखेगा।

## CAREER TECH

### आइबीएम ने कई पदों पर निकाली भर्ती



देश की जानी-मानी टेक कंपनी आइबीएम ने कई पदों पर भर्तियां निकाली हैं। इन भर्तियों की जानकारी आइबीएम के ऑफिशियल लिंक्डइन पेज से ली जा सकती है।

### इन पदों पर हैं नौकरियां

- **इंफ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट:** इस पद के लिए अभ्यर्थी को बदलती तकनीक के साथ काम करना, डाटा और सिस्टम का एनालिटिक्स समझना आना चाहिए।
- **पैकेज कंसल्टेंट- I :** इसके लिए अभ्यर्थी के पास 4-12 साल का एसएपी फंक्शनल एक्सपीरियंस होना अनिवार्य है। इसके लिए इसके क्लाउड प्रोग्राम की भी जानकारी जरूरी है।
- **पैकेज कंसल्टेंट- II :** 5-12 साल का एसएपी फंक्शनल एक्सपीरियंस होना अनिवार्य है। आर्किटेक्चर और डिजाइन के मुताबिक जरूरतों को समझना आना चाहिए।

## HELPING CAREER

20-32 वर्ष वालों के लिए

### कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया में 214 भर्तियां

कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने असिस्टेंट मैनेजर, मैनेजमेंट ट्रेनी, जूनियर कॉमर्शियल एग्जीक्यूटिव समेत कई पदों के लिए भर्तियां निकाली हैं। कुल भर्तियां 214 हैं।



इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तारीख 2 जुलाई, 2024 है।

### यह है योग्यता

यह भर्तियां सम्बंधित फील्ड में सीएम/सीएमए/पीजी की डिग्री रखने वालों के लिए है। योग्यता की अधिक जानकारी के लिए, ऑफिशियल नोटिफिकेशन देखें। 10 फीसदी पद ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के लिए रिजर्व हैं। अभ्यर्थी की अधिकतम उम्र 30-32 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

https://www.cotcorp.org.in

## WOMEN JOBS

महिलाओं के लिए बेहतर ऑप्शन

# गायनेकोलॉजिस्ट और इंफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट बनकर संवारें कॅरियर

गायनेकोलॉजिस्ट और इंफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट बनकर भी महिलाएं अपना कॅरियर संवार सकती हैं। ये ऐसी प्रोफाइल है, जहां महिलाओं को अधिक मौके मिलते हैं और एक औरत होने के नाते वो दूसरी महिला को बेहतर तरीके से समझ पाती है।

### कहां-कहां हैं मौके?

सरकार हॉस्पिटल के अलावा प्राइवेट हॉस्पिटल, प्राइवेट क्लीनिक और कंसल्टेंट समेत कई मौके मिलते हैं। इसके अलावा सरकारी-प्राइवेट रिसर्च संस्थानों में भी इन विशेषज्ञों की मांग बनी हुई है।



### कैसे करें तैयारी

वर्तमान में गायनेकोलॉजिस्ट और इंफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट बनने के लिए एमबीबीएस और सम्बंधित विषय में एमडी/एमएस होना अनिवार्य है। नीट परीक्षा के जरिए इस फील्ड में आगे बढ़ें।

- महिलाओं की जरूरत को महिला विशेषज्ञ बेहतर समझती है, यही वजह है कि इनकी मांग बढ़ी है।
- बदलती लाइफस्टाइल से इंफर्टिलिटी के मामले काफी तेजी से बढ़े हैं।

## HOW TO BE A TOPPER

# टॉपर्स की कहानियां भरती हैं कैंडिडेट में जोश, इन्हें भी सुनें

हर स्टूडेंट टॉपर बनना चाहता है पर कुछ ही ऐसा कर पाते हैं। टॉपर बनने के लिए, मुश्किल हालात में भी खुद पर कंट्रोल रखते हुए आगे बढ़ना पड़ता है। कई बार स्टूडेंट्स कहते हैं कि उन्हें इस बात का तनाव रहता है कि क्या वे सफल होंगे, परिणाम कैसा होगा? विशेषज्ञ कहते हैं, खुद में जोश भरने के लिए जरूरी है हम टॉपर्स की बातों और कहानियों को ध्यान से सुनें।

### कहानियां सुनें

टॉपर बनने का सफर थोड़ा मुश्किल हो सकता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें तो यह आसान हो जाता है। टॉपर्स अपनी कहानी में इसे बताते हैं।

### कैसे जानें टॉपर्स की बात

- **विशेषज्ञ** कहते हैं, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर टॉपर्स के कई वीडियोज हैं, ब्लॉग हैं और उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी बात रखी है।
- **ध्यान** से टॉपर्स के वीडियो देखें और सुनें। खासकर उन बच्चों के जिनके पास सीमित संसाधन थे। जो दूरदराज के इलाकों से शहर पढ़ने जाते थे। इनके वीडियो हालात से लड़कर कुछ बनने का जज्बा जगाते हैं।
- **कई** बार स्टूडेंट्स को लगता है कि कहीं तैयारी के बाद अच्छा परिणाम न आया तो, क्या होगा? वे दिन-रात इस सोच में डूबे रहते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं, इस बात को टॉपर्स से समझने की कोशिश करें। कैसे वे अपने लक्ष्य पर अडिग रहते हैं। परीक्षा के लिए तैयार की रणनीति से पीछे नहीं हटते और लक्ष्य को हासिल कर लेते हैं।

## JOBS ALERT

**जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रिसर्च, पुडुचेरी**

**पद:** सीनियर रेजीडेंट
**पद संख्या:** कुल 102 पद
**अंतिम तिथि:** 24 जून, 2024
https://jipmer.edu.in/

**न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**

**पद:** असिस्टेंट ग्रेड-1
**पद संख्या:** कुल 58 पद
**अंतिम तिथि:** 25 जून, 2024
https://npcilcareers.co.in/

**एआइईएसएल**

**पद:** एयरक्राफ्ट टेक्नीशियन आदि
**पद संख्या:** कुल 100 पद
**अंतिम तिथि:** 25 जून, 2024
https://www.aiesl.in/

**शॉर्ट रीड** **55,880** *एमबीबीएस सीटें देश के 386 गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध हैं, जहां नीट के जरिए दाखिला मिलता है।* (मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया)

## EARNING APPS

### गेम खेलते-खेलते रुपियो ऐप से करें कमाई



**1. रुपियो** ऐप यूजर्स को कमाई करने का बेहतरीन मौका देता है। इसके जरिए आप ऑनलाइन कमाई कर सकते हैं।

**2. इस** ऐप पर छोटे-छोटे टास्क पूरे करके और व्हील स्पिन जैसे गेम खेलकर कमाई की जा सकती है। इसके अलावा ऐप दोस्तों को रेफर करके भी पैसा कमा सकते हैं।

**3. रिवॉर्ड** कितना होगा, यह टास्क के मुताबिक तय किया जाएगा। इससे जरिए मिलने वाले कॉइन को आप कैश में कंवर्ट करके अपने बैंक में भी आसानी से ट्रांसफर कर सकते हैं।

**4. इसे** गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें और अपनी प्रोफाइल को कम्प्लीट करके जॉइन करें।

https://play.google.com/

## STARTUP-MANTRA

स्टार्टअप के लिए छोटे-छोटे मिथ और उनकी सच्चाई को जानना भी जरूरी

# स्टार्टअप सफल बनाना है, तो इन मिथ को समझें

**स्टार्टअप का आइडिया आते ही लगता है कि यह तो बड़ा आसान है। इससे आराम से लाखों की कमाई की जा सकती है। इसको लेकर लोगों के मन में कई तरह के भ्रम होते हैं। आइए उन भ्रम और उसके पीछे की सच्चाई को जानने की कोशिश करते हैं।**

***भ्रम:* इनोवेशन सफलता का सीक्रेट है?**

**सच:** बेशक इनोवेशन को दुनिया पसंद करती है, लेकिन यह 100 फीसदी सफलता की गारंटी नहीं होता। विशेषज्ञ कहते हैं, अलग होना अच्छा है, लेकिन उस प्रोडक्ट को कैसे बेहतर बनाना है यह बड़ी चुनौती है। यह कितने लोगों के जीवन में बदलाव ला पाएगा या फायदा पहुंचा पाएगा, यह बड़ी बात है। दुनिया की जानी-मानी कंपनियों पर नजर डालेंगे, तो पाएंगे कि वे अलग आइडिया के साथ मार्केट में आईं और उस प्रोडक्ट को बेहतर डिलिवरी भी की। सिर्फ इनोवेशन से काम नहीं चलता है।

***भ्रम:* स्टार्टअप के लिए साथी भी चाहिए?**

**सच:** स्टार्टअप के लिए एक बेहतर प्लान होना जरूरी है। ऐसा प्लान जो अलग हो और अपने टारगेट कस्टमर को कैप्चर करने में सफल हो। इसके लिए किसी का साथ होना कोई अनिवार्य शर्त नहीं है।





***भ्रम:* मैं युवा नहीं हूं। स्टार्टअप शुरू नहीं कर सकता?**

**सच:** यह सच है कि कई स्टार्टअप की नींव युवा या युवाओं की टीम ने रखी, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें उम्र मायने नहीं रखती है। कई ऐसे स्टार्टअप भी हुए हैं, जिसकी नींव 40 या 50 साल की उम्र को पार कर चुके लोगों ने रखी और वे सफल हुए। उम्र से ज्यादा जरूरी है इसे मार्केट में पेश करने का तरीका और इसकी मजबूत तैयारी। यह सबसे अहम पहलू होता है।

***भ्रम:* स्टार्टअप शुरू करने के लिए करोड़ों रुपए निवेश करने होंगे?**

**सच:** विशेषज्ञ कहते हैं, स्टार्टअप शुरू करने में फंडिंग का अहम रोल होता है, लेकिन कई ऐसे स्टार्टअप हुए हैं जिन्होंने मिनिमम इंवेस्टमेंट के साथ शुरुआत की थी। यह निर्भर करता है कि स्टार्टअप प्लान कितना बड़ा है और उसे कैसे शुरू करना। इसलिए जरूरी नहीं कि इसमें करोड़ों रुपए ही लगेंगे।

***भ्रम:* स्टार्टअप रातोंरात अमीर बनाते हैं?**

**सच:** विशेषज्ञ कहते हैं, कई स्टार्टअप ऐसे हुए हैं जिन्होंने फाउंडर्स को कम समय के अंदर करोड़पति बनाया, लेकिन हर बार ऐसा हो यह जरूरी नहीं होता। इसलिए सफलता और विफलता के लिए तैयार रहें। एक सफल बिजनेस खड़ा होने में समय लगता है।

***भ्रम:* स्टार्टअप के लिए सेल्स स्किल होना बेहद जरूरी है?**

**सच:** स्टार्टअप के मामले में सेल्स स्किल बेशक आपको फायदा पहुंचा सकती है, लेकिन इसकी शुरुआत के लिए यह अनिवार्य खूबी नहीं है। जरूरी यह बात है कि आपके अंदर कम्युनिकेशन स्किल बेहतर होनी चाहिए। प्रोडक्ट को अच्छी तरह से समझना और उसे पेश करने की खूबी होनी चाहिए।

***भ्रम:* स्टार्टअप सफल बनाने के लिए कई घंटे काम करने की जरूरत होती है?**

**सच:** स्टार्टअप को सफल बनाने के लिए हार्ड वर्किंग होना जरूरी है, लेकिन जरूरी नहीं कि आपको घंटों काम करना ही पड़े। सबसे जरूरी बात है कि आपकी सोच कितनी प्रोडक्टिव है। आप समस्या का हल निकाल पा रहे हैं या नहीं।

## INNOVATION-NEWS

### पौधों के लिए बनाया ग्रो बैग, पानी की टेंशन नहीं




**केरल** के 78 वर्षीय एय्यो कुरियाकोज ने ऐसे ग्रो बैग का पेटेंट कराया है, जो पौधों को पानी देने की टेंशन से कुछ हद तक मुक्ति दिलाता है। इसे सिंचाई सिस्टम से जोड़ा गया है, जिससे पानी की बचत होती है और पौधों की बढ़त भी बेहतर होती है। वह खेती किसानी से जुड़े रहे हैं और उनका रुझान ऑर्गेनिक फार्मिंग की तरफ अधिक रहा है। ग्रो बैग में पौधों को लगाया जाता है। इसमें प्लास्टिक की बोतल को पानी भरकर उल्टा रखते हैं। उसमें ऊपर की तरफ बड़ा छेद और नीचे की तरफ छोटा छेद करते हैं। इस तरह पौधों की जड़ों तक धीरे-धीरे पानी पहुंचता रहता है, उन्हें बार-बार पानी देने की जरूरत नहीं पड़ती। बोतल का पानी खत्म होने पर उसे दोबारा भरा जा सकता है। इस तरह पौधों को लगातार पानी मिलता रहता है।

## LEARNING TOOLS

20-40 वर्ष वालों के लिए

### एआइ टूल से मार्केटिंग का कंटेंट तैयार होगा फटाफट

एआइ इंसान की जिंदगी को आसान बना रहा है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ की मदद से मार्केटिंग समेत कई तरह के सेक्टर के लिए कंटेंट चंद सेकंड्स में तैयार किया जा सकता है।



### यह है प्रक्रिया

इसका कंटेंट तैयार करने के लिए गूगल पर https://www.copy.ai/tools इस प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रोडक्ट का डिस्क्रिप्शन के साथ वेबिनार टाइटल, बिजनेस नेम, विज्ञापन की स्क्रिप्ट समेत कई चीजों के लिए बस ऑप्शन चुनना होगा और यह एआइ टूल आपको सब कुछ बनाकर दे देगा। इस तरह चंद सेकंड में अपना कंटेंट तैयार कर सकते हैं।

**आपके सुझाव** *और जिन विषयों के बारे में पढ़ना चाहते हैं हमें बताएं। आपके सवाल हमें वाट्सऐप करें* **9057531584**

## LEADERSHIP-LESSONS

# कैसे बनें बदलाव लाने वाले लीडर, वॉरेन बफेट की इन बातों से समझें

दिग्गज अमरीकी कारोबारी और निवेशक वॉरेन बफेट कहते हैं, एक बदलाव लाने वाले लीडर के अंदर कई खूबियां होती हैं, जो उसे अलग बनाती हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में...

- **इंस्पिरेशनल :** बदलाव लाने वाला लीडर ऐसा होता है, जो प्रेरित करता है। अपने टीम मेंबर को आगे बढ़ने के लिए उत्साहित करता है और उन्हें उनकी जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए लक्ष्य पाने में मदद करता है और रास्ता दिखाता है।
- **एथिकल :** लीडर्स के अंदर यह खूबी होनी चाहिए कि वे अपने व्यवहार को सकारात्मक बनाएं। गलत चीजों से बचें और टीम को भी बचाएं। चीजों में पारदर्शिता रखें। किसी के साथ भेदभाव न करें।
- **निर्णय लेने की क्षमता :** एक लीडर में निर्णय लेने की क्षमता और उसे पूरे जोश के साथ निभाने की खूबी जरूरी है।



### इनोवेटिव

यह ऐसी खूबी है जो लीडर में भी जोश भरती है और टीम में भी कुछ करने जज्बा पैदा करती है। इसके साथ उसमें क्रिएटिविटी, रिस्क लेने की कैपेसिटी और लगातार चीजों को बेहतर बनाने की खूबी होना जरूरी है। ये खूबियां देखकर टीम भी प्रेरित होती है और सकारात्मक माहौल भी बनता है।

## TECH KNOWLEDGE

गूगल क्रोम के कुछ फीचर्स से यूजर्स अभी भी अनजान हैं...

# गूगल क्रोम के ये फीचर्स देंगे बेहतर अनुभव

यदि इंटरनेट पर अपना ज्यादातर काम गूगल क्रोम ब्राउजर पर करते हैं तो इसके कई फीचर्स बहुत काम के हो सकते हैं और ज्यदातर लोगों को इनकी जानकारी नहीं। जानिए इन्हें...

### काम आएंगे ये कोड

नया टैब खोलें: Ctrl + T, टैब बंद करें: Ctrl + W, अंतिम बंद टैब खोलें: Ctrl + Shift + T, नई विंडो खोलें: Ctrl + N, इनकॉग्निटो मोड में नई विंडो खोलें: Ctrl + Shift + N, विभिन्न टैब के बीच नेविगेट करें: Ctrl + Tab या Ctrl + Shift + Tab
किसी भी टैब पर जाएं: Ctrl + v, Ctrl + w, आदि। एड्रेस बार पर जाएं: Ctrl + L, पेज को ऊपर/नीचे स्क्रॉल करें: Spacebar (ऊपर) / Shift + Spacebar (नीचे), पेज को जूम इन/आउट करें: Ctrl + Plus / Ctrl + Minus





### कीजिए टैब पिन

अपने सबसे ज्यादा काम के टैब को पिन करने के लिए उस पर राइट-क्लिक करें और पिन का विकल्प चुनें। यह टैब को छोटा करता है और क्रॉस के निशान को हटाकर उसे गलती से बंद होने से बचाता है। यह उन टैब के लिए काम का है, जिनका आप अक्सर उपयोग करते हैं।

### इनकॉग्निटो मोड आजमाएं


गूगल क्रोम को इनकॉग्निटो मोड में चला सकते हैं। यह आपकी ब्राउजिंग हिस्ट्री, कुकीज और कैश को सेव नहीं करता। एक ही सर्विस प्रोवाइडर के एक से अधिक अकाउंट चलाने हैं, तो एक को नियमित मोड में खोलिए और अगले को इनकॉग्निटो मोड में खोल सकते हैं।

### बनाइए पासवर्ड मैनेजर

क्रोम में एक इनबिल्ट पासवर्ड मैनेजर होता है, जो सुरक्षित रूप से आपके लॉगिन क्रेडेंशियल्स को संग्रहित और प्रबंधित करता है। इसे सेटिंग्स->एडवांस्ड->पासवर्ड और फॉर्म->पासवर्ड मैनेजर में जाकर एक्सेस किया जा सकता है। यह अपने पासवर्ड को सुरक्षित रखने में आपकी मदद कर सकता है।

*- आशीष खंडेलवाल*

परिश्रम खाली नहीं जाता



*कर्म करते हुए आगे बढ़िए, परिणाम की चिंता न कीजिए। किया हुआ परिश्रम कभी खाली नहीं जाता। - **गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर***

यूजीसी नेट एग्जाम रद्द, नई तिथि पर होगी परीक्षा
जानने के लिए स्कैन करें...

## KNOWLEDGE-CORNER

# ब्लाइंड क्रिकेट : ऐसा है स्वरूप

प्रमोद जोशी, वरिष्ठ पत्रकार



ब्लाइंड क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंद साधारण गेंद से बड़ी होती है। यह प्लास्टिक की बनी गेंद होती है जिसमें बॉल बियरिंग डाले जाते हैं जो झुनझुने की तरह आवाज करते हैं और इनकी आवाज से खिलाड़ी गेंद का अनुमान लगाता है। गेंदबाज प्ले बोलते हुए अंडरआर्म गेंद फेंकता है, जिससे बल्लेबाज और फील्डर खिलाड़ी जान जाते हैं कि बॉल फेंकी जा रही है। जब यह बॉल बल्लेबाज तक पहुंचती है तो आवाज करती है जिसे सुनकर बल्लेबाज शॉट खेलता है।

### एक साथ जुड़े होते हैं विकेट

ब्लाइंड क्रिकेट में तीनों विकेट एक साथ जुड़े होते हैं। इसमें स्टील की बनी विकेट एक साथ इसलिए बनाई जाती है ताकि इनके गिरते ही आवाज हो और नेत्रहीन खिलाड़ी समझ जाएं कि बैट्समैन आउट हुआ है। हालांकि ब्लाइंड खिलाड़ियों का बैट सामान्य खिलाड़ियों की तरह का ही होता है। जैसे हम लोग अपने परिचितों की आवाज सुनकर जान जाते हैं कि किसकी आवाज है, उसी प्रकार फील्ड में खिलाड़ियों की आवाज सुनकर ये खिलाड़ी भी जान जाते हैं कि कौन किस जगह पर फील्डिंग कर रहा है और ये आवाज देकर उस खिलाड़ी को बोलते हैं कि बॉल किसकी तरफ आ रही है या किसे बॉल रोकनी है।

## COURSE CLICK

अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रम

# सरकारी कॉलेजों में प्रवेश तिथि 19 से बढ़ाकर 26 जून



राजस्थान के सरकारी कॉलेजों में अंडरग्रेजुएट फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले यह तिथि 19 जून थी, जिसे बढ़ाकर अब 26 जून, 2024 कर दिया गया है।

### 19 जुलाई तक होंगे एडमिशन रिन्यू

प्रदेश के कॉलेजों में ग्रेजुएशन प्रथम से द्वितीय वर्ष व द्वितीय से तृतीय वर्ष और मास्टर्स प्रीवियस से फाइनल ईयर में जाने वाले स्टूडेंट्स 19 जुलाई तक आवेदन कर पाएंगे। इसके लिए वे फीस इस दौरान ई-मित्र के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

### जनाधार व आधार कार्ड जरूरी

इन कॉलेज में एडमिशन के लिए जनाधार और आधार कार्ड होना जरूरी है। फॉर्म आवेदन करने के लिए एस्पिरेंट्स को एसएसओ राजस्थान पर आईडी बनानी होगी व शुल्क भुगतान ई-मित्र पर करना होगा। रजिस्ट्रेशन प्रोसेस की पूरी जानकारी एवं अन्य दिशा-निर्देशों के लिए विजिट करें-
https://dceapp.rajasthan.gov.in/

## SELF-HELP

# एकांत में बैठकर पढ़ने से ही बेहतर रिजल्ट संभव



**स्टडी** को लेकर कई बार यह बहस छिड़ चुकी है कि इसके बेहतर परिणाम कैसे लाए जाएं। वाशिंगटन पोस्ट की एक स्टडी रिपोर्ट के अनुसार अकेले में बैठकर की गई पढ़ाई अच्छे रिजल्ट के लिए तो जिम्मेदार होती है, साथ ही यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर साबित होती है। इसके लिए-

- **अपनी** स्टडी टेबल को हवादार व रोशनीयुक्त जगह रखें।
- **सकारात्मक** ऊर्जा मिल पाए, इसके लिए सकारात्मक माहौल बनाएं।
- **स्टडी** टाइम को इस तरह व्यवस्थित करें कि लगातार के बजाय ब्रेक्स में पढ़ पाएं।
- **फोन** का इस्तेमाल स्टडी टेबल पर करने से बचें, ताकि इसकी आदत न हो।
- **पढ़ाई** को प्रोडक्टिव बनाएं, इसके लिए खुद के अनुसार तैयारी रखें।

## Course-choice

सेकंडरी क्लास के बाद कुछ शॉर्ट टर्म कोर्स ऐसे होते हैं, जिनमें अच्छा कॅरियर बना सकते हैं...

# 10वीं के बाद ये कोर्स देते हैं मजबूत कॅरियर का अवसर

**दसवीं बोर्ड परीक्षा पास करने के बाद स्टूडेंट्स चाहें तो शॉर्ट टर्म कोर्स कर सकते हैं। इससे उन्हें न सिर्फ 11वीं का सिलेबस कवर करने में मदद मिलेगी, बल्कि कमाई भी कर सकेंगे। ध्यान रखें 10वीं के बाद कोर्स का चयन सोच-समझकर करें। देख लें कि कितना समय लगेगा और आपकी क्या रणनीति रहेगी।**



दसवीं के बाद किसी भी कोर्स का चयन करने के लिए सबसे पहले आपको यह पता करना चाहिए कि आप करना क्या चाहते हैं। इसमें स्टूडेंट्स को अपने माता-पिता सहित गुरुजनों की मदद लेनी चाहिए।

### क्या कर सकते हैं?

अपने सीनियर्स, टीचर्स, अभिभावकों या कॅरियर एक्सपर्ट से बात कर साइंस, कॉमर्स या आर्ट्स स्ट्रीम से 12वीं की पढ़ाई, आईटीआई, पॉलिटेक्निक या डिप्लोमा, पैरामेडिकल एवं अन्य शॉर्ट टर्म कोर्स आदि का चयन कर सकते हैं।

### वोकेशनल कोर्स

वोकेशनल कोर्स में जॉब आधारित सिलेबस तैयार किया जाता है। आप चाहें तो ये वोकेशनल कोर्स कर सकते हैं - इंटीरियर डिजाइनिंग, फायर एंड सेफ्टी, साइबर लॉ, टेक्सटाइल्स या फैशन डिजाइनिंग और ज्वैलरी डिजाइनिंग आदि।

### कहां बनाएं कॅरियर?

*अगर आप 10वीं पास करते ही नौकरी करना चाहते हैं तो यहां बताए गए किसी कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं-*

- **आईटीआई:** आप आईटीआई चुन सकते हैं। आईटीआई में इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, फिटर, मोटर मैकेनिक, कंप्यूटर जैसे कोर्स प्रमुखता से शामिल किए जाते हैं।
- **इंजीनियरिंग डिप्लोमा:** पॉलिटेक्निक डिप्लोमा कोर्स तीन साल का होता है। इसमें केमिकल, मैकेनिकल, प्लास्टिक, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्यूटर साइंस आदि विषयों की पढ़ाई होती है।
- **होटल मैनेजमेंट-** आप होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। इस क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं।



**डॉ. सविता दीक्षित**
*शिक्षाविद्*

- **नॉन इंजीनियरिंग डिप्लोमा:** 10वीं के बाद नॉन टेक्निकल डिप्लोमा का ऑप्शन भी रहता है। यह डिप्लोमा भी तीन साल का होता है। इसमें फैशन डिजाइनिंग, कमर्शियल आर्ट, टेक्सटाइल्स आदि पढ़ाए जाते हैं।
- **कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग:** तकनीक के इस युग में कम्प्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग जैसे कोर्स में कम्प्यूटर रिपेयरिंग, हार्डवेयरिंग और नेटवर्किंग आदि के बारे में सिखाया जाता है।
- **सरकारी नौकरी:** 10वीं के बाद आप सरकारी नौकरी का विकल्प चुन सकते हैं। आप भारतीय सेना, रेलवे सहित कई भर्तियों में सरकारी नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

## PRODUCTIVE STUDY

बेहतर स्टडी के लिए अच्छी प्लानिंग और तैयारी बेहद जरूरी...

# योजनाबद्ध तरीके से स्टडी के लिए खुद को तैयार रखें

पढ़ाई के लिए आपको सबसे पहले योजना बनानी चाहिए कि आप किस तरह से पढ़ना चाहते हैं। इसके लिए आप टाइम टेबल के साथ ही स्टडी प्लान भी सेट करें। यह आपको प्रोडक्टिव बनाएगा।

- **प्रॉपर** स्टडी के लिए अपना माइंडसेट बनाएं। इसके बाद जब पढ़ने बैठें तो खुद को उत्साहित बनाए रखें।



फोकस

- **हर** सब्जेक्ट के लिए अलार्म सेट कर लें। उसी के हिसाब से स्टडी करें।
- **नियमित** नोट्स का पुनरावलोकन करें और उन्हें समझें। महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को संक्षिप्त रूप में लिखें।
- **विषयों** को माइंड मैपिंग के माध्यम से व्यवस्थित करें।

## CURRENT NEWS

# करंट अफेयर्स क्लियर करने वाले सवाल-जवाब



**Q1 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को किसके साथ एकीकृत किए जाने की घोषणा की गई है?**

***चाइल्ड** हेल्पलाइन 1098 को 112 हेल्पलाइन के साथ एकीकृत किए जाने की घोषणा की गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने अपनी राष्ट्रीय हेल्प-लाइन पहल के तहत चाइल्डलाइन संचालित मौजूदा 1098 को 112 के साथ एकीकृत करने की घोषणा की है।*

**Q2 किस राज्य ने यूपीएससी की भूमिका समाप्त कर पुलिस प्रमुख के चयन की प्रक्रिया में संशोधन हेतु विधेयक पारित किया है?**

***पंजाब** सरकार ने पंजाब पुलिस संशोधन विधेयक को राज्य विधानसभा में पारित किया है, ताकि पुलिस प्रमुख के चयन में यूपीएससी की भूमिका समाप्त की जा सके।*

**Q3 किस केन्द्रीय मंत्रालय ने जेजेएम डिजिटल एकेडमी शुरू करने की घोषणा की थी?**

***जलशक्ति** मंत्रालय, भारत सरकार ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान पेयजल व स्वच्छता विभाग और इको इंडिया जेजेएम डिजिटल एकेडमी की स्थापना के लिए एक एमओयू साइन किया था।*

**Q4 किस पूर्वोत्तर राज्य ने मध्य-पूर्व को 1.3 टन से अधिक अनानास (पाइनेपल) का निर्यात किया?**

***मेघालय** सरकार के कृषि व किसान कल्याण विभाग और मेघालय बेसिन प्रबंधन एजेंसी ने मध्य-पूर्व में 1.3 टन से भी ज्यादा निर्यात को सुगम बनाया है।*

**Q5 किस राज्य ने हथिनीकुंड पर 6134 करोड़ रुपए लागत से बांध बनाने की योजना की घोषणा की?**

***हरियाणा** सरकार ने दिल्ली व आसपास के हरियाणाई क्षेत्रों में यमुना से होने वाली बाढ़ की घटनाओं से बचने के लिए हथिनी-कुंड बांध योजना की घोषणा की।*

**शॉर्ट रीड 77.70** *फीसदी लोग देश में पढ़े-लिखे हैं, जबकि यह आंकड़ा वर्ष 1947 में मात्र 18 फीसदी था। (यूडाइस प्लस की वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार)*

## EXAM CALENDAR

# NEST परीक्षा 30 जून को, एडमिट कार्ड करें डाउनलोड



**नेशनल** एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु परीक्षा का आयोजन 30 जून, 2024 को किया जाना निर्धारित किया गया है। यह परीक्षा दो पारियों में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक पारी का प्रश्न-पत्र सेट अलग-अलग होगा। इस परीक्षा का आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, भुवनेश्वर और यूनिवर्सिटी ऑफ मुम्बई के बायोलॉजी, मैथ्स, फिजिक्स व केमिस्ट्री में पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड एमएससी कोर्स में एडमिशन के लिए किया जाता है। ऑनलाइन मोड पर आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा के लिए 210 मिनट का समय निर्धारित किया जाता है। इसके लिए कुल 200 अंक होते हैं और निगेटिव मार्किंग की जाती है।

www.nestexam.in

## READERS REQUEST

# बिजनेस की शुरुआत

**वर्षा शर्मा, कोटा- मैंने ग्रेजुएशन के बाद ब्यूटीशियन और बुटीक, टेलरिंग आदि कोर्सेज किए हैं। मुझे खुद का व्यवसाय करने के लिए क्या करना चाहिए?**

**कॅरियर काउंसलर, दीपक सक्सेना** - वर्षा, अपना बिजनेस करना अपने आप में आत्मनिर्भरता की राह पर कदम बढ़ाना होता है। आप अगर यह निर्णय कर चुकी हैं तो यह देखें कि सबसे पहले तो आप किस क्षेत्र का चयन करती हैं। इसके बाद आप जो सर्विसेज देना चाहती हैं, वे डिमांड में हैं या नहीं, साथ ही आपके पास कितनी फंडिंग है। इन सभी चीजों की अच्छी तरह से एक्सरसाइज करें। इसके बाद जहां आप अपना व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं, वहां आपके कितने प्रतिस्पर्धी हैं, यह भी ध्यान रखें। जगह किराए पर लेनी हो तो आप कितना खर्च और कितने समय के लिए वहन कर सकती हैं। इन सभी बातों पर विचार कर लें। तब आप प्रोडक्ट, सर्विस और अपने बिजनेस को लेकर भी मजबूत निर्णय कर पाएंगी। अनुभव के लिए कुछ समय जॉब भी कर सकती हैं। ***आप भी भेजें अपने सवाल...***

9057531584

## TEACHING COURSES

शिक्षा जगत में महिलाओं के लिए कई अवसर मौजूद हैं। ये कोर्स कर आप भी आगे बढ़ सकती हैं।

*__शिक्षा__ के क्षेत्र में महिलाओं के लिए काफी अच्छे मौके हैं। सही योजना बनाकर आगे बढ़ें।*

# ये कोर्स करके आप करें साकार अपना... टीचर बनने का सपना



*राजस्थान सरकार ने हाल ही महिलाओं के हक में फैसला करते हुए शिक्षा विभाग के तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्तियों में महिला वर्ग को 30 से बढ़ाकर 50 फीसदी आरक्षण देने की घोषणा की है। शिक्षण क्षेत्र की अगर बात की जाए तो यह महिलाओं के लिए एक विस्तृत क्षेत्र है, जो उन्हें पर्सनेलिटी डवलपमेंट और लर्निंग हेतु अवसर देता है। इससे जुड़े आप ये कुछ कोर्स कर सकती हैं-*

***एलिजिबिलिटी** :* देश में शिक्षण क्षेत्र से जुड़े विभिन्न कोर्स मौजूद हैं। इनमें, बीएड, बीएसटीसी, बीपीएड, एनटीटी जैसे कोर्स प्रमुख हैं। हालांकि अलग-अलग राज्यों में टीचर बनने के लिए अलग-अलग कोर्स और प्रवेश परीक्षाएं पास करना जरूरी होता है। ऐसे में यहां कोर्स से संबंधित जानकारी दी जा रही है। टीचिंग में स्किल डवलपमेंट भी मायने रखता है, इसलिए अपडेट रहें।

### शिक्षक बनने के लिए कोर्स

*शिक्षा के क्षेत्र में जाने के लिए सीनियर सेकंडरी, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल के कई कोर्स मौजूद हैं, जिनमें से ये प्रमुख हैं-*

- **बीएड (बैचलर ऑफ एजुकेशन)-** टीचिंग के क्षेत्र के लिए बीएड कर सकते हैं। बीएड के लिए एंट्रेंस एग्जाम भी जरूरी होता है, जिसके लिए ग्रेजुएट होना अनिवार्य है।
- **बीटीसी (बेसिक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट)-** यह कोर्स उत्तर प्रदेश के कैंडिडेट्स के लिए होता है। इसमें उत्तर प्रदेश के स्टूडेंट्स हिस्सा ले सकते हैं। यह दो साल का कोर्स है और इसके लिए भी एंट्रेंस एग्जाम देना होता है।
- **बीएसटीसी** - राजस्थान में इस डिप्लोमा कोर्स के माध्यम से हर भर्ती में बड़े स्तर पर एस्पिरेंट्स अध्यापक बनते हैं।
- **एनटीटी (नर्सरी टीचर ट्रेनिंग)-** यह कोर्स बड़े शहरों में ज्यादा लोकप्रिय है। इस दो साल के कोर्स में एडमिशन 12वीं के अंकों और कई जगह एंट्रेंस एग्जाम के आधार पर दिया जाता है। एनटीटी करने के बाद आप प्राइमरी टीचर बनने के लिए योग्य हो जाती हैं।
- **बीपीएड (बैचलर इन फिजिकल एजुकेशन)-** फिजिकल एजुकेशन में जॉब के कई अवसर हैं। सरकारी के साथ ही प्राइवेट स्कूलों में भी फिजिकल टीचर्स की जरूरत होती है। इसके एंट्रेंस टेस्ट में फिजिकल फिटनेस टेस्ट के साथ ही लिखित परीक्षा भी होती है।

### टीचर के लिए जरूरी एग्जाम

टीचर बनने के लिए सिर्फ कोर्स करना ही काफी नहीं है, इसके लिए कुछ एग्जाम्स भी क्वालिफाई करने पड़ते हैं-

- **टीजीटी व पीजीटी-** यह टेस्ट स्टेट लेवल एग्जाम है, जो मुख्य रूप से दिल्ली व उत्तर प्रदेश में होता है। टीजीटी के लिए ग्रेजुएट और बीएड होना जरूरी है, जबकि पीजीटी के लिए पोस्ट ग्रेजुएट और बीएड डिग्री होना जरूरी है।
- **टीईटी** - देश के कई राज्यों में इस एग्जाम को बीएड और डीएड करने वाले स्टूडेंट्स के लिए ऑफर किया जाता है। इस एग्जाम में वे स्टूडेंट्स भी हिस्सा ले सकते हैं, जिनका बीएड का रिजल्ट नहीं आया है।
- **सीटीईटी** - केंद्रीय विद्यालय, दिल्ली के स्कूल, तिब्बती स्कूल और नवोदय विद्यालयों में टीचर बनने के लिए इस एग्जाम को पास करना होता है।

### भविष्य के लिए अवसर

इस क्षेत्र में जॉब्स की कोई कमी नहीं है। देशभर में योग्य, ट्रेंड और प्रोफेशनल टीचर्स की मांग बढ़ती जा रही है। ऐसे में समय व तकनीक के साथ अपडेट रहें। साथ ही अपने क्षेत्र के लोगों से कनेक्ट रहें।

### सैलरी

टीचर्स को अच्छे स्केल की सैलरी ऑफर की जाती है। सरकारी स्तर पर तो पदानुसार सैलरी तय होती है, लेकिन निजी क्षेत्र में टीचर्स को उनकी योग्यता व स्किल्स के आधार पर भुगतान किया जाता है।

## SCHOLARSHIP ALERT

# पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना, अप्लाई करें



मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना की अंतिम तिथि बढ़ाकर 26 जून, 2024 कर दी गई है। गौरतलब है कि इसके तहत चयनित एस्पिरेंट्स इंग्लैंड और नॉर्दर्न आयरलैंड के विश्वविद्यालयों में फुल डिग्री मास्टर्स प्रोग्राम हेतु स्कॉलर-शिप दी जाएगी।

### यह है योग्यता

- ***अभ्यर्थी*** इस स्कॉलरशिप के लिए इंग्लैंड और नॉर्दर्न आयरलैंड के संस्थानों से मास्टर्स डिग्री प्रोग्राम हेतु ऑफर लेटर प्राप्त कर चुके हों।
- ***अप्लाई*** करने से पहले एस्पिरेंट्स योजना की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें।
- ***अभ्यर्थियों*** की संख्या की जानकारी भी नोटिफिकेशन में दी गई है।

### ऐसे करें आवेदन

विजिट करें -
https://govt.schemes.in/hi/jhaarakhanada-marana-gao makae-jayapaala-sainha-maund

## STUDY ABROAD

कोर्स व कॅरियर निर्धारित करने से ही बात नहीं बनती, बल्कि सही दस्तावेजीकरण प्रक्रिया भी आनी चाहिए।

# विदेशी यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए सही हों आपके प्रयास

**विदेश में पढ़ाई तो कई बच्चे करना चाहते हैं, लेकिन उनमें से कई को यह भी नहीं पता होता है कि उन्हें विदेशी यूनिवर्सिटी में आवेदन कैसे करना है। यहां इसकी जानकारी दी जा रही है।**

अगर आपका भी सपना विदेशी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने का है, तो आप अपना कोर्स व कॅरियर निर्धारित करें। साथ ही देश का चुनाव भी कर लें। लेकिन दस्तावेजों की पूर्ति पहले से ही होनी आवश्यक है।


### कोर्स व यूनिवर्सिटी का चुनाव

सबसे पहले कोर्स और यूनिवर्सिटी चुनें। इसके बाद उस यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं। ध्यान रखें, सभी यूनिवर्सिटीज के नियम अलग-अलग होते हैं। इनकी वेबसाइट पर आपको अप्लाई करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी भी मिल जाती है। इसके तहत स्टेप्स फॉलो करें।

- ***दस्तावेज पूरे हों :*** अगर आपके पास जरूरी दस्तावेज नहीं हैं, तो विदेशी यूनिवर्सिटी के लिए अप्लाई नहीं कर सकते। कुछ दस्तावेज ऐसे होते हैं, जिसकी जरूरत सभी यूनिवर्सिटी में होती है। ऐसे में उनके बारे में जान लेना चाहिए।
- ***सही तरीके से लिखें एसओपी :*** अगर आपको स्टेटमेंट ऑफ पर्पज के बारे में जानकारी नहीं है तो इसे लिखते समय सावधानी रखें। जिस भी कॉलेज या यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए अप्लाई कर रहे हैं, इसमें उसे चुनने का कारण बताना होगा। वैलिड रीजन बताने के बाद ही आपको एडमिशन मिल सकता है। इसके लिए आप किसी विशेषज्ञ की राय भी ले सकते हैं।



**बेहतर साबित हो अवसर :** विदेश में पढ़ाई करना आपके लिए एक बेहतर अवसर सिद्ध हो सके, इसके लिए आप पहले से ही खुद को तैयार कर लें। अप्लाई करने से पहले पूरी प्रक्रिया को डिटेल में जान लें। इसके बाद ही आवेदन प्रक्रिया में आगे बढ़ें।



**प्रो. अशोक कुमार,**
शिक्षाविद्

**जरूरी दस्तावेज :** पासपोर्ट एवं आईडी जरूर तैयार रखें। मोटिवेशन लेटर, एग्जाम स्कोर कार्ड, रिकमेंडेशन लेटर सहित स्टूडेंट वीजा होना जरूरी है।

## OPEN ADMISSION

**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**कोर्स:** यूजी-पीजी कोर्सेज
**अंतिम तिथि:** घोषित नहीं
https://www.du.ac.in/

**एमडीआई गुरुग्राम**
**कोर्स:** पीजीडीएम बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
**अंतिम तिथि:** 24 जून, 2024
https://mdi.ac.in/

**शासकीय महाविद्यालय, छग**
**कोर्स:** विभिन्न कोर्सेज
**अंतिम तिथि:** 31 जुलाई, 2024
https://cgcollege.org/

**आज का मुकाबला :** आइसीसी टी-20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप-1 में टीम इंडिया का मुकाबला बांग्लादेश के साथ होगा

# भारतीय टीम सेमीफाइनल का टिकट कटाने के इरादे से उतरेगी

**प्रसारण : रात 8.00 बजे**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**एंटिगुआ.** भारतीय टीम जब शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ आइसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में उतरेगी तो उसकी नजरें जीत हासिल कर सेमीफाइनल का टिकट कटाना चाहेगी। टीम इंडिया ने ग्रुप-1 में अफगानिस्तान के खिलाफ पहला मुकाबला आसानी से जीता था। यदि रेकॉर्ड पर नजर डाली जाएं तो टीम इंडिया का टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ शानदार प्रदर्शन रहा हैं। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ कुल तीन मैच खेले हैं और सभी जीते हैं।



आइसीसी टी-20 विश्व कप मुकाबले के दौरान कप्तान रोहित शर्मा के साथ भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ी।

## ओपनिंग जोड़ी बनी परेशानी का सबब

**भारतीय टीम** भले ही इस विश्व कप में लगातार चार मैच जीत चुकी है लेकिन शीर्षक्रम परेशानी का सबब बना हुआ है। विराट कोहली और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी लगातार फ्लॉप साबित हो रही है। दोनों ही बल्लेबाज लगातार रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। विराट कोहली के नाम इस विश्व कप में चार मैचों में 29 जबकि रोहित के नाम चार मैचों में 76 रन है।

***मध्यक्रम में शिवम दुबे पर बड़ी पारी का दबाव:*** विराट और रोहित के अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाज शिवम दुबे भी लगातार रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने इस विश्व कप में चार मैच खेले हैं और सिर्फ 44 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 83.01 का है। ऐसे में शिवम दुबे पर आगामी मैचों के दौरान अच्छी पारी खेलने का दबाव होगा।

***बांग्लादेश के पास आखिरी मौका हारे तो बाहर:*** सुपर आठ के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद बांग्लादेश के पास सेमीफाइनल में जगह बनने का आखिरी मौका है। बांग्लादेश की टीम यदि टीम इंडिया के खिलाफ भी हारी तो वह सेमीफाइनल की होड़ से बाहर हो जाएगी। ऐसे में बांग्लादेश के लिए यह करो या मरो वाला मुकाबला है।

**दबदबा :** विश्व कप में टीम इंडिया अब तक अजेय

**03** मैच भारत ने विश्व कप में ***बांग्लादेश से खेले और सभी जीते***

**05** मैच भारत ने इस विश्व कप में खेले, ***04 जीता, 01 बेनतीजा***

**सुपर-8 अंक तालिका**

| GROUP-A स्थान टीम | मैच | जीते | हारे | बेनतीजा | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. ऑस्ट्रेलिया | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +2.471 |
| 2. भारत | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +2.350 |
| 3. अफगानिस्तान | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -2.350 |
| 4. बांग्लादेश | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -2.471 |

| GROUP-B स्थान टीम | मैच | जीते | हारे | बेनतीजा | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +1.343 |
| 2. दक्षिण अफ्रीका | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.900 |
| 3. वेस्टइंडीज | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.900 |
| 4. अमरीका | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.343 |

अंकतालिका 21 जून के पहले मैच तक की हैं।

**टॉप बैटर** निकोलस पूरन **200** रन वेस्टइंडीज

**टॉप गेंदबाज** फजलहक फारूकी **15** विकेट अफगानिस्तान

**आज का पोल**

**क्या अमरीकी टीम टी-20 विश्व कप में वेस्टइंडीज को शिकस्त दे पाएगी?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

शुक्रवार का जवाब

हां **55**% नहीं **45**%

***पिछला सवाल:*** क्या दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड को शिकस्त देने में सफल होगी?

**आज का मुकाबला**

## वेस्टइंडीज टीम का अमरीका से सामना



रोवमैन पॉवेल, कप्तान विंडीज।

**बारबाडोस @ पत्रिका.** मेजबान वेस्टइंडीज की टीम जब शनिवार को आइसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में अमरीका के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें हर हाल में जीत हासिल करने पर होगी। ग्रुप-2 के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को इंग्लैंड के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदें कायम रखने के लिए विंडीज टीम के लिए अब दोनों मैच अहम हो गए हैं। खास बात यह है कि वेस्टइंडीज और अमरीका के बीच टी-20 इतिहास में पहली बार मुकाबला खेला जाएगा। दूसरी तरफ, अमरीकी टीम को भी पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। इस मैच में हारने वाली टीम सेमीफाइनल की होड़ से बाहर हो जाएगी। ऐसे में दोनों टीमें इस मैच में पूरी ताकत के साथ उतरेगी।

**टी-20 विश्व कप सुपर आठ :** कंगारू टीम ने डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 28 रन से जीता मैच

# बांग्लादेश के खिलाफ कमिंस की हैट्रिक, ऑस्ट्रेलिया की लगातार 5वीं जीत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**एंटिगुआ.** ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दबदबा कायम रखते हुए यहां खेले जा रहे आइसीसी टी-20 विश्व कप सुपर-8 के ग्रुप-1 मैच में जीत से शुरुआत की। कंगारू टीम ने शुक्रवार को खेले गए बारिश से बाधित मुकाबले में बांग्लादेश को 28 रन से हराया और इस टूर्नामेंट में अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की।
टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और बांग्लादेश को आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कंगारू टीम ने शानदार शुरुआत करते हुए 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बनाए। लेकिन तभी बारिश के कारण मैच रोकना पड़ा और जो दोबारा शुरू नहीं हो सका। उस समय डकवर्थ-लुइस नियम के आधार पर ऑस्ट्रेलियाई टीम 28 रन से आगे थी। ऑस्ट्रेलिया की टीम 23 जून को अपना दूसरा मैच अफगानिस्तान से और बांग्लादेश की टीम 22 जून को भारतीय टीम के खिलाफ खेलने उतरेगी।

**प्लेयर ऑफ द मैच**

***कमिंस इस विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज:*** तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने तीन विकेट लिए और इस विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने। उन्होंने 18वें ओवर की पांचवीं गेंद पर महमुदुल्लाह और छठी गेंद पर मेहंदी हसन तथा 20वें ओवर की पहली गेंद पर तौहीद को आउट कर हैट्रिक पूरी की।



**06** विकेट इस विश्व कप में पैट कमिंस ने कुल तीन मैचों में चटकाए

शुक्रवार को खेले गए मैच में विकेट लेने के बाद खुशी मनाते हुए पैट कमिंस (बाएं)।

## ऑस्ट्रेलिया के दूसरे और सातवें गेंदबाज बने

**ऑस्ट्रेलियाई** टीम के तेज गेंदबाज पैट कमिंस आइसीसी टी-20 विश्व कप इतिहास में हैट्रिक लेने वाले ब्रेट ली के बाद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई जबकि कुल सातवें गेंदबाज बने। खास बात यह है कि ब्रेट ली ने भी हैट्रिक बांग्लादेश के खिलाफ ली थी और वह विश्व कप इतिहास में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज थे। ब्रेट ली ने 2007 विश्व कप में हैट्रिक बनाई थी।

| गेंदबाज | देश | विपक्षी टीम | वेन्यू | साल |
|---|---|---|---|---|
| ब्रेट ली | ऑस्ट्रेलिया | बांग्लादेश | केपटाउन | 2007 |
| कर्टिस कैम्फर | आयरलैंड | नीदरलैंड्स | अबु धाबी | 2021 |
| वानिंदा हसारंगा | श्रीलंका | द. अफ्रीका | शारजाह | 2021 |
| केगिसो रबाडा | द. अफ्रीका | इंग्लैंड | शारजाह | 2021 |
| कार्तिक मयप्पन | यूएई | श्रीलंका | गिलोंग | 2022 |
| जोश लिटिल | आयरलैंड | न्यूजीलैंड | एडिलेड | 2022 |
| पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | बांग्लादेश | एंटिगुआ | 2024 |

**सुपर आठ ग्रुप-2 मैच :** इंग्लैंड के खिलाफ द. अफ्रीका के 6 विकेट पर 163 रन

# क्विंटन डिकॉक ने 65 रन की पारी खेली

**सेंट लूसिया.** मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां खेले गए आइसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ के अपने दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वहीं, बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर की आतिशी पारियों के दम पर छह विकेट पर 163 रन बनाए।




शॉट लगाते क्विंटन डिकॉक।

## दूसरा अर्धशतक ठोका

दक्षिण अफ्रीका के ओपनर क्विंटन डिकॉक ने इस विश्व कप का दूसरा अर्धशतक लगाते हुए 38 गेंदों में चार चौकों और चार छक्कों के साथ 65 रन बनाए। वहीं, डेविड मिलर ने 28 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों संग 43 रन की पारी खेली। दूसरी तरफ, इंग्लैंड के लिए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने सर्वाधिक तीन विकेट हासिल किए।

**CROSSWORD** (वर्ग पहेली) **7022...**



**बाएं से दाएं...** 1. मुताबिक, अनुसार (4), 4. आचार नियमों के अंतर्गत (4), 6. चुनौती (4), 7. मुकुट, किरीट (2), 9. कष्ट, परेशानी (4), 12. चांदी (3), 15. रबी उल अव्वल की बारहवीं तिथि (3-3), 17. नरक की ओर ले जाने वाला पाप (3), 18. नाड़ी, नस (2), 19. राय, वोट (2), 20. आश्रय, सहारा, पनाह (3), 22. सम्मान, इज्जत (3), 23. आने वाला व बीता हुआ दिन (2), 25. मुख्य, प्रधान (3), 26. लूंगी (4), 27. मरघट (3)

**ऊपर से नीचे...** 1. ईश्वर का मनुष्य के रूप में जन्म लेना (4), 2. किनारा, तट (2), 3. उत्कट इच्छा, जानने की उत्कंठा (3), 4. कमल, अरविन्द (3), 5. उष्ण, ताता (3), 8. भावना (4), 10. जिंदगी, जीवन (3), 11. भीगा हुआ, सना हुआ (5), 13. तीर रखने का चोगा (4), 14. पर्दा, ढक्कन (4), 16. फागुन माह के उत्सव के गीत (2), 17. आग, अग्नि (3), 19. मुस्लिम पाठशाला (4), 21. ईश्वर (3), 22. पग, डग (3), 24. बुरी आदत (2)

**हल 7021**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खि | ता | ब | ■ | आ | द | म | क | द |
| ल | ■ | र | स | द | ■ | ह | ■ | म |
| वा | द | क | ■ | त | ह | ल | का | ■ |
| ड़ | ■ | रा | ज | ■ | या | ■ | म | म |
| ■ | स | र | ह | द | ■ | क | द | र |
| द | वा | ■ | म | ह | ता | री | ■ | घ |
| गा | ■ | अ | त | श | ■ | ब | ज | ट |
| बा | द | ल | ■ | त | मा | ■ | ला | ■ |
| ज | ■ | ग | र्ज | ■ | त | वा | ल | त |

**SUDOKU 6757...**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 9 | | | | | 2 |
| | | | 7 | | | | | 4 |
| 4 | | 5 | | 6 | | 8 | | |
| | 5 | 2 | | 8 | | | | |
| | | | | | 6 | | | |
| | | 4 | | 7 | | 1 | 6 | |
| | 6 | | | | | 7 | | 1 |
| | 3 | 1 | 5 | | | | | |
| | | | | 2 | | | | 9 |

**हल 6756**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 3 | 9 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 | 2 | 5 |
| 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 8 |
| 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 7 | 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 | 5 | 7 | 1 |
| 6 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 9 |
| 4 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 1 | 3 | 6 |

**कैसे खेलें :** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**बर्मिंघम क्लासिक टेनिस :** रूस की 20 वर्षीय खिलाड़ी डायना को दी शिकस्त

# एलिसबेता कड़े संघर्ष के बाद अंतिम-4 में

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बर्मिंघम.** इटली की 23 वर्षीय एलिसबेता कोकियारेटो ने शानदार प्रदर्शन कायम रखते हुए शुक्रवार को बर्मिंघम क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने महिला एकल के अंतिम आठ मुकाबले में रूस की 20 वर्षीय डायना श्नाइडर को बेहद कड़े संघर्ष के बाद 5-7, 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। हालांकि एलिसबेता को पहले सेट में हार झेलनी पड़ी लेकिन उन्होंने जबरदस्त पलटवार किया।



एलिसबेता।

***अजेय रेकॉर्ड कायम रखा:*** एलिसबेता ने डायना के खिलाफ अजेय रेकॉर्ड कायम रखा। उन्होंने डायना के खिलाफ कुल तीन मैच खेले और सभी में जीत हासिल की। मैच जीतने के बाद एसिबेता ने कहा कि अब उनकी नजरें यहां खिताब हासिल करने पर है।

**निशानेबाजी :** 21 सदस्यीय भारतीय शूटिंग दल पेरिस में चुनौती पेश करने जाएगा

# श्रेयसी सिंह को ओलंपिक टीम में मिली जगह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया है। श्रेयसी सिंह को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ द्वारा कोटा बदलाव का आग्रह स्वीकार करने के बाद ओलंपिक टीम में जगह दी गई है। 32 वर्षीय श्रेयसी बिहार के जमुई से विधायक हैं और वह बिहार की पहली ऐसी एथलीट हैं, जिनका चयन ओलंपिक खेलों के लिए हुआ है।



**श्रेयसी** पेरिस ओलंपिक में ट्रैप स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगी। वह 2018 गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड जीत चुकी हैं।

***इस कारण मिला मौका:*** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने कहा, चूंकि मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया है। हमने आइएसएसएफ से 10 मीटर एयर पिस्टल महिला से एक कोटा ट्रैप महिला से बदलने का आग्रह किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। इस कारण श्रेयसी सिंह को टीम में जगह मिली है।

# पूर्व कोच स्टिमैक ने सवाल उठाए

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** हाल ही में बर्खास्त होने वाले फुटबॉल टीम के पूर्व कोच इगोर स्टिमैक ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। स्टिमैक ने कहा कि भारतीय टीम की हाल की विफलता के लिए महासंघ जिम्मेदार है और उन्हें सिर्फ सत्ता की परवाह है

***सुधार की गुजाइंश कम :*** स्टिमैक ने कहा, मैं भारतीय फुटबॉल में खुले दिल के साथ आया था लेकिन आपकी फुटबॉल कैद में है। मुझे नहीं लगता कि यहां चीजें बेहतर हो सकती हैं। महासंघ के लोग नहीं जानते कि फुटबॉल को कैसे चलाया जाता है और टूर्नामेंट का आयोजन कैसे किया जाता है।

**यूरो कप फुटबॉल 2024** // स्पेनिश टीम ने कड़े संघर्ष में 1-0 से जीत हासिल की, ग्रुप-बी में लगातार दूसरा मैच जीता

# मौजूदा चैंपियन इटली को आत्मघाती गोल पड़ा महंगा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

## स्पेन ने अंतिम-16 में बनाई जगह

**गेल्सेंकिर्चेन (जर्मनी).** मौजूदा चैंपियन इटली को यूरो कप 2024 के दूसरे मुकाबले में अप्रत्याशित हार झेलनी पड़ी। ग्रुप-बी के इस मैच में इटली को स्पेन के खिलाफ आत्मघाती गोल का खामियाजा 0-1 की हार से उठाना पड़ा। इसके साथ ही इटली को यूरो कप में 2016 के बाद पहली हार झेलनी पड़ी थी। इस दौरान इटली ने कुल 10 मैच खेले और सात जीते जबकि तीन ड्रॉ खेले थे। दूसरी तरफ, लगातार दूसरी जीत के साथ स्पेनिश टीम ने अंतिम-16 में स्थान पक्का कर लिया।



इटली के कैलाफियोरी बॉल आत्मघाती गोल को देखते हुए।

***जीत की हैट्रिक बनाई*** स्पेन की टीम ने इटली के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल की और यह कमाल उसने पहली बार किया है। इस मैच से पहले स्पेन ने इटली के खिलाफ यूएफा नेशंस लीग में अक्टूबर 2021 और जून 2023 में 2-1 के अंतर से जीत हासिल की थी।

**55वें मिनट में**

## कैलाफियोरी की गलती से हुआ गोल


**पहला हाफ** गोलरहित रहने के बाद मैच के 55वें मिनट में इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी रिकार्डो कैलाफियोरी बहुत बड़ी गलती कर बैठे। स्पेन के खिलाड़ी विलियम्स के क्रॉस पर मोराटा ने फ्लिक कर दिया। मोराटा के शॉट को गोलकीपर डोनारुम्मा ने रोक दिया लेकिन गेंद उनकी अंगुलियां से लगकर कैलाफियोरी के पास पहुंची और रिबाउंड होकर गोलपोस्ट में चली गई। इस गोल से इटली के खिलाड़ी हतप्रभ रह गए जबकि स्पेनिश टीम के खिलाड़ी खुशी से झूम उठे।

**दमदार आगाज :** अर्जेंटीना की टीम ने आसानी से कनाडा को 2-0 से हराया

# कोपा अमरीका कप : लियोनल मेसी सर्वाधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अटलांटा.** स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने कोपा अमरीका में जीत से आगाज किया और ग्रुप-एक मुकाबले में कनाडा को 2-0 से शिकस्त दी। अर्जेंटीना के लिए जूलियन अल्वारेज (49वें) और लाउटारो मार्टिनेज (88वें) ने एक-एक गोल दागा। लेकिन इस मैच के दौरान अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी ने एक खास रेकॉर्ड अपने नाम किया और वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक 35 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने। वह इस टूर्नामेंट में 2007 से खेल रहे हैं।



कनाडा के खिलाफ मैच के दौरान अर्जेंटीना के लियोनल मेसी।

## लिविंगस्टोन को पीछे छोड़ा

- मेसी ने चिली के पूर्व गोलकीपर सर्जियो लिविंगस्टोन का रेकॉर्ड तोड़ा, ***जिन्होंने 1953 में 34 मैचों के साथ यह रेकॉर्ड बनाया था***
- 36 वर्षीय मेसी कनाडा के खिलाफ मैच के बाद टूर्नामेंट के ***इतिहास में सर्वाधिक 37 गोल अस्सिट करने वाले खिलाड़ी बने***

**पत्रिका पोल**

Q क्या भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी हासिल कर पाएगा?

**कल का सवाल था**

क्या भारत को चीन के साथ सीधी यात्री विमान सेवा शुरू करनी चाहिए?

**जवाब**

54% हां | 46% नहीं

स्कैन करें...

**इंडिया@ शॉर्ट रीड**

## असम बाढ़ से चार लाख लोग प्रभावित

**गुवाहाटी@ पत्रिका.** असम के 19 जिलों में बाढ़ से चार लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। पिछले कई दिन से राज्य में लगातार बारिश से बाढ़ की स्थिति बनी है। कोपिली, बराक और कुशियाला सहित कई प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। प्रभावित जिलों में बाढ़ के पानी से कई तटबंध, सडकें और पुल क्षतिग्रस्त हो गए।

## छत्तीसगढ़ इनामी सहित 9 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर@ पत्रिका.** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को एक लाख रुपए के इनामी नक्सली समेत नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों को बासागुड़ा थाना, उसूर और तर्रेम में अलग-अलग जगह की कार्रवाई में यह सफलता हाथ लगी। ये सभी नक्सली फायरिंग, आईईडी ब्लास्ट, आगजनी, जैसी घटनाओं में शामिल थे।

## दिल्ली इस साल 98 भारतीय हाजियों की मौत

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** सऊदी अरब के मक्का में अब तक 98 भारतीय हजयात्रियों की मौत हो चुकी हैं। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत से एक लाख 75 हजार लोग हज के लिए मक्का गए हैं। इनमें से 98 लोगों की मौत हो गई है। मंत्रालय ने कहा है कि प्राकृतिक कारणों, पुरानी बीमारियों और वृद्धावस्था के कारण हुई हैं। दुनिया भर के कुल 1081 हजयात्रियों की मौत हो चुकी है।

## तमिलनाडु जहरीली शराब से मरने वाले 53 हुए

**कल्लकुरिची@पत्रिका.** कल्लकुरिची में जहरीली शराब त्रासदी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 53 हो गई है। जिला कलक्टर एम.एस. प्रशांत ने शुक्रवार को कहा कि 118 लोगों का इलाज चल रहा है। तीस की हालत गंभीर है। मृत लोगों के शव उनके परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया जारी है। इस बीच जहरीली शराब त्रासदी में गिरफ्तार चार लोगों को 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## दिल्ली प्रियंका गांधी के लिए प्रचार करेंगी ममता

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी वायनाड से उपचुनाव में कांग्रेस की घोषित उम्मीदवार प्रियंका गांधी के लिए प्रचार करेंगी। पार्टी सूत्रों ने उनकी इस इच्छा के बारे में बताया। ममता ने लोकसभा चुनाव से पहले गठबंधन की बैठक में प्रियंका को पीएम मोदी के खिलाफ वाराणसी से उतारने की भी इच्छा जाहिर की थी। हालांकि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ी थी।

**वर्ल्ड@ शॉर्ट रीड**

## अमरीका चीन से अनौपचारिक परमाणु वार्ता

**वाशिंगटन@ पत्रिका.** अमरीका-चीन ने 5 साल में पहली बार अनौपचारिक परमाणु हथियार वार्ता शुरू की है। इसे पहले मार्च में होना था, जिसे अब शुरू किया गया है। अर्ध-सरकारी वार्ता में शामिल दो अमरीकी प्रतिनिधियों ने कहा कि चीन ने अमरीका को आश्वस्त किया है कि वह ताइवान पर परमाणु हमला नहीं करेगा। उधर, ताइवान ने चीन के इस वादे को नकार दिया है।

**अवसर :** राजस्थान सहित 8 राज्यों के राज्यपालों का हो रहा कार्यकाल समाप्त

# युवाओं के लिए रास्ता छोड़ने वाले नेता बढ़ा सकते हैं राजभवन की शोभा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** आलाकमान की मंशा समझ कर लोकसभा चुनाव में नए चेहरों के लिए रास्ता छोड़ने वाले भाजपा नेता राज्यपाल के रूप में राजभवन की शोभा बढ़ाएंगे। जानकार सूत्रों के अनुसार भाजपा के निष्ठावान अनुभवी नेताओं को विभिन्न राज्यों में राज्यपाल बना कर भेजा जा सकता है। इसके अलावा कुछ रिटायर्ड अफसरों को भी राज्यपाल बनाया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि अगले तीन माह में राजस्थान व यूपी सहित आठ राज्यों के राज्यपालों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। नए राज्यपालों के नामों पर मंथन चल रहा है। दरअसल लोकसभा चुनाव में एंटी इंकमबैंसी और नए चेहरों को मौका देने के लिए भाजपा ने करीब 100 सांसदों का टिकट काट दिया था। इनमें मोदी 2.0 सरकार के मंत्री व कुछ अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार जिन अनुभवी नेताओं ने भाजपा नेतृत्व का निर्णय सहर्ष स्वीकार किया और चुनाव में भी जिनकी भूमिका सकारात्मक रही, ऐसे चेहरों को पार्टी राज्यपाल पद दे सकती हैं।



हर्षवर्धन | सदानंद गौड़ा | अश्विनी चौबे

### इनको मिल सकता है मौका

**सूत्रों** के अनुसार पार्टी हलकों में बिहार से पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, कर्नाटक से पूर्व सीएम डीवी सदानंद गौड़ा, उत्तर प्रदेश से पूर्व मंत्री वीके सिंह तथा दिल्ली से पूर्व मंत्री डॉ.हर्षवर्धन को राजभवन भेजे जाने की चर्चा है। इनके अलावा तमिलनाडु से पार्टी नेता पी.राधाकृष्णन को भी राज्यपाल बनाया जा सकता है।

**इन राज्यपालों का हो रहा कार्यकाल समाप्त :** आनंदीबेन पटेल (उत्तर प्रदेश), कलराज मिश्र (राजस्थान), आचार्य देवव्रत (गुजरात), बंडारू दत्तात्रेय (हरियाणा),रमेश बैस (महाराष्ट्र), अनसुइया उइके (मणिपुर), फागूसिंह चौहान(मेघालय) और आरिफ मोहम्मद खान (केरल)। इसके अलावा पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया है।

### आरिफ को फिर मौका?

**पार्टी** सूत्रों के अनुसार केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है या उन्हें अन्य किसी राज्य में मौका दिया जा सकता है। पार्टी नेताओं का मानना है कि खान केरल की वामपंथी सरकार के राजनीति और वैचारिक आधारित फैसलों को मजबूती से उजागर कर जनता के सामने लाए हैं।

**प्रोटेम स्पीकर**

## सरकार-विपक्ष आमने सामने

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली .** नई लोकसभा के सोमवार से शुरू हो रहे सत्र की तैयारी जोर-शोर से चल रही हैं। इस सत्र में सभी सांसद शपथ लेंगे। स्पीकर का चुनाव 26 जून को होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में अभिभाषण होगा। वहीं इससे पहले प्रोटेम स्पीकर के पद पर भाजपा सांसद भर्तहरि महताब की नियुक्ति पर सरकार व विपक्ष आमने-सामने हो गए हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सरकार पर प्रोटेम स्पीकर बनाने में संसदीय परंपरा तोड़ने का आरोप लगाया है। वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस की आपत्ति को अनुचित ठहराया है। प्रोटेम स्पीकर राष्ट्रपति से शपथ लेने के बाद सोमवार को सबसे पहले अपने पांच सहयोगी सांसदों व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सांसद पद की शपथ दिलाएंगे।

## चीन बाढ़ के कीचड़ में सन गए गांव



**लोंगयान.** फुजियांग के एक बाढ़ प्रभावित गांव में बचावकर्मी। दक्षिणी चीन के कई इलाकों में भारी बारिश के बाद बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है।

## 'ट्रंप कार्ड' : विदेशी छात्रों को देंगे ऑटोमैटिक अमरीकी नागरिकता

**वाशिंगटन@पत्रिका.** अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा है कि वे अमरीकी कॉलेजों से स्नातक कर रहे विदेशी स्टूडेंट को ऑटोमैटिक रूप से ग्रीन कार्ड यानी अमरीकी नागरिकता देना चाहते हैं। आमतौर पर आप्रवासी विरोधी बयानबाजी करते रहने ट्रंप की यह घोषणा चौंकाने वाली है। ट्रंप से 'ऑल-इन' नामक एक पॉडकास्ट में कंपनियों द्वारा बेहतर और प्रतिभाशाली लोगों को अमरीका बुलाने के प्लान के बारे में पूछा गया था, जिसका जवाब देते हुए उन्होंने ये बात कही। ट्रंप राष्ट्रपति बनते हैं और अपने बयान पर कायम रहते हैं तो भारतीयों को भी इसका फायदा होगा।



**राजगढ़ (मप्र).** राजगढ़ के जालपा मंदिर सहित कई मंदिरों में चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनसे 6 लाख का सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस इन्हें जालपा मंदिर ले गई, जहां उन्होंने माफी मांगते हुए भविष्य में कभी चोरी न करने का संकल्प लिया।

# ग्लोबल वार्मिंग से जानलेवा गर्मी की आशंका 35 गुना बढ़ी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** जलवायु वैज्ञानिकों के एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क ने कहा कि जानलेवा गर्मी की आशंका ग्लोबल वार्मिंग के कारण 35 गुना अधिक हो गई है। वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन ने मैक्सिको सहित कुछ इलाकों के अध्ययन के आधार पर यह बात कही। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वर्ष अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा है और उत्तरी गोलार्ध में ग्रीष्म ऋतु के आने से पहले ही विश्व के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी पड़ने लगी।

### ऐसे की स्टडी

डब्ल्यूडब्ल्यूए ने 'हीट डोम' में लगातार पांच सबसे गर्म दिन और रातों का विश्लेषण किया, जो मई के अंत और जून के आरंभ में दक्षिण-पश्चिमी अमरीका, मेक्सिको, ग्वाटेमाला, बेलीज, अल साल्वाडोर और होंडुरास में रहा। वैज्ञानिकों ने निष्कर्ष दिया कि जीवाश्म ईंधन जलने से गर्मी बढ़ी है।



### भविष्य में और बढ़ेगा खतरा

**रेकॉर्ड** तोड़ गर्मी के कारण हजारों लोग हीट स्ट्रोक से पीड़ित हो जाते हैं। यह स्थिति तब आती है जब शरीर को ठंडा रखने वाली आंतरिक शीतलन प्रणाली विफल होने लगती है। दूसरी ओर, विश्व में जीवाश्म ईंधनों का उपयोग व जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देने वाली ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन जारी है, ऐसे में खतरनाक स्तर की गर्मी बढ़ सकती है।

संभवत: हम गर्मी से संबंधित मौतों की पूरी तस्वीर नहीं जानते हैं, क्योंकि आमतौर पर उनकी पुष्टि और रिपोर्ट घटना के महीनों बाद ही की जाती है, वह भी दर्ज होने पर ही।

**रेमन,** शोधकर्ता, डब्ल्यूडब्ल्यूए

### सरकारें उठाएं संवेदनशील कदम

**डब्ल्यूडब्ल्यूए** की रिपोर्ट के अनुसार उत्सर्जन को कम करने के साथ-साथ सरकारों और शहरों को गर्मी के प्रति अधिक संवेदनशील कदम उठाने की जरूरत है क्योंकि बच्चे, बुजुर्ग और बाहर काम करने वाले लोग विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं। अत्यधिक गर्मी से बिजली आपूर्ति की स्थिरता को भी खतरा होता है, जो स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के कामकाज के लिए महत्त्वपूर्ण है।

### संकट से मजबूत लड़ाई चाहते हैं लोग

**विश्व** में हर पांच में से एक व्यक्ति चाहता है कि उनका देश जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को मजबूत करे। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी व जियोपोल के एक सर्वेक्षण से यह खुलासा हुआ है। 77 देशों के 75000 लोगों पर हुए सर्वे में 80 प्रतिशत उत्तरदाता चाहते थे कि उनकी सरकारें ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने के प्रयास बढ़ाएं।




Ahmedabad, Ajmer, Anand, Bharuch, Bhavnagar, Bhopal, Gandhidham, Gandhinagar, Hyderabad, Indore, Jaipur, Jamnagar, Jodhpur, Junagadh, Kota, Mehsana, Morbi, Navsari, Palanpur, Pune, Raipur, Rajkot, Surat, Udaipur, Vadodara, Valsad, Vapi

Shop online on jadeblue.com and for the widest range of kurtas on thekurtacompany.com

JADE BLUE
INDIA'S LEADING PREMIUM MENSWEAR STORE

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सेक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।
सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी''